*

ओड़िशा संस्करण

18 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 29

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


खरना आज











# छठ शुरू, सूर्योपासना में डूबे लोग

- नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व
- खरना आज, इसके बाद शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला उपवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सूर्योपासना का महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। इस पर्व का समापन 20 नवंबर को होगा। चार दिनों तक चलने वाली छठ पूजा का पहला दिन नहाय-खाय का होता है। दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन प्रातःकालीन अर्घ्य देकर इसका समापन होता है। 17 नवंबर को व्रतियों ने कद्दू-भात खाकर इस व्रत का संकल्प लिया। अब शनिवार दिन भर उपवास रख कर शाम को व्रती खरना का प्रसाद ग्रहण करेंगे। उसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा, जिसका समापन 20 नवंबर को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा।

छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है।

सनातन धर्म में यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस पर्व में आस्था रखनेवाले लोग साल भर इसका इंतजार करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि और उसकी दीर्घायु के लिए किया जाता है। छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से हो जाती है, जिसका समापन सप्तमी तिथि को प्रातः सूर्योदय के समय अर्घ्य देने के बाद होता है। झारखंड-बिहार और पूर्वांचल में इस पर्व को पूरी आस्था से मनाया जाता है।



## छठ पूजा में कब क्या होगा

### 18 नवंबर: खरना

खरना यानी लोहंडा छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। दिन भर उपवास कर व्रती गाय के दूध, गुड़ और चावल का खीर पकायेंगे। शाम को भोग लगाने के बाद वे इस प्रसाद को ग्रहण करेंगे और फिर उनका निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा।

### 19 नवंबर : डूबते सूर्य को अर्घ्य

छठ पूजा का तीसरा दिन संध्या अर्घ्य का होता है। इस दिन छठ पर्व की मुख्य पूजा की जाती है। तीसरे दिन व्रती और उनके परिवार के लोग घाट पर आते हैं और डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं।

### 20 नवंबर: उगते सूर्य को अर्घ्य

चौथा दिन छठ पर्व का अंतिम दिन होता है। इस दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और इस महाव्रत का पारण किया जाता है।

## सीएम का व्रतियों को सभी सुविधाएं देने का निर्देश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी छठ घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया है। सीएम ने शुक्रवार को रांची के कांके डैम और हटनिया तालाब में छठ घाट की साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को यह निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने नदी, तालाबों, डैमों और अन्य जलाशयों में जलस्तर और गहराई वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने को कहा है। साथ ही सभी घाटों पर विद्युत व्यवस्था भी करने को कहा है। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि व्रतधारियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान उनके सचिव विनय कुमार चौबे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार मौजूद रहे।



## चीफ जस्टिस ने होटवार जेल का किया निरीक्षण

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान चीफ जस्टिस के साथ हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल एवं झालसा के सदस्य सचिव भी मौजूद थे। चीफ जस्टिस सुबह 11:30 बजे जेल पहुंचे थे। बता दें कि चीफ जस्टिस की कोर्ट में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से संबंधित एक मामले सुनवाई चल रही है। जेल में कैदियों की मेडिकल सुविधा, स्वच्छता और लीगल सर्विसेज आदि की उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी लेने और उसका निरीक्षण करने चीफ जस्टिस जेल पहुंचे थे। चीफ जस्टिस जेल में करीब एक घंटे तक रहे। इस दौरान उन्होंने जेल के डॉक्टरों एवं कैदियों से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कैदियों को मिलनेवाले खानपान के विषय में भी जानकारी ली। चीफ जस्टिस के साथ गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, आइजी जेल उमाशंकर सिंह के अलावा बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर भी मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला, जवान शहीद

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर मतदान शुक्रवार शाम खत्म हो गया। शाम पांच बजे तक 70 सीटों पर 67.34% वोटिंग हुई। गरियाबंद की बिंद्रानवागढ़ में नक्सलियों ने पोलिंग पार्टी पर हमला कर दिया। इस दौरान आइइडी ब्लास्ट में आइटीबीपी का एक जवान शहीद हो गया। वहीं, बलौदाबाजार में मतदान की लाइन में लगी एक महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गयी। 2018 के आंकड़ों की बात करें, तो पिछली बार की अपेक्षा इस बार 70 सीटों पर 7.83% कम मतदान हुआ। 2018 में इन सीटों पर 75.17% वोटिंग हुई थी। इस बार सबसे कम वोटिंग 58.83% रायपुर में और सबसे ज्यादा धमतरी में 79.89 प्रतिशत मतदान हुआ। बिंद्रानवागढ़ के नक्सल प्रभावित नौ बूथों पर 91% वोटिंग हुई है। मतदान के नतीजे तीन दिसंबर को आयेंगे।

### हरियाणा के लोगों को निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण खारिज

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने हरियाणा सरकार के स्थानीय लोगों को निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण देने के प्रावधान को खारिज कर दिया है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य स्थानीय उम्मीदवारों के रोजगार अधिनियम-2020 को असंवैधानिक ठहरा दिया। हाइकोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार का यह एक्ट अत्यंत खतरनाक और संविधान के भाग-3 का उल्लंघन है। हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई वाली सरकार ने साल 2020 में यह कानून बनाया था। इसका नोटिफिकेशन 2021 में जारी किया गया था। इसमें हरियाणा में लगने वाली इंडस्ट्रीज में इस एक्ट के जरिये स्थानीय लोगों को 75% आरक्षण देने का प्रावधान लागू किया गया था।

# मांडर में असामाजिक तत्वों ने मंदिर में की तोड़फोड़

## मूर्तियां क्षतिग्रस्त, आक्रोशित ग्रामीणों ने सात घंटे तक एनएच जाम किया

- एसडीओ-सिटी एसपी के आश्वासन के बाद जाम हटा
- मूर्ति तोड़नेवाले राक्षस हैं, उनकी गिरफ्तारी और सजा सुनिश्चित की जाये: बिंदु भूषण दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/मांडर।** जिले के मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा में असामाजिक तत्वों ने बूढ़ा महादेव मंदिर में स्थापित शिवलिंग को खंडित कर दिया। वहां स्थापित ग्राम देवी सप्तशती माता की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। मंदिर में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति को तोड़ दिया। मूर्तियों को देखने से लगता है कि छेनी और हथौड़ी से वार कर उन्हें खंडित किया गया है। यह घटना गुरुवार देर रात की बतायी जा रही है। सुबह होते-होते यह खबर आग की तरह मांडर और मुड़मा इलाके में फैल गयी। देखते ही देखते सुबह छह बजे हजार की संख्या में महिलाएं-पुरुष घटनास्थल पर एकत्रित हो गये। मूर्ति तोड़नेवालों को गिरफ्तार करो, उन्हें फांसी दो के नारे के साथ ग्रामीणों ने एचएन 75 को जाम कर दिया। कुछ जगहों पर टायर जला कर ग्रामीणों ने अपने गुस्से का इजहार किया। कुछ ग्रामीणों और खासकर महिलाओं की आंखों में आंसू थे, तो पुरुष और युवा काफी आक्रोशित थे। ग्रामीणों ने मौके पर जय प्रयाग धाम गुटुवा चोरया, रांची श्री पंचमुखी गणेश मंदिर के अध्यक्ष सह संस्थापक बिंदू भूषण दुबे को बुलाया। श्री दुबे वहां पहुंचे और ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गये। प्रदर्शकारी मूर्ति को खंडित करनेवाले असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी और कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। स्थानीय पुलिस के समझाने का कोई असर ग्रामीणों पर नहीं हुआ। इस बीच सूचना पाकर रांची के एसडीओ दीपक दुबे और ग्रामीण एसपी मुड़मा पहुंचे। उन्होंने मौके पर उपस्थित बिंदु भूषण दुबे से बातचीत की। बिंदु भूषण दुबे ने कहा कि मूर्ति को खंडित करनेवाले इंसान नहीं हो सकते। वे राक्षस हैं और राक्षसों को हर हाल में गिरफ्तार किया जाना चाहिए। बातचीत में ग्रामीणों की तरफ से बिंदू भूषण दुबे ने ग्रामीणों की मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। उसमें पहली मांग यह है कि क्षतिग्रस्त मंदिर का जिला प्रशासन की ओर से पुनर्निर्माण कराया जाये। घृणित काम करनेवाले असामाजिक तत्वों की 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी हो। प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी। यह भी मांग की गयी कि विरोध प्रदर्शन में शामिल किसी व्यक्ति के ऊपर किसी तरह का केस-मुकदमा नहीं होगा। बातचीत में रांची के एसडीओ दीपक दुबे ने यह आश्वासन दिया कि शनिवार दोपहर तक वह वरीय अधिकारियों से बातचीत कर मांगों के संबंध में हुए निर्णय से ग्रामीणों को अवगत करायेंगे। उन्होंने और ग्रामीण एसपी ने यह भी आश्वासन दिया कि हर हाल में जल्द से जल्द असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी। उनके आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन शनिवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया। बिंदु भूषण दुबे ने बताया कि शनिवार दिन के दो बजे मुड़मा मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक बुलायी गयी है। इस बैठक में आगे के विरोध प्रदर्शन-आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी। जाम की वजह से काफी संख्या में वाहन फंस गये। रांची का मांडर इलाका सब्जी और इख का बड़ा बाजार है। छठ महापर्व को लेकर बड़े पैमाने पर इख, कद्दू और दूसरे सामान लेकर विक्रेता अपने-अपने घरों से रांची के लिए निकले थे, लेकिन सड़क जाम होने की वजह से सभी रास्ते में ही फंस गये।





# टनल हादसा: रास्ते में चट्टान मिलने से राहत अभियान में बाधा

- ऑगर मशीन को विश्राम दिया गया
- इंदौर से नयी मशीन देहरादून पहुंची

आजाद सिपाही संवाददाता

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल में निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल धंसने से छह दिन से 40 मजदूर फंसे हैं। शुक्रवार 17 नवंबर को दो मजदूरों की तबीयत बिगड़ गयी। ड्रिलिंग में लगी ऑगर मशीन को विश्राम दिया गया है। बचाव अभियान को जारी रखने के लिए इंदौर से नयी ऑगर मशीन मंगवाई गयी है। यह शाम साढ़े पांच बजे देहरादून पहुंची। यहां से इसे सड़क के रास्ते उत्तरकाशी तक आने में 10-12 घंटे लगेंगे, यानी अब यह शनिवार सुबह से काम कर पायेगी। ड्रिलिंग के काम में लगी अमेरिकन हैवी ऑगर मशीन के रास्ते में चट्टान आने से दोपहर 12 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन दो घंटे तक बंद रहा। इसके बाद ठीक से काम नहीं हो सका। ड्रिलिंग मशीन के सामने मलबे में आयी चट्टान मुसीबत बनी हुई है। चट्टान से बचाव की गति धीमी हो गयी। बचाव के लिए मशीन के सहारे जिस पाइप को डाला गया, वह बहुत धीरे-धीरे आगे बढ़ पा रहा है। मशीन ने शुक्रवार सुबह 12 बजे तक 30 मीटर तक ड्रिल कर लिया था, लेकिन इसमें पाइप 24 मीटर से कुछ ज्यादा ही जा सका। मशीन को कुल 60-70 मीटर तक ड्रिलिंग करनी है।

टनल में फंसे 40 मजदूरों में जिन दो की तबीयत खराब हुई है, उनमें एक को अस्थमा जबकि दूसरे को डायबिटीज है। खाना-पानी भेजने वाले पाइप से इनकी दवाई नियमित भेजी जा रही है। यही नहीं, अंदर फंसे लोगों की बात उनके परिजनों और बचाव में लगे अफसरों से सुबह-शाम करवायी जा रही है। टनल के अंदर मजदूरों को खाने के लिए भुने और अंकुरित चने, बिस्किट, ड्राई फ्रूट और चिप्स भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्लूकोज और पानी की सप्लाई भी की जा रही है। टनल के अंदर फंसे मजदूरों के परिजन भी शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंचे। टनल में फंसे कुछ लोगों के पास फोन थे, जो अब डिस्चार्ज हो गये हैं। कुछ वॉकी-टॉकी सेट हैं, जिनकी मदद से उन्हें हिम्मत बंधायी जा रही है कि जल्द ही उन्हें बचा लिया जायेगा। उत्तरकाशी एसपी अभिषेक रोहिल्ला ने टनल के आसपास पुलिस को पीछे करके आइटीबीपी के जवानों को तैनात किया है। ऑगर मशीन के आने के बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की दो सौ लोगों की टीम का काम कम हो गया है।



# ग्लोबल हो रहे हैं हमारे त्योहार: मोदी

- छठ अब दुनिया भर में पूरी आस्था से मनायी जाती है
- कोविड के बाद पहली बार दीपावली का आनंद आया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में दिवाली मिलन समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि छठ पूजा उत्सव ग्लोबल हो गया है। हमारे त्योहार अब ग्लोबल हो रहे हैं। दुनिया बेहद कठिन दौर से गुजरी है। मानव जाति के इतिहास में कोविड काल बेहद दर्दनाक है, जिसकी वजह से कई चीजें बदली हैं। कोविड के बाद पहली बार त्योहार का आनंद आया है। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को लोगों का समर्थन मिला है। इस एक सप्ताह में 4.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का करोबार हुआ है। यह देश के लिए बहुत बड़ी बात होती है। इससे हर छोटे-मोटे व्यक्ति की कमाई होती है। मैं इसी ताकत के आधार पर कहता हूं कि हम 'विकसित भारत' के संकल्प को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एआइ के जमाने में जिस प्रकार से डीपफेक फैल रहा है, वह एक बड़ा संकट है। यह समाज में असंतोष की आग भी बहुत तेजी से फैला सकता है। इस बारे में हमारे कार्यक्रमों के जरिये लोगों को शिक्षित करें कि डीपफेक है क्या, कितना बड़ा संकट पैदा कर सकता है और इसके प्रभाव क्या हो सकते हैं, उसको उदाहरणों के साथ लोगों को बताया जाये।

पीएम मोदी ने कहा कि दांडी यात्रा पर भारत की मीडिया का ध्यान बहुत कम गया था। भारत में उस वक्त जो भी मीडिया पैदा हुई थी, वह सिर्फ देश की आजादी के लिए पैदा हुई थी, अंग्रेजों के खिलाफ जंग के लिए भी तैयार थी। उसे दांडी यात्रा की ताकत नजर नहीं आयी थी। बाद में जब एक विदेशी पत्रकार ने दांडी यात्रा पर खबर लिखी, तो उसने सबको चौकन्ना कर दिया। दांडी यात्रा से ऐसी क्रांति आयी, जिसने देश में विश्वास पैदा किया कि अब आजादी लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अनुभव कर रहा हूं कि छोटी आयु के कुछ पत्रकारों को खोया है। इसलिए 40 के बाद मेडिकल चेकअप होना चाहिए। हम और मीडिया के साथी मिल कर हेल्थ चेकअप को लेकर अगर कुछ बना सकें, तो अच्छा रहेगा।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,700 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# मोदी की झारखंड यात्रा ने फिर सामने किया कांग्रेस का चेहरा

## ■ सीएम हेमंत सोरेन के शालीन व्यवहार ने सियासत का नया अध्याय शुरू किया

## ■ कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रिया ने यात्रा से बने माहौल को ही प्रदूषित कर रख दिया

## ■ इस तरह के रवैये से तो अपना ही नुकसान कर बैठेगी देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की रांची-खूंटी यात्रा के दौरान सियासत के कई रंग देखने को मिले। इन रंगों में एक तरफ जहां एक राजनीतिक विरोधी द्वारा प्रधानमंत्री की यात्रा से राज्य के लाभ को जोड़ने की गंभीर कोशिश की गयी, तो दूसरी तरफ एक अन्य राजनीतिक विरोधी ने देश के शासन प्रमुख के बारे में अपनी स्थापित लीक से हटने से इनकार कर दिया। यहां बात हो रही है झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की, जिनके रुख ने एक साथ कई सवालों को जन्म दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धरती आबा को नमन करने उलिहातू आये थे और इस दौरान उन्होंने कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरुआत की। उनकी इस यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमेशा साथ रहे, जबकि झारखंड की सत्ता में झामुमो की सहयोगी कांग्रेस ने पीएम के खिलाफ एक बार फिर तीखी टिप्पणी कर अपना विरोधी चेहरा उजागर कर दिया। आज प्रधानमंत्री की झारखंड यात्रा के दो दिन बाद जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शालीन व्यवहार की चौतरफा तारीफ हो रही है, वहीं कांग्रेस की यह कह कर आलोचना हो रही है कि इस पार्टी का एकमात्र एजेंडा 'मोदी विरोध' ही है। झारखंड कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की यात्रा पर जिस तरह की प्रतिक्रिया दी है, उससे एक बात तो साफ हो ही गयी है कि देश की इस 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' के लिए 'मुहब्बत की दुकान' और 'जनोन्मुखी राजनीति' के तमाम दावे केवल हवा-हवाई ही हैं। प्रधानमंत्री की झारखंड यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस की प्रतिक्रिया का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 और 15 नवंबर को झारखंड के दौरे पर थे। रांची में उन्होंने रोड शो किया और अपने कार्यकाल में तीसरी बार रात्रि विश्राम किया। अगले दिन, यानी धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस के दिन वह पहले बिरसा स्मृति संग्रहालय गये और फिर भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातू में उस मिट्टी को नमन करने पहुंचे। पीएम मोदी ने बाद में खूंटी में जनसभा को संबोधित किया और कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरुआत की, जिनका लाभ झारखंड समेत पूरे देश को होगा।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा राजनीतिक थी या नहीं, इस पर विवाद हो सकता है, लेकिन इस यात्रा ने राजनीति के जिस नये रंग से झारखंड के कैनवास को भरा है, उसकी जितनी भी तारीफ की जाये, कम है। लेकिन अफसोस इस बात का है कि इस नये रंग की सुंदरता को देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने बदरंग कर दिया है। पीएम मोदी की यात्रा को एक तरफ राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यहित के रूप में लिया और साये की तरह उनके साथ बने रहे, जबकि सत्ता में उनकी सहयोगी कांग्रेस ने पीएम की यात्रा की आलोचना करते हुए उनके प्रति जिन शब्दों का इस्तेमाल किया, उससे पूरी पार्टी की छवि पर असर पड़ा है।

### पीए मोदी के साथ रहे हेमंत सोरेन

पीएम मोदी की यात्रा के दौरान झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन साये की तरह उनके साथ रहे। 14 नवंबर की रात रांची में पीएम मोदी के रोड शो को छोड़ दें, तो उनके सभी कार्यक्रमों में हेमंत सोरेन न सिर्फ उपस्थित रहे, बल्कि वह बेहद गर्मजोशी के साथ मेजबानी-अगवानी में जुटे रहे। इस दौरे में पीएम मोदी और सीएम सोरेन के बीच नये किस्म की 'केमिस्ट्री' दिखी। इसके सियासत के गलियारे में उसके निहितार्थ जरूर तलाशे जा रहे हैं, लेकिन जिस एक बात की चौतरफा तारीफ हो रही है, वह है सीएम हेमंत सोरेन का शालीन व्यवहार। प्रधानमंत्री का यह सरकारी दौरा था और इस लिहाज से उनके कार्यक्रमों में सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी बेशक प्रोटोकॉल का हिस्सा थी, लेकिन दोनों ने एक-दूसरे के प्रति जिस तरह सदाशय भाव-भंगिमाएं प्रदर्शित कीं, वह चर्चा का विषय बन गयी हैं।



### हेमंत के व्यवहार की हो रही चौतरफा तारीफ

हेमंत सोरेन और सीएमओ ने पीएम के दौरे पर उनके स्वागत, अभिनंदन और आग्रह को लेकर सोशल मीडिया पर कुल सात ट्वीट किये। सियासी हलकों में चर्चा है कि हाल के दिनों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रधानमंत्री मोदी के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश में लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 नवंबर की रात करीब 9.30 बजे विशेष विमान से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। उनके आगमन से करीब एक घंटे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनकी अगवानी के जिउ एयरपोर्ट पर पहुंचे। उन्होंने पीएम को गुलदस्ता देकर दोनों हाथ जोड़े तो पीएम मोदी ने बेहद गर्मजोशी से उनके जुड़े हुए हाथों को अपने हाथ में ले लिया। 15 नवंबर की सुबह राजभवन में पीएम मोदी की मौजूदगी में युद्धक विमान मिग-21 का अधिष्ठापन का कार्यक्रम था। यहां भी हेमंत सोरेन की गर्मजोशी भरी मौजूदगी रही। इसके बाद रांची में बिरसा मेमोरियल म्यूजियम के परिभ्रमण और 15 नवंबर को खूंटी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हेमंत सोरेन और प्रधानमंत्री की एक-दूसरे से गुफ्तगू की हंसती-मुस्कुराती तस्वीरें सामने आयीं।

इतना ही नहीं, उलिहातू में हेमंत ने पीएम को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर और प्रतिमा भी भेंट की। खास बात यह कि पीएम मोदी और सीएम सोरेन दोनों अपने संबोधनों में संयत और संतुलित रहे। दोनों ने कोई ऐसी बात नहीं कही, जो एक-दूसरे को नागवार लगे। वर्ष 2019 में जबसे झारखंड में हेमंत सोरेन की अगुवाई में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की सरकार बनी है, केंद्र और राज्य सरकार के रिश्तों में लगातार तल्खियां दिखती रही हैं, लेकिन इस बार मोदी के दो दिवसीय दौरे में सब कुछ सामान्य से 'बेहतर' रहा।

सीएम हेमंत ने 15 नवंबर को पीएम को संबोधित पोस्ट में लिखा, माननीय प्रधानमंत्री जी, झारखंड कई मायनों को लेकर आगे बढ़ा है। चाहे खनिज संपदा हो, चाहे खिलाड़ियों को लेकर हो, या किसी अन्य विषय को लेकर हो। प्रधानमंत्री जी, हम यह आग्रह करना चाहेंगे कि यहां बड़े पैमाने पर आदिवासी जो जंगलों में बसते हैं, उन्हें विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है। खनिज संपदाओं को निकालने के लिए बड़े पैमाने पर कई वर्षों से इनका विस्थापन होता रहा है। मैं आशा और उम्मीद करूंगा कि इस क्षेत्र में बसने वाले लोगों के प्रति भी ऐसी विशेष कार्ययोजना तैयार की जाये, जहां हमारे आदिवासी भाई-बहन अपने जल-जंगल-जमीन के साथ अपने आपको समग्र विकास की कड़ियों से जोड़ सकें। उलिहातू की इस पावन भूमि में आप पहली बार आये हैं। इसी आशा उम्मीद के साथ कि आज के कार्यक्रम से आदिवासी समाज आगे बढ़े, आपको कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं। जय हिंद! जय झारखंड! जोहार!

### कांग्रेस के स्टैंड ने करायी पार्टी की किरकिरी

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को लेकर कांग्रेस के स्टैंड ने राजनीति के खुशनुमा रंग को बदरंग कर दिया है। पीएम की यात्रा के दौरान झारखंड कांग्रेस के नेताओं ने जिस तल्ख अंदाज में निशाना साधा, उसने आम लोगों में यही संदेश दिया है कि कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा 'मोदी विरोध' ही है। 15 नवंबर को जब पीएम मोदी उलिहातू में थे, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और ग्रामीण विकास मंत्री-सह-विधायक दल के नेता आलमगीर आलम रांची में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इन दोनों नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कहना उचित नहीं कि राज्य जल्द ही 25 साल का होनेवाला है। राज्य सरकार को 25 जन उपयोगी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के 25 साल पूरे होने से पहले ही 25 नहीं, बल्कि 38 जन उपयोगी योजनाएं चलायी जा रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ घोषणा ही करते हैं। जमीन पर कहीं भी उनकी घोषणा का क्रियान्वयन नजर नहीं आता है। मोदी विरोध की रौ में उन्होंने यहां तक कह दिया कि प्रधानमंत्री पड़ोसी राज्यों में हो रहे चुनाव में आदिवासियों को प्रभावित करने के उद्देश्य से झूठी घोषणाएं करने झारखंड आये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच राज्यों के चुनाव छोड़ भगवान बिरसा मुंडा की धरती में आकर एक बार फिर लोगों के आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रहे हैं। राजेश ठाकुर ने अपने प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री के बारे में काफी तल्ख टिप्पणी की। राजेश ठाकुर यहीं नहीं रुके। उन्होंने तो मंच पर बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति पर भी सवाल उठा दिया, लेकिन शायद राजेश ठाकुर भूल गये कि राज्य सरकार की ओर से होनेवाले कार्यक्रमों में कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे और वह स्वयं शामिल होते रहे हैं, आखिर किस हैसियत से। सवाल तो उनसे भी लोग पूछ ही सकते हैं।

### कांग्रेस को होगा सियासी नुकसान

पीएम मोदी के इस अंध विरोध का नुकसान कांग्रेस को उठाना पड़ सकता है। कांग्रेस नेताओं को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री किसी एक दल का नहीं होता, बल्कि पूरे देश का होता है। ऐसे में राज्य और देशहित में पीएम द्वारा किये जा रहे कार्यों की तथ्यपरक आलोचना तो ठीक है, लेकिन यदि उस आलोचना में शब्दों की सीमाओं का उल्लंघन हो, तो इसका सियासी नुकसान अवश्यंभावी है।

## राजनीतिक हलचल

### अबकी बार 75 पार, मतदान के बाद बोले सीएम बघेल



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज के लिए वोटिंग शुक्रवार हो चुकी है। सीएम भूपेश बघेल ने अपने परिवार के साथ पाटन विधानसभा सीट के कुरुदडीह में मतदान किया। वोट डालने के बाद सीएम भूपेश बघेल मुस्कुराते हुए बाहर आये। उन्होंने राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया। भूपेश बघेल ने कहा कि हम 75 से ज्यादा सीटें जीतने जा रहे हैं। यहां लड़ाई एकतरफा है, कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। आगे सीएम बघेल ने यह भी कहा कि हमने किसानों के लिए, महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, मजदूरों के लिए जो गारंटी दी है, उस गारंटी का नतीजा है कि बूथों में लोग बढ़-चढ़कर आ रहे हैं। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि मैंने चुनाव से पहले 75 सीटों का लक्ष्य रखा था। हम उसमें कायम हैं। सीएम ने कहा कि सरकार की योजनाओं पर लोगों को पूरा विश्वास है। उन्होंने इशारों में यह बता दिया है कि इस बार का चुनाव किसके चेहरे पर हुआ है। हालांकि सीएम कौन बनेगा, इस सवाल का जवाब पार्टी हाइकमान पर छोड़ा है।

### मध्यप्रदेश मतदानः कहीं 30 इंच के नये वोटर ने डाला वोट, तो कहीं पैरों से निभाया कर्तव्य

मध्यप्रदेश में मतदान के दिन अनोखी तस्वीरें सामने आयीं। मतदाता हाथ नहीं होने पर भी कर्तव्य से चूके नहीं, पैरों की मदद से वोट डाला, तो कहीं 30 इंच के मतदाता सुर्खियों में हैं। मंडला जिले के खंडदेवरा गांव के नन्हे मतदाता कैलाश ठाकुर पहली बार मतदान करने पहुंचे। कैलाश महज 30 इंच के हैं और कक्षा 9वीं तक पढ़ाई की है। पहली बार मतदान करके वह काफी उत्साहित नजर आये। दूसरी तस्वीर इंदौर से आयी थी, जहां पैरों से मतदान किया गया। पैरों पर स्याही लगायी गयी। पैरों से हस्ताक्षर किये गये। इंदौर की विधानसभा क्रमांक दो में ये नजारा देखने को मिला। दोनों हाथ नहीं होने के बाद भी अपना काम खुद करने वाले विक्रम अग्निहोत्री ने वोट डाला। उनका कहना है कि मतदान करना बहुत जरूरी है। मैं हमेशा मतदान करता हूं। उन्होंने लोगों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। वहीं सीहोर के ग्राम मुगीसपुर में साढ़े तीन फीट के 56 वर्षीय मतदाता समीउल्लाह ने मतदान किया और सभी से मतदान करने की अपील की।

### 19 साल तक मुख्यमंत्री रहने के बाद विशेष राज्य की मांग नीतीश कुमार की विफलता का सबूतः चिराग पासवान


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक बार फिर से विशेष राज्य के दर्जे की मांग को लेकर अभियान चलाने की घोषणा के बाद प्रदेश की सियासत गर्म है। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और सांसद चिराग पासवान ने शुक्रवार को नीतीश पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि इतने सालों तक बिहार का मुख्यमंत्री रहने के बाद विशेष राज्य के दर्जा की मांग करना सीएम की नाकामी को दर्शाता है। चिराग पासवान ने कहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री को शर्म आनी चाहिए। 19 साल मुख्यमंत्री रहने के बावजूद अगर विशेष राज्य के दर्जा के लिए मुहिम चलाना पड़े, तो यह सरकार की विफल नीतियों को दर्शाता है।



उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर क्यों नहीं 19 सालों में बिहार को इतना सक्षम बनाया, ताकि बिना किसी के आगे हाथ फैलाए बिहार को आगे बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोई एक भी ऐसी योजना बता दें, जिससे बिहार का राजस्व बढ़ा हो। उन्होंने महागठबंधन के नेताओं को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि न सिर्फ मुख्यमंत्री, बल्कि पूरे गठबंधन को शर्म आनी चाहिए। 34 वर्षों तक राज करने के बाद आज विशेष दर्जा की याद आयी है। 34 साल में भी सरकार बिहार की अर्थव्यवस्था को इतना आगे नहीं बढ़ा सकी कि राज्य आत्मनिर्भर बन सके।

### राहुल ने गहलोत-पायलट की एकता को लेकर खेला बड़ा दांव

राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर महज 8 दिन शेष रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां जोर आजमाइश में लगी हैं। इधर राहुल गांधी ने पहले पायलट और गहलोत के बीच चल रहे सियासी विवाद को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस एक है और एकजुट होकर कांग्रेस जीत हासिल करेगी। राहुल गांधी के इस सियासी दांव को लेकर नयी बहस छिड़ गयी है। सियासत में राहुल गांधी के इस दांव को लेकर कई मायने निकाले जा रहे हैं। जहां गहलोत गुट अपने हिसाब से इस बयान का मायने निकाल रहा है, वहीं पायलट गुट भी राहुल गांधी के इस संकेत का अलग मतलब निकाल रहा है। सियासत में यह सवाल उठ रहा है कि राहुल गांधी की एकता का यह संदेश कारगर साबित होगा? क्या एकजुटता दिखाने वाली यह तस्वीर कांग्रेस में वाकई में जान फूंक पायेगी। सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा हो रही है कि विधानसभा चुनाव के महज कुछ दिन पहले राहुल गांधी के इस एकजुटता वाले संदेश की अचानक क्या जरूरत पड़ गयी, जबकि पायलट को मनाने के बाद से ही कांग्रेस बार-बार यही दावा कर रही है कि अब सब ठीक है। कांग्रेस एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी। ऐसे में चर्चा है कि क्या वाकई में पायलट और गहलोत के बीच मतभेदों को लेकर कांग्रेस में डर है। शायद इसी वजह से राहुल गांधी ने 'सब एक हैं' के माध्यम से बड़ा संदेश देने की कोशिश की है।



### चुनाव जीतने के लिए फकीर के हाथों चप्पलों से पिट गये कांग्रेस प्रत्याशी

चुनाव में विजयी होने के लिए और जनता का आशीर्वाद पाने के लिए उम्मीदवार बाबाओं और फकीरों का सहारा लेने पहुंच रहे हैं। रतलाम में कांग्रेस के प्रत्याशी पारस सकलेचा एक फकीर बाबा से आशीर्वाद लेने गये थे।

उनको बाबा ने जिस तरह स्लीपर से पीटा, उसका वीडियो वायरल हो रहा है। रतलाम शहर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी पारस वायरल वीडियो में फकीर बाबा को चप्पल भेंट करते दिखते हैं। उसके बाद बाबा उनको उसी चप्पल से पीटते दिखाई देते हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि फकीर बाबा का आशीर्वाद देने का तरीका अनोखा है। बाबा के अंदाज और उनके आशीर्वाद के फलीभूत होने की चर्चाओं में यह बात भी सामने आयी कि बड़े-बड़े नेता और राजनेता बाबा का आशीर्वाद पाने के लिए बेसब्री से इंतजार करते हैं। शहर के बाहरी क्षेत्र महू रोड पर सड़क किनारे बाबा एक ओटले पर बैठकर इस अनोखे अंदाज में सभी को आशीर्वाद से नवाजते हैं। क्षेत्र के लोग फकीर बाबा की मार पाने को बेकरार रहते हैं और चर्चित हस्तियों और लग्जरी गाड़ियों में आने वाले लोगों के नाम भी बताते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
189200 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.4 °C | 19.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.04 बजे |



## झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाने की तैयारी

# कांग्रेस के विधायक रामचंद्र सिंह सर्वश्रेष्ठ विधायक चुने गये

**विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के नेतृत्व में चयन समिति की बैठक आयोजित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड का विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस भव्य तरीके से मनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। इस संबंध में बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के नेतृत्व में चयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। इसमें सर्वश्रेष्ठ विधायक के रूप में मनिका से कांग्रेस के विधायक रामचंद्र सिंह को चुना गया है।रामचंद्र सिंह मनिका से कांग्रेस के विधायक है। विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में 22 नवंबर को उन्हें बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

**विधानसभा में कार्यरत उत्कृष्ट कर्मियों को भी दिया जाएगा सम्मान :** इसके साथ ही उत्कृष्ट विधानसभा कर्मी के रूप में मिथलेश मिश्र, विष्णु पासवान, नेयाज अहमद, तापस कुमार, नीलेश कुमार सिंह इसके साथ ही विशेष रूप से महिला कर्मी माइकल लकड़ा को भी सम्मान दिया जायेगा। वहीं विधानसभा स्थापना दिवस के इस समारोह में वीरगति को प्राप्त कर चुके शहीद जवानों के परिजनों को भी सम्मानित किया जायेगा। चंद्रयान के वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया जायेगा। बैठक में उत्कृष्ट विधायक के अलावे उत्कृष्ट विधानसभा कर्मी का भी चयन किया गया।

चयन समिति की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के साथ संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, चयन समिति के सदस्य विधायक कमलेश सिंह, चयन समिति के सदस्य विधायक स्टीफन मरांडी भी मौजूद थे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को दिया आमंत्रण

आपको बता दें, इस बार यानी साल 2023 के झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस को भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा। जिसमें पिछले साल की तरह ही देश के नामी हस्तियों को बुलाया जा सकता है। वहीं इस भव्य समारोह को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात करते हुए उन्हें विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इसके साथ ही इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी इसके साथ ही सत्ता और विपक्ष के कई विधायकों को आमंत्रित किया गया है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया जायेगा सम्मानित

समारोह के आयोजन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने बताया कि पिछली बार की तरह इस बार भी बड़े ही शानदार और भव्य तरीके से विधानसभा का स्थापना दिवस 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस समारोह में झारखंड विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक, उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किए जाएंगे। इसके साथ ही देश की सुरक्षा में लगे सेना के जवान और पुलिस बल के जवानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जायेगा। साथ ही सेना और पुलिस के शहीद जवानों के आश्रितों को भी सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों और मैट्रिक-इंटर की परीक्षाओं के टॉपर सहित देश और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित और पुरस्कृत किया जायेगा।

### विधानसभा स्थापना दिवस को लेकर स्पीकर ने उच्च स्तरीय बैठक की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस के मौके पर 22 और 23 नवंबर को विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में स्पीकर ने कहा कि 22 नवंबर को नक्सली मुठभेड़ में शहीद जवानों के परिजनों और खेल से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जाना है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी के माध्यम से शहीदों के परिजनों और खिलाड़ियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचायें। स्थापना दिवस पर चंद्रयान मिशन-3 से जुड़े झारखंड के वैज्ञानिक और झारखंड के टॉपर छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाना है। स्पीकर ने रांची प्रशासन के पदाधिकारी को इन सभी की यातायात, सुरक्षा और ठहरने का इंतजाम करने का निर्देश दिया है। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य एवं पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** – कठिन परिश्रम-प्रयत्न से कठिनाईयों का निवारण होगा, दिमागी समाधान निकालने में समर्थ होंगे।

**वृष** – प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, लोकप्रियता का विस्तार।

**मिथुन** – रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में लाभकारी वातावरण की शुरूआत होगा, सहयोगियों के साथ विकास का मार्ग मिलेगा।

**कर्क** – सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा, उद्योग-व्यापार में सफलता, गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे।

**सिंह** – परिस्थितियों में सुधार,परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार में विगड़ा काम बनेगा।

**कन्या** – परीक्षा-प्रतियोगिता में आपको प्रयासों के अनुरूप सफलता मिलेगी, नई आशाओं का उदय होगा।

**तुला** – आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, किंतु पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा।

**वृश्चिक** – चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ।

**धनु** – सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** – साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय।

**कुंभ** – घर-गृहस्थी का अच्छा सुख मिलेगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति।

**मीन** – रोजी-रोजगार के क्षेत्र में चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

## भरत प्रसाद ने जमानत याचिका दायर की, सुनवाई आज




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी भरत प्रसाद ने रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में सुनवाई के लिए 18 नवंबर की तिथि निर्धारित की गयी है। सेना के कब्जे वाली भूमि और रांची के चेशायर होम रोड स्थित भूमि की फर्जी कागजात के सहारे खरीद-बिक्री करने से जुड़े इस केस में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, शहर के चर्चित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश और राजेश राय समेत कई लोग आरोपी हैं। इस केस के अन्य अभियुक्तों की जमानत याचिका निचली अदालत से खारिज हो चुकी है, जिसके बाद कई अभियुक्तों ने हाइकोर्ट में जमानत की गुहार लगायी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# केंद्रीय पर्यावरण राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने किया गोड्डा अडाणी पावर प्लांट का दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के लिए गोड्डा आये केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने शुक्रवार को गोड्डा स्थित अडाणी पावर प्लांट का दौरा किया। बांका से होकर गोड्डा आते हुए श्री चौबे तकरीबन साढ़े बारह बजे पावर प्लांट परिसर पहुंचे, जहां स्टेशन हेड रमेश झा, ओ एंड एम हेड प्रसून चक्रवर्ती व एचआर हेड अमित कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पावर प्लांट के एडमिन बिल्डिंग में उन्होंने अदानी पावर प्लांट व ललमटिया कोल फील्ड के वरीय पदाधिकारियों के साथ पर्यावरणीय संबंधी मुद्दों पर बैठक करके पावर प्लांट में किये गये पर्यावरण प्रबंधन का जायजा लिया। उक्त बैठक में उप वनमहानिदेशक (एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, रांची) के प्रतिनिधि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर के के विश्वास, प्रभागीय वन पदाधिकारी संजय कुमार, एसडीओ गोड्डा बैजनाथ उरांव, सीओ गोड्डा के अलावा गोड्डा विधायक अमित मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव मेहता व महागामा के पूर्व विधायक अशोक भगत व अदाणी पावर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। पावर प्लांट के अधिकारी ने पावर प्लांट परिसर में पर्यावरण प्रबंधन के लिए लगाये गये उच्च तकनीक के संयंत्रों की जानकरी दी। साथ ही उन्हें सुरक्षा से संबंधित नियमों और सीएसआर के कामों के बारे में भी जानकारी दी गयी।

केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्रीय पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी राजीव सिन्हा से पावर प्लांट के प्रबंधन के बारे जानकारी ली, जिस पर श्री सिन्हा ने अपनी संतुष्टि जतायी। केंद्रीय मंत्री ने बैठक के दौरान पावर प्लांट परिसर समेत पूरे गोड्डा के पर्यावरण संरक्षण को लेकर और अधिक वृक्षारोपण का सुझाव भी दिया। श्री चौबे ने ललमटिया कोल फील्ड के महाप्रबंधक अरुपनंदा नायक और ओम प्रकाश चौबे से भी कोल फिल्ड के पर्यावरण नियंत्रण से लेकर अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की. श्री चौबे प्लांट परिसर में तकरीबन एक घंटा रुके। उन्होंने प्लांट परिसर में पौधरोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया।

# ड्रोन के जरिये अब होगी मनरेगा के कार्यों की निगरानी

## गड़बड़ी पर अब हवाई तकनीक से रोक की तैयारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनरेगा कार्यों की निगरानी अब हवाई तकनीक के जरिये भी होगी। ग्रामीण विकास विभाग सारे कार्यों की निगरानी ड्रोन के जरिये करने जा रहा है। भ्रष्टाचार की आये दिन मिलनेवाली शिकायतों के बाद राज्य सरकार जल्द ही ड्रोन सर्विस प्रोवाइडर को हायर करने की तैयारी में है। सभी जिलों को इसके लिए दिशा-निर्देश दिये जा रहे हैं। बता दें कि ड्रोन की मदद से जारी कामों की मॉनिटरिंग, पूरे हो चुके काम की जांच, काम का आकलन और शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जायेगी। ड्रोन पर आनेवाला खर्च राज्यों को मनरेगा के लिए दी जानेवाली राशि में से ही होगा।

**भ्रष्टाचार की शिकायतों पर लगेगा ब्रेक :** ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि मनरेगा में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही हैं। इनमें मजदूरों के स्थान पर मशीनों का इस्तेमाल किया जाना और बिना काम किये कुछ लोगों को वेतन मिलना शामिल है। ऐसे मामलों में ड्रोन सबूत जुटाने में मददगार होंगे।

**निरीक्षण के लिए ड्रोन का उपयोग करने का प्रस्ताव :** मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी के अनुसार मनरेगा के तहत कार्यों और संपत्तियों की गुणवत्ता की निगरानी और निरीक्षण के लिए ड्रोन का उपयोग करने का प्रस्ताव किया गया है। काम शुरू होने से पहले और खत्म होने के बाद ड्रोन से निगरानी की जायेगी। वहीं, ड्रोन का इस्तेमाल लोकपाल करेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में एक लोकपाल तैनात किया जायेगा, जो स्वतः संज्ञान लेकर शिकायतों को दर्ज करके उन्हें 30 दिनों के भीतर निपटायेगा।

### उच्च गुणवत्तावाला हो ड्रोन कैमरा

मंत्रालय ने अपने एसओपी में निर्देश दिया हे कि इस्तेमाल किये जाने वाला ड्रोन उच्च गुणवत्ता वाला होना चाहिए। हाई क्वालिटी कैमरा भी होना चाहिए। ड्रोन को कम से कम 30 मिनट तक हवा में रहने में सक्षम होना चाहिए। डेटा विश्लेषण और रिपोर्टिंग के लिए ड्रोन से इकट्ठा किये गये वीडियो और तस्वीरों को कलेक्ट करने के लिए एक सेंट्रालइज्ज डैशबोर्ड बनाने का भी प्रस्ताव है।

### पीएम ने दिया जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ड्रोन के संचालन पर जोर दिया है। पीएम ने कहा कि 15000 महिला स्वयं सहायता समूह को भी ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहले प्रशिक्षण लोकपाल को दिया जायेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को पहले दिन मिला अपार समर्थन

**250 से अधिक ग्राम पंचायतों में 100,000 से अधिक लोगों की सहभागिता**

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 21000 लोगों ने पंजीकरण कराया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भव्य शुरुआत के साथ प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने पहले दिन देश भर की 259 ग्राम पंचायतों में एक लाख से अधिक लोगों तक पहुंची। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को झारखंड के खूंटी से इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके तहत देश भर में महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले विभिन्न स्थानों से एक ही समयवैनों को रवाना किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहले दिन राष्ट्रीय विकास के साझा विजन की दिशा में सशक्तिकरण और सामूहिक संबद्धता की कहानियों को एक साथ जोड़ती घटनाओं व पहलों का सक्रिय मिश्रण देखा गया।

इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशतपरिपूर्णता हासिल करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यात्रा के पहले ही दिन 21000 से अधिक लोगों ने पीएम उज्ज्वला योजना के लिए पंजीकरण कराया। इस दौरान 1200 से अधिक माई भारत स्वयंसेवकों के पंजीकरण कराने के साथ-साथ 80,000 से अधिक लोगों ने विकसित भारत की प्रतिज्ञा ली। इस यात्रा में विशिष्टर व्य0क्तियों - 3,448 महिलाओं, 1,475 छात्रों, 495 स्थानीय कलाकारों और 298 खेल हस्तियों के प्रयासों को मान्यता देते हुए और उन्हें प्रेरक शख्सियत के रूप में स्वीकार करते हुए उनकी ओर भी ध्याान आकृष्टु किया गया। लोग वीबीएसवाइ आइइसी वैन की ओर उमड़ पड़े और इस दौरान आयोजित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा साथ ही साथ मौके पर प्रदान की गई सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान आयोजित किये गये स्वास्थ्य शिविरों में 16,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें 6,000 से अधिक लोगों की टीबी के लिए और 4500 से अधिक लोगों की सिकल सेल रोग के लिए जांच की गयी।

इस यात्रा के दौरान व्यक्तिगत सफलता की गाथाओं को भी शामिल किया गया और इसके अंतर्गत 200 से अधिक लाभार्थियों ने मेरी कहानी, मेरी जुबानी की प्रस्तुति की, जो उनके जीवन में सरकार की प्रमुख योजनाओं द्वारा किये गये परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार की अब तक की सबसे व्यापक पहुंच वाली पहल है। समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित इस यात्रा के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास किया गया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने में शत-प्रतिशत परिपूर्णता तक पहुंचे। यह यात्रा व्यापक स्तर पर पहुंच बनाने के साथ-साथ सूचना-प्रसार और देश के विकास में सक्रिय हितधारक बनने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने हेतु इस उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आइइसी वैन द्वारा कार्यान्वित जमीनी स्तर की गतिविधियों और लोगों की भागीदारी के डेटा को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार एक पोर्टल पर वास्तविक समय में दर्ज किया जाता है।

### ड्रोन प्रदर्शन बेहद सफल साबित हुआ

वीबीएसवाइ ने कृषि क्षेत्र में विकास से जुड़ा एक प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया, जिसका लाभ किसान अपने उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए उठा सकते हैं। 120 से अधिक ड्रोन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया, इसके साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ भी रचनात्मक संवाद हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता के रूप में हासिल की गयी उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। 83 ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड की शत-प्रतिशत परिपूर्णता है, 89 ग्राम पंचायतों में जेजेएम की शत-प्रतिशत परिपूर्णता है, 97 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत जन धन संतृप्ति है और 124 ग्राम पंचायतों ने खुले में शौच मुक्त का दर्जा हासिल किया है।

# पीएम के झारखंड दौरे से कांग्रेस और झामुमो हताश, बेचैन : आदित्य साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से जहां झारखंड की जनता में उत्साह देखा गया, प्यार देखा गया, वहीं दौरे की सफलता से कांग्रेस और झामुमो हताश हो गयी हैं। उनके नेता बेचैन हैं।

कहा कि प्रधानमंत्री ने दौरे में भगवान बिरसा मुंडा की धरती से देश के जनजाति समाज को 24 हजार करोड़ के पीएम जन मन जनजाति न्याय महाअभियान का शुभारंभ किया। झारखंड के लिए 7200 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ। किसान सम्मान निधि के तहत 15वीं किस्त के रूप में 18 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में भेजे गये। विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हुई। इससे आदिवासी समाज खुशियां मना रहा, लोगों में उत्साह है, लेकिन राज्य की जनता को ठगनेवाले, जल जंगल, जमीन की लूट मचाने वाले कांग्रेस और झामुमो के नेता हताश और निराश हैं।

कहा कि उन्हे कार्यक्रम की सफलता पच नहीं रही, इसलिए उल्टी सीधी बातें, अनर्गल असंवैधानिक बातें कर रहे। कहा कि इन्हें अपने खिसकते जनाधार को लेकर चिंता सताने लगी है। रात की नींद और दिन का चैन खत्म हो गया है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि कहा जिन्होंने राज्य के आंदोलन को बेचा खरीदा हो, उनसे झारखंड के विकास की उम्मीद करना बेमानी है। कहा कि ये लोग आदिवासियों के नाम पर केवल अपना और अपने परिवार की चिंता करते है। अपना खजाना भर रहे। राज्य की खनिज संपदा, बालू, पत्थर सब दलालों बिचौलियों से लुटवा रहे। उन्हइोंने आरोप लगाया कि राज्य में विदेशी शक्तियां आदिवासियों को उनके धर्म संस्कृति से काट कर धर्मांतरित करा रहीं, लेकिन हेमंत सरकार को उसकी कोई चिंता नहीं। कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों से पूरे राज्य की डेमोग्राफी बदल रही, लेकिन सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो को राज्य का विकास, जनजातियों दलितों पिछड़ों और वंचितों का विकास अच्छा नहीं लगता। ये उन्हें मुख्यधारा से काट कर रखना चाहते है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और पूर्व विधायक रामकुमार पाहन भी मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# सुनी पुकार दातार प्रभ गुरु नानक जग माहे पठाइया...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा शुक्रवार को श्री गुरु नानक देव महाराज के 554वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में चौथे दिन सुबह 5:15 बजे गुरुद्वारा साहिब से प्रभातफेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी दर्शन दिऊडी गेट से निकल कर विजय कटारिया, चुन्नी लाल पपनेजा, गोपाल दास सरदाना, नानक चन्द्र अरोड़ा, मुकेश तलेजा, राजकुमार मक्कड़, नंद किशोर अरोड़ा की गली होते हुए वापस दर्शन दिऊडी गेट पहुंच कर विसर्जित हो गयी।

फेरी मे बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा,बबिता पपनेजा, पाली मुंजाल ने कल तारण गुरु नानक आया... एवं सुनी पुकार दातार प्रभ गुरु नानक जग माहे पठाइया... तथा दर्शन देख जीवां गुर तेरा, पूरण करम होये प्रभु मेरा... जैसे कई शबद गायन के साथ संगत को वाहेगुरु का जाप भी कराया। सरदार भूपिदंर सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की। श्रद्धालुओं ने रास्ते की साफ सफाई तथा पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी कर फेरी का श्रद्धा भाव से स्वागत किया. प्रभात फेरी के समापन पर गुरुद्वारा साहब में श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया।

प्रभातफेरी में अर्जुन दास मिढा, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, महेंद्र अरोड़ा, रवनीत सिंह, राकेश गिरधर, रमेश तेहरी, जीतू अरोड़ा, रमेश गिरधर, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, राजेंद्र मक्कड़, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, हरीश तेहरी, भरत गाबा, पंकज मिढ़ा, पाली मुंजाल, अमर मदान, बसंत काठपाल, हरीश मिढ़ा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढ़ा, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, गुलशन मिढ़ा, कमल धमीजा, कमल मुंजाल, मनीष गिरधर, सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, अमन सचदेवा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, प्रमोद चुचरा, ज्ञान दुआ, चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, संतोष बजाज, ममता थरेजा, श्वेता मुंजाल, अमर मुंजाल, कमलेश मुंजाल, गोविंद कौर, भजना देवी डावरा, देवकी मुंजाल, दुर्गी मिढ़ा, हरपाल कौर मिढ़ा, उषा झंडई, नेहा मिढ़ा, अंजना गिरधर, पलक अरोड़ा, पलक थरेजा, अमन कौर, कंचन मिढ़ा, हरदेवी गिरधर, उर्मिला खत्री, बलबीर मिढ़ा, हर्षा मिढ़ा, प्रेमी काठपाल, शीतल अरोड़ा, हरनाम थरेजा, ममता थरेजा, सुषमा गिरधर, नीतू किंगर, स्वीटी सिडाना, जूली गाबा, इशिका काठपाल, रजनी तेहरी, ममता सरदाना, गुड़िया मिढ़ा, गूंज काठपाल, चांद नागपाल, रवि नागपाल, कमलेश मिढ़ा समेत अन्य शामिल थे।

# आइइडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक बार फिर नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी विस्फोट की घटना में सुरक्षाबल बल के जवान की मौत हो गयी। अभी इसके साथ ही दो जवानों के घायल होने की प्रारंभिक सूचना प्राप्त हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा-माओवादी के हार्डकोर नक्सलियों के खिलाफ पुलिस कासर्च ऑपरेशन चल रहा है। सर्च अभियान के दौरान गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हुसिपी गांव के समीप शुक्रवार को नक्सलियों द्वारा लगाये गये आइइडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गये। इसमें सीआरपीएफ 60 बटालियन के सहायक कमांडेंट एजेतो तिने, जवान संतोष उरांव और जयंतानाथ जवान शामिल हैं।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के शोक संतप्त परिजनों का ढाढ़स बंधाया, कहा - आपकी मदद के लिए सरकार सदैव साथ रहेगी**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीआरपीएफ कैंप धुर्वा में पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा स्थित हाथीबुरु में सुरक्षा बलों द्वारा चलाये जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान उग्रवादियों द्वारा जमीन के नीचे बिछाये गये आइइडी विस्फोट में सीआरपीएफ बम निरोधक दस्ता के शहीद जवान संतोष उरांव के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनका ढाढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के परिवार के साथ सरकार सदैव रहेगी। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया। ज्ञात हो कि सीआरपीएफ- 94 बटालियन के बम निरोधक दस्ता के शहीद जवान संतोष उरांव जी का पैतृक आवास गुमला जिले के घाघरा प्रखंड स्थित तोरियाडीह गांव में है। उनके परिवार में मां, पत्नी और दो छोटे-छोटे पुत्र तथा एक भाई है।

# भाभी जी घर पर हैं सीरियल के संस्कारी मास्टर जी वोटर्स को करेंगे जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** छोटे पर्दे के चर्चित टीवी सीरियल भाभी जी घर पर हैं के कलाकार विजय सिंह झारखंड में मतदाताओं को जागरूक करेंगे। विजय सिंह शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिले। कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य में निर्वाचन संबंधी जागरूकता कार्यों के लिए स्टेट आइकन नियुक्त किया जायेगा। झारखंड के ही रहने वाले विजय सिंह भाभी जी घर पर हैं धारावाहिक में संस्कारी मास्टर जी की भूमिका में लोगों को संस्कार सिखाते नजर आते हैं। अब जल्द ही वे झारखंड में मतदाता जागरूकता के लिए स्टेट आइकॉन के रूप में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर एक्टर विजय सिंह ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे अपने गृह राज्य के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने और राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के काम आ सकेंगे।

**लोस-विस चुनाव में मतदाताओं को करेंगे प्रेरित**

**विजय सिंह ने कहा कि आनेवाले लोकसभा चुनाव तक वे अपने ऑडियो और वीडियो संदेशों के माध्यम से लोगों को मतदाता पंजीकरण और मतदान के लिए प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अवर सचिव देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।**

## भाजपा नेताओं ने मांडर के मुरमा गांव का किया दौरा

# हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण राज्य में तोड़ी जा रहीं देवताओं की मूर्तियां : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को मांडर के मुरमा गांव का दौरा किया। अराजक तत्वों ने मंदिरों में देवी की पिंडी सहित शिवलिंग एवं हनुमान की मूर्तियों को टुकड़ों-टुकड़ों में क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। साहू के साथ भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रभारी रामकुमार पाहन,भाजपा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, सन्नी टोप्पो ,कमलेश राम, मादी उरांव सहित अन्य मौजूद रहे। साहू ने टूटे मंदिर एवं देवी-देवताओं की मूर्तियों को भी देखा और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। साहू ने मौके पर रांची के एसएसपी से बात कर ऐसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। साथ ही तीव्र भर्त्सना करते हुए घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को चिन्हित कर अविलंब गिरफ्तार करने और सख्त सजा देने की मांग की। साहू ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधते हुए कहा कि जब से हेमंत सरकार बनी है तबसे सनातन संस्कृति पर हमले हो रहे। राज्य में लगातार मंदिर और हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है। राज्य सरकार वोट बैंक के खातिर समुदाय विशेष के ऐसे अराजक तत्वों, अपराधियों को संरक्षण दे रही। उल्लेखनीय है कि मांडर में महावीर मंदिर, छोटा बजरंग बली मंदिर, बुढ़ा महादेव, मड़ई देवी मंडप की मूर्तियों को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया था।

**झामुमो कांग्रेस की गठबंधन सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है : सन्नी टोप्पो**

**सन्नी टोप्पो ने कहा कि इस कुकृत में जो भी व्यक्ति दोषी है अविलंब उसकी गिरफ्तारी हो। और सख्त से सख्त सजा दिया जाये। उन्होंने कहा कि अपराधी मानसिकता वाले लोग सिर्फ अपराधी ही होते है। इसका किसी धर्म और संप्रदाय से कोई सरोकार नहीं होता है। उन्होंने कहा कि राज्य में जबसे झामुमो कांग्रेस की गठबंधन की हेमंत सरकार बनी है अपराधियों का मनोबल बहुत बढ़ गया है। राज्य की चिंता किसी को नहीं है। मौजूदा सरकार सिर्फ अपना पेट भरने में लगी हुई है। और शासन प्रशासन वसूली में। ऐसे में अपराधियों पर कोई लगाम लगाने वाला नहीं है।**

# झारखंड में 20 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षक बनेंगे प्रिंसिपल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** स्कूलों में लंबे समय से शिक्षा दे रहे प्राथमिक शिक्षकों के लिए खुशी की खबर है। काफी समय से लंबित चल रहे प्रोन्नति के मामले पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने फैसला लिया है।

अब जो प्रारंभिक शिक्षक अपनी सेवा के 20 साल पूरे कर चुके हैं, उन्हें सीधे प्रिंसिपल के पद पर प्रोन्नति दी जायेगी। इसके लिए सभी उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षकों को आदेश जारी किया गया है। जिन प्रारंभिक शिक्षकों की सेवा 20 वर्ष पूरी हो चुकी है, उन्हें सीधे प्रिंसिपल के पद पर प्रमोशन मिलेगा। अब प्रिंसिपल के पद पर प्रोन्नति के लिए स्नातक प्रशिक्षित पद पर पांच वर्षों की सेवा पूरी करने की बाध्यता नहीं होगी। इस वक्त राज्य के मध्य विद्यालय के प्रिंसिपल के पद पर 97 प्रतिशत रिक्तियां हैं। इस फैसले से इन पदों को भरा जा सकेगा।

# कांची नदी पर बहुत दिनों से अधर में लटका पुल बनेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांची नदी पर पुल निर्माण के शेष कार्यों को पूरा कराने के लिए पथ निर्माण विभाग ने टेंडर जारी कर दिया है। पथ विभाग ने उच्च स्तरीय पुल निर्माण के बैलेंस वर्क के लिए 11.87 करोड़ की लागत वाली निविदा जारी की है। लंबे समय से इस पुल का निर्माण लटका हुआ था। पुल बनने से सोनाहातू-मिलन चौक रोड से आवागमन आसान हो जायेगा। बता दें कि कई सालों से पुल निर्माण लटका था, कई स्तर पर इसे पूरा कराने की मांग की जा रही थी। पथ निर्माण विभाग ने इसके अलावा खूंटी के कर्रा मोड़ में करमा नाला पर पुल निर्माण की योजना तैयार की है। इसके निर्माण के लिए 4.21 करोड़ की लागत की निविदा जारी की गयी है। 15 माह में इसे बनाने का टारगेट रखा गया है। यह प्रयास हो रहा है कि दिसंबर के पहले सप्ताह तक इसके निर्माण के लिए निविदा फाइनल कर दी जाये।

# घटना की जांच कर दोषियों को जेल भेजें : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि अपराधी, घृणित, समाज में एक-दूसरे के बीच खाई पैदा करनेवाले और परस्पर सद्भाव को नुकसान पहुंचानेवाले अवांछित तत्वों द्वारा मांडर प्रखंड के मुड़मा में धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने एवं उसकी पवित्रता को खंडित करने की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय घटना सभी के लिए शर्मनाक है। घटना की अविलंब उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों को चिह्नित कर जेल भेजा जाये।

उन्हें ऐसी सजा मिले कि अगली बार से ऐसा घृणित कार्य करने के पहले उनकी आत्मा कांप जाये। मैं सभी धर्म, जाति और समुदाय से ऐसी घटना के खिलाफ मुखरता से खड़े होने का आह्वान करता हूं।

# दिसंबर में निकलेगी जाति सर्वेक्षण और 52% हिस्सेदारी रथ यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश में जाति सर्वेक्षण करने और 52% हिस्सेदारी रथ यात्रा निकलेगी, जो राज्य के सभी 263 प्रखंड मुख्यालय में पहुंचेगी। यह यात्रा दिसंबर के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होगी। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता संथाल परगना के दौरे के क्रम में शुक्रवार को देवघर पहुंचने पर परिषद भवन में एक प्रेस वार्ता में उपरोक्त बातें कहीं।

श्री गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जातीय जनगणना और ओबीसी की 52% हिस्सेदारी के लिए लगातार आंदोलन किया है जिसका परिणाम है की राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी की 52% हिस्सेदारी की चर्चा हो रही है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अपने ओबीसी समुदाय को जागृत करने के लिए हिस्सेदारी रथ यात्रा में ओबीसी की हिस्सेदारी कहां-कहां और कैसे हो उसको रेखांकित किया है। ओबीसी समुदाय को उसके जनसंख्या अनुपात में समस्त आर्थिक गतिविधियों यथा सेना के उच्च पदों, सड़क,भवन निर्माण के ठेकों, सप्लाई, डीलरशिप, माइनिंग, उत्पाद, विभाग, आउटसोर्सिंग जॉब, परिवहन, पार्किंग, मीडिया, यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद, इत्यादि में हिस्सा मिले तब ही ओबीसी को मुकम्मल सामाजिक न्याय मिल पाएगा एवं उनके मानव संसाधन का देश हित में समुचित इस्तेमाल हो पायेगा। ऐसा करने से ही आर्थिक और सामाजिक विषमता का खत्म होगा और देश मजबूत बनेगा।

वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल पंडित ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा बहुत ही मजबूती से ओबीसी समुदाय की हक हुकुक की लड़ाई लड़ रही है। इसलिए देवघर जिले के समस्त ओबीसी समुदाय 52% हिस्सेदारी रथ यात्रा की भव्य स्वागत करेगी, जिसकी तैयारी की बैठक छठ पूजा के बाद की जायेगी

मौके पर प्रेसवार्ता में प्रदेश महासचिव आर के कुशवाहा, धर्मवीर रावत शंभू यादव मंजय कुमार यादव मनी ताकि प्रकाश यादव राजेश कुमार मंडल संजीव कुमार रितेश कुमार भगत जितेंद्र कुमार यादव संजीव कुमार सुरेंद्र कुमार मंडल शैलेंद्र कुमार मंडल ग्रुप चंद्रवंशी चंदन कुमार उमेश कुमार चंदन यादव जयकुमार वर्मा अमित चंद्रवंशी रंजन कुमार फाल्गुनी प्रसाद यादव प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

# दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 28 से

## मुख्य संरक्षक फिर से चुने गये अर्चित आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिव शिष्य हरींद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में होगा। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच 28 से 30 नवंबर तक होने वाली है। इसमें कुल 16 टीमें भाग लेगी। विजेता टीम को 31000 रुपये हजार नगद एवं शील्ड दिया जायेगा। उपविजेता टीम को 21000 रुपये हजार नगद एवं शील्ड दिया जायेगा वही तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100 रुपये नगद एवं फुटबॉल देकर सम्मानित किया जायेगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लेगी। टूर्नामेंट में इंट्री फीस 4100 रुपये है एवं इंट्री की अंतिम तिथि 24 नवंबर है। इसके लिए 9798944537, 6206893132, 7004783166 और 6200229080 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए गुरगांई मैदान में जयडीहा पंचायत के उप मुखिया निलांबर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें शिव शिष्य हरींद्रानंद फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार एवं खेल प्रशंसक अर्चित आनंद के आदेशानुसार टूर्नामेंट की रूपरेखा तैयार की गयी। इसके बाद बैठक कर आयोजन समिति का गठन किया गया। इसमें आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अर्चित आनंद चुने गये। अध्यक्ष नीलांबर सिंह, सचिव विनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक नायक, उपाध्यक्ष सनी सिंह नकुल बेदिया, उपसचिव जीवनलाल मुंडा और उपकोषाध्यक्ष अजय गंझू चुने गये। वहीं सदस्य के रूप में राम प्रसाद सिंह जयबीर बेदिया, प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा, नितेश मुंडा, टार्जन सिंह, नितेश पाहन, शंकर मुंडा, बिजय मुंडा, बाबुलाल गंझू, संतोष नायक, समीर मुंडा, अशोक नायक, संदीप मुंडा, संजय गंझू, अमर कुमार,पंकज मुंडा, तुलेराम बेदिया चुने गये। यह जानकारी मीडिया प्रभारी कन्हैया सिंह ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# रांची में छठ के लिए 72 घाट हो रहे तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर रांची में छठ के लिए 72 घाट तैयार किये जा रहे है। जहां छठव्रती उदयीमान और अस्ताचलगामी सूर्य को अरग देंगे। इसकी सूची तैयार कर ली है। इन तालाब और डैम की साफ सफाई के लिए रांची नगर निगम ने 15 सुपर जोनल और 18 जोनल अधिकारी तैनात किए हैं। सुपर जोनल अधिकारी नगर निगम के इन छठ घाटों की साफ सफाई के साथ ही यहां रेड रिबन भी लगायेगा। ताकि लोग गहराई की तरफ न जाएं और किसी भी तरह की अनहोनी नहीं हो। इसके साथ ही यहां चेंजिंग रूम भी बनाए जाएंगे। अन्य प्रबंधों के लिए रांची नगर निगम छठ घाट को लेकर सरकार की गाइडलाइन का इंतजार कर रहा है। घाट की साफ सफाई के साथ-साथ चेंजिंग रूम, लाइटिंग की व्यवस्था के साथ इमरजेंसी के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। इन जल स्रोतों में होगी छठ पूजा : कांके डैम, टिकली टोला तालाब, मिशन गली, हातमा बस्ती, एदल हातू तालाब, मोरहाबादी दिव्यायन तालाब, तेतर टोली तालाब, बड़गाईं तालाब, भरम टोली तालाब, पीएचइडी तालाब, न्यू नगर बांध गाड़ी तालाब, जुमार नदी, तिरिल तालाब, जोड़ा तालाब, बरियातू यूनिवर्सिटी तालाब, भाभा नगर तालाब, डिस्टलरी तालाब, टुंकी टोला तालाब, केतारी बागान तालाब, सांगलांग बस्ती तालाब, धुमसा टोली तालाब, स्वर्णरेखा नदी नामकुम, बनस तालाब, मुकचुनटोली तालाब, चडरी तालाब, जेल तालाब, करम टोली चौक तालाब, हटनिया तालाब, बड़ा तालाब, कडरू बस्ती तालाब जनता फ्लैट चाला नगर तालाब, एलआइजी तालाब, मधु कम बस्ती तालाब, कटहल गोंदा तालाब, देवी मंडप सरोवर नगर तालाब, भट्ठा गढा कांके डैम, हेहल तालाब, गंगानगर तालाब, हरमू नदी तालाब, विद्यानगर तालाब हरमू, अरगोड़ा बस्ती तालाब, पुनदाग बस्ती तालाब, अलकापुरी तालाब, जगन्नाथपुर बस्ती तालाब, नया टोला बस्ती तालाब, छोटा डैम, शालीमार तालाब, धुर्वा डैम, बटन तालाब, पावर हाउस तालाब चुटिया, कमरू तालाब, खजुरिया तालाब, नामकुम हाईटेंशन गली नंबर एक स्वर्णरेखा नदी, श्रीनगर कॉलोनी स्वर्णरेखा नदी, नामकुम कॉलोनी स्वर्णरेखा नदी, सिपाही पुल स्वर्णरेखा नदी, पंडित सदन कॉलोनी स्वर्णरेखा नदी, घाघरा घाट हुंडरू बस्ती तालाब, लटमा रोड छठ घाट, नेपाली कॉलोनी छठ घाट, हेसॉन्ग तालाब, पटेल नगर छठ घाट, रिवरव्यू छठ घाट, चंद्रशेखर तालाब, हटिया स्वर्णरेखा, बसारगढ़ तालाब, जगन्नाथपुर बस्ती तालाब, नया टोला बस्ती तालाब आदि।

**घाटों तक जाने वाले रास्ते भी किये जायेंगे साफ :** नगर आयुक्त ने सभी एमपीएस, जोनल सुपरवाइजर, नगर प्रबंधक और नगर अभियान प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि छठ घाटों के पास फैली गंदगी को हर हाल में साफ कर दिया जाए। इसके अलावा, घास की कटिंग कराई जाए, तालाबों में खतरनाक स्थलों की पहचान भी कर ली जाए, ताकि सुरक्षा के इंतजाम किए जा सकें। इसके अलावा तालाब के चारों तरफ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाएगा। तालाब तक जाने वाले रास्तों की भी साफ-सफाई की जाएगी। यहां कंकड़ पत्थर भी चुनने का निर्देश दिया गया है ताकि छठ व्रतियों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हो। निगम की ओर से पहले ही निर्देश दिया गया है कि अगर छठ घाट जाने वाले रास्ते में कोई कंस्ट्रक्शन मटेरियल गिराता है तो उससे 25 हजार जुमार्ना वसूला जायेगा।

**इमरजेंसी नंबर पर करें कॉल :** उन्होंने बताया कि इसके अलावा सभी घाटों में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, लोगों से अपील है कि नो प्लास्टिक जोन में छठ त्यौहार मनाएं और कोशिश करें कि अपने साथ प्लास्टिक ना लाएं व कुछ भी अनहोनी होने पर इमरजेंसी नंबर पर 0651-2200011, 9431104429 शिकायत कर सकते हैं। शिकायत होने पर फौरन अधिकारियों द्वारा एक्शन लिया जायेगा।



## छठ तालाबों की गंदगी देख सांसद और विधायक हुए नाराज

नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरुआत हो गयी। हर तरफ छठमय माहौल है। रविवार को श्रद्धालु तालाबों में भास्कर भगवान को पहला अर्घ्य देंगे, लेकिन राजधानी के तालाबों में अभी भी गंदगी का अंबार है। शुक्रवार को रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और समरीलाल ने शहर के जेल तालाब और हटनिया तालाब समेत कई जलाशयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ रांची नगर निगम की टीम भी थी। तालाबों में गंदगी देख सांसद-विधायक ने नाराजगी जतायी और नगर निगम के पदाधिकारियों को जल्द सभी तालाबों को साफ करने और छठव्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## सभी तालाबों की सफाई युद्ध स्तर पर की जाये : धर्मेंद्र तिवारी

रांची के शहरी क्षेत्र में शुक्रवार को सभी तालाबों का निरीक्षण भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में पार्टी के सदस्यों ने किया। निरीक्षण के दौरान धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार और निगम कह रही है कि 15 दिनों से हम सफाई में लगे हैं, इसमें कुछ ही जगहों पर सफाई शत प्रतिशत हुई है, लेकिन छोटे-छोटे तालाब की सफाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भी तालाबों की सफाई और छठ व्रतियों को कोई कठिनाई न हो, इसका भी निर्देश दिया। पर समय कम है, निर्देश आदेश की अवहेलना ना हो और युद्ध स्तर पर जो भी तालाब आसपास में है, उनकी सफाई आवश्यक है। हम सरकार से ही अपेक्षा करते हैं कि जनहित में इस पर्व को करने वाले व्रतियों को सुविधा अधिक से अधिक मिल सके। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि शासन प्रशासन, पदाधिकारी कार्य में शिथिलता बरतने लगते हैं, ऐसा प्रतीत होता है। जन भावना को देखते हुए इस महापर्व पर सहयोग होना चाहिए।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर में छठव्रतियों को दी जायेगी पूजन सामग्री

चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से शनिवार को छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया जायेगा, जिसमें व्रतियों के बीच सूप, दउरा, नारियल, गुड़ पूजन सामग्री, आटा, घी मिठाई इत्यादि का वितरण पूजा समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू,वरिष्ठ संरक्षक शेखर गुप्ता, आयोजक संजय सिंह, आकाश रजक, नमन भारतीय के द्वारा किया जाना है। छठ व्रतियों के लिए यह आयोजन चैती दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा भुतहा तालाब स्थित चैती दुर्गा मंदिर परिसर में किया जाना है, इसके लिए छठव्रती सादर आमंत्रित हैं। यह सहयोग चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से 18 नवंबर 2023 को किया जायेगा।

# छह बंदी कर रहे छठ पूजा

रांची। महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गयी। महापर्व छठ को लेकर एक तरफ जहां हर तरफ उत्साह का माहौल है, वहीं रांची जेल में भी पूरा माहौल छठमय हो गया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छह बंदी छठ पूजा कर रहे हैं।

छठ महापर्व को लेकर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सुबह-शाम छठी मइया के गीत गूंजने लगे हैं। रांची जेल में जो छह बंदी छठ पूजा कर रहे हैं, उनमें सितारा देवी, संतोषी देवी, ललिता देवी, सरिता देवी के अलावा कृष्णदेव महतो शामिल हैं। छठ व्रतियों को नहाय-खाय के लिए लौकी, कपड़ा, दूध, नारियल, सूप, फल, आदि पूजन सामग्री जेल प्रशासन की ओर से उपलब्ध करायी गयी है।

व्रतियों की पूजा के लिए जेल के अंदर ही छठ घाट बनाया गया है और अर्घ्य देने के लिए तालाब के साथ ही सिरसोता का भी निर्माण कराया गया है। महापर्व छठ को लेकर वैसे कैदी, जो छठ पूजा नहीं कर रहे हैं, वे भी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, ताकि छठ व्रत करनेवाले को किसी भी तरह तकलीफ ना हो। छठ महापर्व को लेकर जेल के अंदर बने छठ घाट और जेल परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। जेल प्रशासन के अनुसार छठ महापर्व में व्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। जेलर नसीम ने बताया कि छठ महापर्व में प्रसाद से लेकर पूजा सामग्री तक जेल प्रशासन मुहैया करा रहा है।

# जनशक्ति मजदूर यूनियन ने स्वर्गीय आनंदी सिंह की पुण्यतिथि मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मजदूर नेता स्वर्गीय आनंदी सिंह की पुण्यतिथि पर झारखंड के रांची में जनशक्ति मजदूर यूनियन ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। शुक्रवार को विश्वनाथ मंदिर मैदान में झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के संस्थापक आनंदी सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। छठ पूजा को देखते हुए यूनियन ने रांची बाजार की सिर्फ एक समय के लिए बंद किया और दोपहर एक बजे के बाद सभी श्रमिक साथी काम पर लौट गये। महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने स्वर्गीय आनंदी सिंह ,स्वर्गीय उमा राय और स्वर्गीय अर्जुन पासवान के छाया चित्र पर पुष्प देकर और फिर सभी ने दो मिनट का मौन रख कर अपने नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किया। यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने कहा कि आज के दिन हम सभी को यही संकल्प लेना है की मजदूर मजबूर नहीं मजबूत हो। श्री ओझा ने कहा कि आज पूरा प्रदेश आशा भरी नजरों से श्रमिकों के हित में एक बड़े आंदोलन की राह देख रहा है। ऐसे में जनशक्ति मजदूर यूनियन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। ओझा ने सभी को संगठित रहने की बात कही और कहा की अपने दिवंगत नेताओं के बताए रास्ते पर चल के ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा में मुख्य रूप से बिंदुल वर्मा, संतोष सिंह, दिनेश चौबे, बाली राय, महेंद्र यादव, गौरी शंकर राय, अखिलेश चौधरी, संजय यादव, संजय जयसवाल, मनोज पासवान, होडल राय सहित बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद थे।

# सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल दरभंगा हाउस रांची के कन्वेंशन सेंटर के नये भवन के सभागार में शुक्रवार को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ बी वीरा रेड्डी की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपंन हुई। इस बैठक में अध्यक्ष ने राजभाषा विभाग को सतर्कता जागरूकता अभियान के समापन समारोह में सफल कवि सम्मलेन तथा राजभाषा पखवाड़ा के लिए बधाई दी। डॉ रेड्डी ने कहा कि मुझे आशा है कि गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा दिये गये लक्ष्य को हम अवश्य प्राप्त करेगें। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होना चाहिए।

सीसीएल द्वारा संसदीय समिति की तीसरी उपसमिति को दिये गये सुझावों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। विभागाध्यक्ष (राजभाषा) संजय कुमार ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया। राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षा विभाग तथा नगर प्रशासन विभाग सहित रजरप्पा क्षेत्र को चल शील्ड से सम्मानित किया गया।

## झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी का थिंक-2024 टॉक शो

# हम वैसे हिंदू नहीं हैं, जो बिलकिस के दोषियों को माफ कर दें : ठाकरे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को स्टेशन रोड़ स्थित होटल बीएनआर चाणक्या में संध्या 6 बजे से थिंक-2024 टॉक शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सह सांसद डॉ शशि थरूर एवं शिवसेना युवा प्रमुख पूर्व मंत्री विधायक आदित्य ठाकरे उपस्थित हुए। इसके साथ ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर आलीम जवेरी, सुवीर शरण एवं अलग-अलग सेक्टर से कई अतिथिगण उपस्थित हुए। इस टॉक शो कार्यक्रम के पूर्व रांची एयरपोर्ट एवं बीएनआर होटल में अतिथियों का स्वागत आदिवासी संस्कृति परंपरा एवं छाउ नृत्य के माध्यम से भव्य रूप किया गया। टॉक शो का शुभारंभ छोटी बच्चियों द्वारा गणेश वंदना के साथ की गयी।

कार्यक्रम में अध्यक्षता भाषण झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल दिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सह सांसद डॉ शशि थरूर ने कहा कि 2014 से देश में बेरोजगारी लगातार बढ़ते जा रही। आने वाले चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को देश की जनता के समक्ष जवाब देना होगा।

आदित्य ठाकरे ने कहा कि मैं हिंदू हूं और हिंदुत्व की लड़ाई लड़ता हूं। लेकिन हम वैसे हिंदू नहीं हैं जो बिलकिस बानो के दोषियों को माफ कर दूं। आज वर्तमान भाजपा दल नहीं दलदल बन गयी है जो सत्यमेव जयते की लड़ाई नहीं सत्तामय के लिये लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की लड़ाई विचार धारा सोच की है। किसी इंसान विशेष वर्ग की नहीं। आज भाजपा सभी वर्गों को बांटने पर जोर दे रही। इसका मुकाबला हम जैसे लोगों को करना पड़ रहा है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर आलीम जवेरी ने भी टॉक शो को संबोधित किया। प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि थिंक टॉक शो में देश के अनुभवी नेता डॉ शशि थरूर, शिवसेना के युवा नेता आदित्य ठाकरे की अंतर्दृष्टि लिया गया है। इसमें जो भी आउटलाइन निकला है, वो कांग्रेस पार्टी की चुनावी मैनिफेस्टो में शामिल किया जायेगा।

# खूंखार नक्सली ने किया सरेंडर

चार साल से संगठन में सक्रिय था नगेसिया, लातेहार डीसी-एसपी के सामने डाला हथियार

मुकेश कुमार/रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार कहा जाता है कि पृथ्वी गोल है, जो जहां से चलता है, घूम कर वहां लौट आता है, नक्सली जितेंद्र नागेसिया उर्फ जितेन्द्र किसान ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण यह साबित कर दिया। झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य जितेन्द्र नगेसिया उर्फ जितेन्द्र किसान ने लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपायुक्त हिमांशु मोहन और पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के समक्ष आत्मसमर्पण कर कहा कि मुझे एक नयी जिंदगी मिली है।

नक्सली जितेन्द्र नगेसिया अपनी बताते हुए बताया की में वर्ष 2018 के दिसम्बर माह में माओवादी संगठन से जुड़ा और करीब 04 वर्षों तक माओवादी संगठन में सक्रिय सदस्य के रुप में जुड़ा रहा। आज उसने जिले के वरीय पदाधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर रहा हूं जिससे मुझे काफी खुशी मिल रही है। इस अवसर पर उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि आज जो सरकार की विकास योजनाएं चल रही है उससे पैसे उगाही का काम मुख्य धारा से भटक हुए लोग करने का काम करते हैं,लोग इसे पैसे कमाने का आसान तरीका समझ लेते हैं , पर जब यही लोग कानून को अपने हाथ में लेने लगते हैं तो फिर यह सभी पुलिस के रडार में आ जाते है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। हम उन सभी लोगों से आग्रह करते हैं जो मुख्यधारा से भटक कर नक्सली संगठन से जुड़ चुके हैं वह भी मुख्यधारा में लौट आएं , आपअपने परिजनों के साथ शांतिपूर्ण जीवन व्यतित करें और समाज व देश को आगे पढ़ाने में अपना योगदान दें।

लातेहार पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन, झारखण्ड जगुवार एवं लातेहार पुलिस के सैट टीमों के द्वारा विगत वर्षों में सघन अभियान चलाया गया। जिसमें कई बार सुरक्षा बलों एवं उग्रवादी संगठनों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें उग्रवादी मारे गए एवं इनका संगठन कमजोर पड़ता गया। सुरक्षा बलों के द्वारा लगातार चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के कारण माओवादी संगठन पार्टी कमजोर हुई है एवं पुलिस के बढ़ते दबिश के डर से कई सारे माओवादियों के द्वारा किए गए आत्मसर्पण तथा साथ ही हाल में चतरा जिले में माओवादि के शीर्ष नेता नवीन यादव उर्फ नवीन जी के द्वारा किया गया आत्मसर्पण से प्रभावित होकर जितेन्द्र नगेसिया उर्फ जितेन्द्र किसान ने आज आत्मसमर्पण कर दिया। इसके साथ ही उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किया गया, छोटे - छोटे बच्चों को पठन पाठन सामग्री, खेलकुद प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आम नागरिकों को सरकार से गया है। झारखण्ड सरकार मिलने वाली सुविधाओं का लाभ दिलाया की उग्रवाद आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत भटके हुए सभी उग्रवादियों को सामाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से एवं उनके परिजनों को उनके घर जा जा कर आत्मसमर्पण करने के लिये लगातार प्रेरित किया गया है



## आत्मसमर्पण कर नयी जीवन की शुरुआत करें उग्रवादी : एसपी

अंजनी अंजन ने कहा कि झारखंड सरकार की उग्रवाद आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत मौका दिया है, जिसको अपना कर अच्छे रास्ते पर चलना चाहिए। जितेंद्र नगेसिया उर्फ जितेंद्र किसान का उम्र करीब 41 वर्ष, पोस्ट- स्व0 मोहन नगेसिया उर्फ जोधन किसान, स्थायी पता- ग्राम- तुमेरा, टोला बुढा गांव, पोस्ट- परसवार, थाना - भण्डरिया, जिला- गढ़वा, वर्तमान पता- ग्राम- पीपरढाबा, थाना- कुसमी, जिला- बलरामपुर, राज्य- छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। जितेन्द्र नगेसिया वर्ष 2018 के दिसम्बर माह माओवादी संगठन से जुड़ा और करीब 04 वर्षों तक माओवादि संगठन में सक्रीय उग्रवादी के रूप में जुड़ा रहा। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भटके उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए प्रेरित करने हेतु किये गये प्रयास में बरवाडीह डीएसपी दिल्लु लोहार, लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार,अभिषेक कुमार छिपादोहर थाना प्रभारी रंजीत राम, थाना प्रभारी बारेसांढ रंजीत कुमार यादव, काशी महली का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करें नहीं तो होगा आंदोलन: विहिप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बीरेंद्र साहू ने मंदिरों में तोड़फोड़ मामले में कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करें, नहीं तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

श्री साहू शुक्रवार को मांडर में तोड़फोड़ की गयी मंदिरों का अवलोकन करने के बाद संवाददताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदू अस्थाओं के प्रति भ्रम और घृणा फैलाने वाले असामाजिक तत्वों का सुनियोजित कुकृत्य है। घटना में सम्मिलित अपराधियों का अभी तक न पकड़ना प्रशासन की विफलता है। उन्होंने कहा अपराधियों को शीघ्र प्रशासन गिरफ्तार करें और मंदिर में क्षति पहुंचाई गई सभी देवी देवताओं की प्रतिमाओं का विधि-विधान के साथ पुनर्स्थापना की व्यवस्था करावें। डॉ साहू ने कहा कि इस तरह की घटना बढ़ती जा रही है और प्रशासन द्वारा इसको समझौता के द्वारा खत्म कर दिया जा रहा है। लेकिन इस पर उचित कार्रवाई नहीं की जाती है जिसके कारण और असामाजिक लोगों का मन बढ़ता जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वह खुद घटनास्थल पहुंचे।

# जैलेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नाइन बुलेट कवाली द्वारा आयोजित सोहराई जतरा के अवसर पर पांच फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा दिन का पहला मैच बीटी 11 बनाम बिरसा मुंडा क्लब रांची के बीच खेला गया। इसमें बीटी 11-2 से विजय रही। पहला मैच का मुख्य अतिथि आजसू नेता प्रकाश लकड़ा। दूसरा मैच फोर एस बडाम बनाम सत्यारी टोली के बीच खेला गया। इसमें फोर एस बडाम 2 से विजय रही। दूसरा मैच का मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बृष मिंज थे। तीसरा मैच बीएमआर महिलौंग बनाम मुन्ना बदस के बीच खेला गया। इसमें मुन्ना बदस 3 से विजय रही। तीसरा मैच का मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार थे। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर आयोजित समिति अध्यक्ष अनुप लकड़ा, गंगा लकड़ा जिला परिषद सदस्य बिपिन टोप्पो, सीताराम तिवारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने 3 सूत्री मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू और प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में दो प्रतिनिधिमंडल क्रमशः रांची और पलामू में शिक्षा सचिव, प्राथमिक शिक्षा निदेशक एवं पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक-सह-प्रोन्नति के लिये बनी समिति के सदस्य शिवेंद्र कुमार से मिलकर विभागीय आपत्ति दर्ज कराते हुए तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रदेश सचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा कि शिवेंद्र कुमार से प्रत्येक पहलू पर बातचीत हुई। उन्होंने हमारे आपत्ति बिंदुओं को सुनने के बाद इस पर सचिव और निदेशक से चर्चा कर जो भी नियम-सम्मत होगा। वह फैसला लेने का आश्वासन दिया।

प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने कहा कि यदि विभाग इन मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती है तो संघ बाध्य हो कर आंदोलन और न्यायालय का रास्ता अपनायेगा। शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल में मुख्यतः मो. क्यामुद्दीन, सुमित कुमार नंद, हरेंद्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू जिला अध्यक्ष मनोज मेहता, प्रदेश उप संगठन मंत्री राकेश रंजन पिंकु, निखिल सिंह, अभिशेक कुमार, अजय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## शी-बाइडन मुलाकात

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की बुधवार को हुई मुलाकात कई वजहों से अहम रही। अव्वल तो इसने दुनिया के मौजूदा तनावपूर्ण माहौल पर पानी के छींटे मारने का काम किया है। दूसरी बात यह कि दुनिया के दो सबसे ताकतवर देशों के प्रमुखों की इस मुलाकात के दौरान कूटनीतिक संतुलन साधने की कुशलता अपने बेहतरीन रूप में नजर आयी। दोनों नेता ऐसे समय में मिल रहे थे, जब दुनिया रूस-यूक्रेन और इस्राइल-हमास युद्ध की दोहरी चुनौतियों से जूझ रही है और दोनों ही मामलों में चीन और अमेरिका की सहानुभूति परस्पर विरोधी खेमों के साथ जुड़ी है। जहां अमेरिका खुल कर यूक्रेन का साथ दे रहा है, वहीं चीन रूस का साथ छोड़ने को तैयार नहीं है। दूसरी ओर अमेरिका इस्राइल के आत्मरक्षा के अधिकार का मुखर प्रवक्ता बना हुआ है, तो चीन गाजा में नागरिक आबादी पर हमले की निंदा करने में आगे है। इन तात्कालिक मुद्दों के अलावा भी पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच आर्थिक मुद्दों पर दूरी इतनी बढ़ गयी कि उसे दुनिया की दो सबसे बड़ी इकॉनमी के बीच ट्रेड वॉर कहा गया। साउथ चाइना सी और ताइवान जैसे मसलों पर चीनी आक्रामकता और उस पर रोक लगाने की कोशिशें तो अपनी जगह थीं ही। इन सबके कारण दोनों पक्ष आपसी दूरी को कम करना जरूरी समझ रहे थे। जैसा कि मुलाकात के बाद जारी बयान में संकेत दिया गया कि ताइवान, टेक्नोलॉजी, साउथ चाइना सी या रूस को चीनी सहायता जैसे मसलों पर तनाव को बढ़ने देने से उसके संघर्ष का रूप लेने का खतरा है। इसी खतरे को टालने की दिशा में एक ठोस प्रगति यह हुई कि बैठक में सर्वोच्च स्तर पर बातचीत का चैनल हमेशा खुला रखने का फैसला किया गया। तय हुआ कि जब भी जरूरत होगी दोनों राष्ट्रपति फोन पर एक-दूसरे से बात कर लिया करेंगे। ऐसे संकेत मिले कि खास तौर पर आर्थिक मसले पर दोनों देशों के बीच पिछले कुछ वर्षों में उभरे मतभेद आने वाले समय में कुछ कम होते दिखेंगे। मगर इस बीच अंतरराष्ट्रीय सामरिक समीकरण जो रूप ले चुके हैं, उसे देखते हुए न तो ये दोनों देश एक-दूसरे के ज्यादा करीब आ सकते हैं और न ही ऐसा परसेप्शन बनने दे सकते हैं। इस बात को लेकर सतर्कता भी चार घंटे चली इस मुलाकात के दौरान साफ नजर आयी। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन अच्छे मेजबान की भूमिका में रहे और यह बताया कि कैसे शी चिनफिंग के साथ उनके बरसों पुराने रिश्ते हैं, लेकिन उन्हें पुराना दोस्त बताने की रवायत से सचेत रूप में बचे रहे। यही नहीं, इस मुलाकात के कुछ घंटे के अंदर ही मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए शी चिनफिंग को तानाशाह बताने वाला अपना पुराना बयान भी दोहरा दिया। साफ है कि दोनों महाशक्तियों के रिश्तों के समीकरणों में तत्काल कोई नाटकीय बदलाव नहीं आने वाला।


**अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन अच्छे मेजबान की भूमिका में रहे और यह बताया कि कैसे शी चिनफिंग के साथ उनके बरसों पुराने रिश्ते हैं, लेकिन उन्हें पुराना दोस्त बताने की रवायत से सचेत रूप में बचे रहे।**


अभिमत
आजाद सिपाही

**भगवान बिरसा मुंडा ने हमेशा वन भूमि के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की और उसी संकल्प को पूरा करते हुए अपने साथियों के साथ अंग्रेजों से लड़ते हुए शहादत दी। ऐसे ही देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे आदिवासी लोगों ने अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी, क्योंकि जनजातीय लोगों ने कभी भी अंग्रेजों की गुलामी को स्वीकार नहीं किया, शायद अभी तक बहुत कम ही लोग ये जानते थे कि अग्रेजों को सबसे प्रारंभिक और सशक्त चुनौती देश के जंगलों से आदिवासी समाज से ही मिलना प्रारंभ हुई थी।**

## आदिवासी परंपरा का गौरवगान-जनजातीय गौरव दिवस



**अर्जुन मुंडा**



विविध संस्कृतियों और परंपराओं की भूमि भारत ने हमेशा देश की आजादी के लिए लड़ने वाले अपने बहादुर योद्धाओं के योगदान और बलिदान का जश्न मनाया है। हालांकि, इस उत्सव के बीच, आदिवासी समुदाय की वीरता और संघर्ष पर अक्सर ध्यान नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदिवासी समाज और संस्कृति के प्रति सम्मान और अटूट प्रेम ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयन्ती के दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के नाम से मनाने की घोषणा कर आदिवासी समाज का पूरे देश में मान बढ़ाया है। आज यह तीसरा वर्ष है, जब पूरा देश आदर, सम्मान और उत्साह के साथ भगवान बिरसा मुंडाजी की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहा है। इस दिवस से लोगों ने जनजातीय समुदायों के सह-अस्तित्वको स्वीकारा है और दशकों के इंतजार के बादसामाजिक समानता के सपने को हकीकत में बदल दिया है।

भगवान बिरसा मुंडा ने हमेशा वन भूमि के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की और उसी संकल्प को पूरा करते हुए अपने साथियों के साथ अंग्रेजों से लड़ते हुए शहादत दी। ऐसे ही देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे आदिवासी लोगों ने अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी, क्योंकि जनजातीय लोगों ने कभी भी अंग्रेजों की गुलामी को स्वीकार नहीं किया, शायद अभी तक बहुत कम ही लोग ये जानते थे कि अग्रेजों को सबसे प्रारंभिक और सशक्त चुनौती देश के जंगलों से आदिवासी समाज से ही मिलना प्रारंभ हुई थी।


**जनजातीय गौरव दिवस का उत्सव भारत में आदिवासी समुदायों के योगदान और संघर्षों को पहचानने और सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**


चाहे तिलका मांझी के नेतृत्व में पहाड़िया आंदोलन हो, बुधू भगत के नेतृत्व में चला 'लरका आंदोलन' हो, सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में संथाल हूल आंदोलन हो, रानी गाइदिन्ल्यू के नेतृत्व में नागा आंदोलन हो, अल्लूरी सीता राम राजू का रम्पा आंदोलन हो, कोया जनजाति का विद्रोह हो, गोविंद गुरु का भगत आंदोलनहो, अंग्रेजों के विरुद्ध जनजाति समाज का एकव्यापक, विस्तृत व विशाल योगदान रहा है।

धरती आबा बिरसा मुंडा की अपने माटी के प्रति संघर्ष की ही पृष्ठभूमि थी कि अंग्रेजों को छोटा नागपुर काश्तकारी-सीएनटी अधिनियम बनाने के लिए बाध्य होना पड़ा। जिसके अधीन परंपरागत वन अधिकार भुईंहरी खूंट के नाम से निहित है` भुईंहरी खूंट, जो जल, जंगल, जमीन पर पूर्ण स्वामित्व का अधिकार देता है।

भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष के बल पर देश भर के जनजातीय क्षेत्रों में हुए ऐतिहासिक भूल को स्वीगकारते हुए हमारी संसद ने वन अधिकार कानून पारित किया। भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष का एक महत्वपूर्ण पहलू यह था कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया कि उनके अपने समाज की स्वशासन व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का बाह्य हस्तक्षेप न हो। इस कारण पेसा जैसे कानून इस देश में बने, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी परंपरागत व्यवस्था पर कोई हस्तक्षेप न हो, परंपरागत ढंग से नियंत्रणाधीन व्यवस्थाओं के अनुरूप ही पेसा का कानून चले और साथ ही साथ संवैधानिक प्रावधानों का समावेशीकरण हो सके। इसकी मुख्य अवधारणा अनुसूचित क्षेत्र में पंचायत की व्यवस्था हो ताकि उसकी सांस्कृतिक परंपरा और नैसर्गिक व्यवस्था बनी रहे और प्राकृतिक समन्वयता पर किसी तरह का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

भगवान बिरसा मुंडा के अनुरूप जनजातीय समाज पुनर्स्थापित हो, इस चुनौती भरे कार्य को दायित्व के रूप में हमें लेना पड़ेगा। साथ ही अपनी जनजातीय जीवंत संस्कृति पर गर्व करते हुए बनाये रखना पड़ेगा।

भारत सरकार कावन अधिकार अधिनियम (एफआरए) सामाजिक व्यवस्था के साथ जोड़ कर पुनर्स्थापित करने पर जोर देता है। वनाधिकार कानून एकाधिकार को ही सुनिश्चित नहीं करता है, बल्कि मानव समुदाय को प्राकृतिक दृष्टि से समानुपातिक सहभागिता के रूप में देखता है।

कई चुनौतियों के बीच हमें इन सारे विषयों पर संवेदनशील होकर देखने की जरूरत है। प्रकृति का अन्योन्याश्रय संबंध न बिगड़े, इस पर समस्त भारत वासियों को पुनरावलोकन करना पड़ेगा। यह भगवान बिरसा मुंडा का विशेष सूत्र रहा है।

जनजातीय गौरव दिवस का उत्सव भारत में आदिवासी समुदायों के योगदान और संघर्षों को पहचानने और सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह इन हाशिए पर मौजूद समूहों के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों और कानून के माध्यम से सरकार का लक्ष्य आदिवासी समुदायों का उत्थान करना और ऐतिहासिक अन्याय को दूर करना है। भारत के संविधान ने अनुसूचित जनजातियों की सुरक्षा के प्रावधानों के साथ उनके अधिकारों की रक्षा करने और समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वन अधिकार अधिनियम, पेसा और अन्य कानूनों ने आदिवासी समुदायों के अधिकारों को और मजबूत किया है और उन्हें अपने जीवन के तरीके की रक्षा करने के लिए सशक्त बनाया है।

ट्राइफेड और एनएसटीएफडीसी जैसे संस्थानों ने आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने और उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सहायता और अवसर प्रदान किए हैं।

जनजातीय लोगों ने अपनी सभ्यता और संस्कृति की धरोहरों को युगों से संजोया हुआ है, जनजातीय गौरव दिवस एक अवसर है आदिवासियों की जीवन परंपरा, रीति-रिवाज व सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था को समझने का जो कि अत्यधिक समृद्ध है। आज देश यह बात जान गया है कि राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आगे भी उनकी इस भव्य विरासत से प्रेरणा लेकर हमें इस अमृतकाल में नव भारत निर्माण का संकल्प पूरा करना होगा।

**(लेखक : केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री हैं।)**

# जमशेदपुर की खबरें

## दिशोम सोहराई और डांगरी खुंटाओ में शामिल हुए विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा स्थित रसुनचोपा पंचायत में दिशोम सोहराई कमिटी के द्वारा 19 वां दिशोम सोहराई और डांगरी खुंटाओ पर्व का आयोजन किया गया। शुक्रवार को रसुनचोपा पंचायत मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथ पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर हजारों हजार की संख्या में ग्रामीण आदिवासी परंपरा के अनुसार महिलाओं के द्वारा नित्य प्रस्तुत करते हुए विधायक संजीव सरदार का ढोल नगाड़ा के साथ भब्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक के उपस्थिति में ग्रामीणों ने हर्ष उल्लास के साथ पर्व मनाया। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि दिशोम सोहराई त्यौहार आदिवासी समाज के परंपरा के अनुसार दीपावली के बाद मनाया जाता है। पोटका के रसुनचोपा पंचायत में आदिवासी समाज के लोग एकत्रित होकर पशुओं का त्यौहार मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान साल भर बेल से हलजोत कर खाद्य सामग्री का उपज करते हैं। उन सभी बैलों को आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना की गई ताकि साल भर अच्छे से खेती की जा सके। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर समाज के लोग एकत्रित होकर आने वाले पीढ़ी को भी इसका संदेश देने का काम कर रहे हैं। ताकि पूर्वजों के द्वारा दिये गये आदिवासी समाज के परंपरा को बचाया जा सके। मौके पर गंगाडीह पंचायत के मुखिया कार्तिक मुर्मू,हल्दीपोखर तरफ परगना सुशील हांसदा, कमिटी के अध्यक्ष शशोधर हांसदा, सुखदेव हेंब्रम, सचिव फुदान हंसदा,लाल मोहन हेंब्रम, व्यवस्थापक मुचीराम माझी, बिपलब हेंब्रम सहित हजारों हजार ग्रामीण शामिल होकर पर्व का आंनद उठाया।

### नमन परिवार ने लाला लाजपत राय को दी श्रद्धांजलि

## लाला लाजपत राय का योगदान भुलाया नहीं जा सकता: काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था नमन परिवार ने भारत देश के महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। शुक्रवार को संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं, महिलाओं और कई गणमान्यों लोगो ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि देश आजाद के पूर्व अंग्रेजो के सामने बोलने की किसी की हिम्मत नहीं होती थी। लेकिन लाला लाजपत राय ने उस दौर में सभी को एकजुट कर आंदोलन को आगे बढ़ाने का काम किया था।आजादी में उनका बड़ा योगदान रहा, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा ऐसे महान पुरुषों हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। वर्तमान समय में समाज को लाला लाजपत राय के विचारों की आवश्यकता है। मौके पर बृजभूषण सिंह, स्वदेश प्रभाकर, परमजीत सिंह काले, रामकेवल मिश्रा, धनुर्धर त्रिपाठी ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर जितेन्द्र चावला, राघवेन्द्र शर्मा, हरजीत सिंह गंभीर, वरुण कुमार, इंदर सिंह इंदर, जसवंत सिंह भोमा, सरदार सेवा सिंह, तारानंद कामंत, अमरजीत सिंह, लखिंदर सिंह, सुखराज सिंह, चरण सिंह, पारस कुमार सिंह, बीके शर्मा, कैलाश झा, जीवा सिंह, सुधांशु कुमार, जेडी राणा, एन सिंह सिद्धू, एच सिंह, सरजू राम, संदीप कुमार सिंह, स्वाति मित्रा, रितिका श्रीवास्तव, लख्खी कौर, डी मनी, ममता पुष्टि, आभा वर्मा, चांद मनी, गीता गौडसरा, कमलजीत कौर, रानी कौर सहित सैकड़ो की संख्या में युवा शामिल रहे।

## मंत्री ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने जिले के पदाधिकारी और जुस्को प्रबंधन के साथ तैयारियों का जायजा लिया। शुक्रवार को मंत्री बन्ना गुप्ता ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दी। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने स्वर्णरेखा घाट,मानगो पुल,दोमुहानी घाट में घाटों की साफ-सफाई और व्रतियों की सुविधा के लिए घाटों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही छठ घाटों को सुरक्षित करने और सभी तरह की सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया। ताकि छठ घाटों पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री के कहा छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था, सभी छठ घाट में डेंजर जोन चिन्हित और बेरिकेडिंग किए जाने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाने, छठ घाट की ओर जाने वाले सभी पहुंच पथ की आवश्यक मरम्मतीकरण कार्य ससमय सुनिश्चित किए जाने, नगर निकाय, पुलिस, यातायात, विद्युत, आपदा प्रबंधन सहित सभी संबद्ध पदाधिकारियों को आपस में समन्वय सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य ससमय संपन्न करने, छठ घाटों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने,पीने के पानी की व्यवस्था सहित सुगम यातायात और घाटों पर पार्किंग की व्यवस्था पर समुचित ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर उपविकास आयुक्त मनीष कुमार,एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा,उपनगर आयुक्त जेएनएससी,जुस्को के प्रतिनिधि कैप्टन धनंजय मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## थाना प्रभारी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले आदित्यपुर स्थित शिवनारायणपुर में थाना प्रभारी राजन कुमार का अनूठा पहल देखने को मिला। शुक्रवार को थाना प्रभारी राजन कुमार ने आने वाली मौसम को देखते हुए जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। इतना ही नही प्रभारी ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छोटे-छोटे बच्चों के बीच पढ़ाई लिखाई के सामग्री बाटकर सभी को स्कूल जाकर पढ़ाई करने का आग्रह किया। उधर आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार के द्वारा अनूठा पहल की ग्रामीणों ने जमकर सरहाना की। प्रभारी ने खुद ही ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर 50 से भी अधिक कंबल वितरण किया। साथ ही बच्चों के शिक्षा के लिए कॉपी किताब कलम पेंसिल रबर कटर और चॉकलेट का वितरण किया। प्रभारी ने बताया कि थाना और ग्रामीणों में बीच की दूरी को कम करने के लिए ग्रामीण बुजुर्गों के बेटा बनकर आशीर्वाद लेने आये है। बताया जाता है नवंबर महीना की शुरूआत होते ही ठंड का आगाज होने लगता हैं। खास कर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्ग,महिला और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सरकारी योजना के तहत मिलने वाले लाभ गरीबों एवं ग्रामीणों में बांटने के लिए होती है। लेकिन ठंड बीत जाने के बाद ही योजना का लाभ कुछ ग्रामीणों को मिल पाती है।

## मंगल कालिंदी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महा पर्व छठ पूजा के पूर्व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने नगर परिषद क्षेत्र के अन्तर्गत आर पी पटेल हाई स्कूल प्रांगण स्तिथ मनोकामना छठ घाट,जमशेदपुर प्रखंड के राहरगोड़ा शिव काली मंदिर परिसर में बन रहे छठ घाट, जमशेदपुर प्रखंड गदरा स्थित विस्वकर्मा मैदान में बन रहे छठ घाट और जमशेदपुर प्रखंड के गदड़ा राधा कृष्ण मंदिर परिसर में बन रहे छठ घाट का निरीक्षण किया। विधायक ने निरीक्षण के दौरान कई निर्देश दी। ताकि की छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो।मौके पर विधायक ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को साफ सफाई का भी पूरा ख्याल रखने को कहा। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, खरना आज

छठ व्रतियों ने विभिन्न जल स्रोत में स्नान कर भगवान भास्कर को प्रणाम कर कद्दू भात का किया सेवन

बजार में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए भी लोगों की बढ़ने लगी है भीड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा ।** गढवा जिले में नहाए खाए के साथ शुक्रवार से छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। छठ व्रती महिला एवम पुरुष ने विभिन्न जल स्त्रोतों में स्नान कर भगवान भास्कर को प्रणाम किया। इसके बाद नहाए खाए का प्रसाद बनाने में जुट गए छठ व्रतियों ने अरवा चावल चने की दाल व कद्दू की सब्जी का सेवन किया, नहाए खाए के साथ ही छठव्रती खरना की तैयारी में भी जुट गयी। उधर छठ पूजा को लेकर गेहूं पिसाई शुरू हो गयी।



बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए भी लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है, विभिन्न क्लबों व पूजा समितियो द्वारा शहर के दानरो नदी व सरस्वती नदी छठ घाट पर साफ सफाई पूरी कर ली गयी। क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा छठ घाट पर रंग बिरंगी रोशनी युक्त लाइट,स्नान करने के लिए झरना और अन्य सुविधाएं प्रदान करने को लेकर कार्य तेजी से किया जा रहा है।

वही गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के 18 घाटों पर छठ व्रतियों के लिए कपड़े बदलने का व्यवस्था व स्नान करने के लिए झरना की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसमें वार्ड नंबर 16 के बाईपास रोड स्थित दानरो नदी फ्रेंड्स क्लब छठ घाट वार्ड नंबर 17 स्टूडेंट क्लब छठ घाट वार्ड नंबर 18 के दानरो नदी टंडवा जय देवी संघ वार्ड नंबर 15 के रांकी मोहल्ला टी ग्रुप छठ घाट वार्ड नंबर 21भगलपुर मोहल्ला दानरो नदी टंडवा जागृति क्लब छठ घाट वार्ड नंबर 14 के पिएचडी सहीजना छठ सेवा समिति छठ घाट वार्ड नंबर 14 के सहीजना सूर्यांश क्लब छठ घाट आदि शामिल है।

वहीं गढ़वा एसडीओ विजय कुमार ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ गढ़वा जिले में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। लोग दूरदराज से भी आकर जिले में छठ पर्व मानते हैं, यहां छठ कर रही छठ व्रतियों के लिए जिला प्रशासन की ओर से निगरानी टीम के द्वारा विशेष सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, साथ ही रात्रि के मेले में किसी तरह की भगदड़ असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा न फैले इसके लिए भी विशेष निगरानी जिला प्रशासक के द्वारा की जायेगी।

जगह-जगह पर पुलिसिया व्यवस्था मुस्तैद रहेगी।

## छठ महापर्व सनातन धर्म का सबसे पवित्र और महान त्योहार है : गिरिनाथ



गिरिनाथ सिंह ने दो हजार व्रतियों के बीच किया छठ पूजन सामग्री का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजमाता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय के परिसर में शुक्रवार को पूर्व मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने छठ महापर्व के अवसर पर दो हजार छठ व्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्रियों का बितरण किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गिरिनाथ सिंह ने कहा कि छठ महापर्व सनातन धर्म के सबसे बड़ा पवित्र एवं महान त्योहार है। छठ महापर्व को करने से समस्त मानव का जीवन मंगलकारी हो जाता है। साथ ही भगवान भास्कर की कृपा से हर असाध्य रोगों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के इस महापर्व को बिहार, झारखंड सहित देश के विभिन्न भागों में काफी उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर जीवन भर छठ पूजा सामग्रियों का वितरण करते रहेंगे। इस अवसर पर विहिप अध्यक्ष भाजपा नेता सुलपानी सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील माली, ललित राम, मीरा देवी, शिवशंकर सोनी, यदुनंदन यादव सहित हजरों की संख्या में छठ ब्रती उपस्थित थे।

## छठ महापर्व नहाय-खाय के साथ आज से शुरू



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान नहाय खाय के साथ आज यानी शुक्रवार से पूरे अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शुरू हो गया है। छठ व्रतधारियों ने सबसे पहले स्नान कर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के बाद अरवा चावल, चने का दाल व कद्दू का सब्जी ग्रहण कर महापर्व का शुभारंभ किया। छठ व्रतधारी सुरेखा गुप्ता और शालिनी गुप्ता ने कहा कि जो भी निष्ठा भाव से विधिपूर्वक पर्व करता है, वह संतान सुख से कभी अछूता नहीं रहता। छठी मईया में इतना सत्य है कि मन से मांगी गयी हर मुराद पूरी होती है। माना जाता है कि छठ पर्व पर संतान की सुख समृद्धि और दीघार्यु की कामना के लिए सूर्य देव और षष्ठी माता की स्तुति की जाती है। हालांकि यह पर्व झारखंड और बिहार के लोगों के लिए खास माना जाता है। छठ पर्व में नहाए खाए के दिन कद्दू भात का विशेष महत्व है। इस दिन खास तौर पर कद्दू की सब्जी बनाई जाती है। व्रत रखने वाले सबसे पहले इसे ग्रहण करते हैं। फिर घर के सदस्यों सहित अन्य लोगों के बीच प्रसाद के रूप में इसे बांटा जाता है। छठ व्रती नहाए खाए के दिन कद्दू का सेवन करते हैं। इसके साथ ही व्रती 36 घंटे के निर्जला व्रत को प्रारंभ करते हैं। छठ महापर्व को लेकर डिमांड को देख बजारो में कद्दू का कीमत 50 से 80 रुपए किलो बिक रहे है। शनिवार को खरना पूजा होगा।

### छठ पूजा का कार्यक्रम

**नहाय-खाय:** छठ पर्व का प्रथम दिन नहाए खाय से शुरू होता है। नहाए-खाय 17 नवंबर (शुक्रवार)को है। **खरना :** छठ व्रत का दूसरा दिन खरना 18 नवंबर (शनिवार) को हैं। इस दिन पंचमी तिथि है। इसके बाद षष्ठी शुरू होगी। **सायंकालीन अर्घ्य :** छठ पर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को पूर्ण उपवास होता है। यह व्रत 19 नवंबर (रविवार) को है। **प्रात कालीन अर्घ्य :** षष्ठी व्रत की पूणार्हुति चतुर्थ दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होती है। 20 नवंबर (सोमवार)को प्रातकालीन अर्घ्य दिया जाता है।

## कन्या विवाह सोसाइटी के सचिव मंत्री से मिले, आयोजन के लिए आमंत्रित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने गुरुवार को पेयजल और स्वच्छता विभाग के मंत्री स्थानीय विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पहुंचकर मुलाकात किया। साथ ही साथ सचिव विकास कुमार माली ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को होने वाले 101 कन्या का सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए आमंत्रण किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टिकोण से व्यवस्था कराने का आग्रह किया है।

सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि मंत्री से मिलने के बाद मुझे अस्वस्थ किया गया है। कि होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने अस्वस्थ करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह में हर संभव मदद किया जायेगा। साथ ही साथ ही होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भी रहेंगे। इसके बाद मंत्री ने होने वाले 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह में शामिल वर एवं वधू का डाटा का भी जांच किया।

इस मौके पर डॉक्टर यासीन अंसारी मौलाना हुमर नूरानी, आसिफ खान विभूति पांडे रमजान हाशमी आदि उपस्थित थे।

## नहाय-खाय के साथ सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सगमा।** सूर्योपासना और लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय खाय के साथ शुरु। विदित हो कि उक्त महापर्व के लेकर छठ व्रतियों के साथ साथ लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है इस दिन छठ व्रत रखने वाले सूर्योदय से पूर्व स्नान कर स्वक्ष वस्त्र धारण कर लौकी व कद्दू की सब्जी चना दाल के साथ चावल ग्रहण कर व्रत की शुरुआत करते हैं। इसे लेकर सुबह से ही गांव स्थित नदी तालाब में स्नान करते देखा गया। धुरकी थाना छेत्र के बीरबल गांव स्थित एकलौता सूर्यमंदिर परिसर को साफ सफाई



के साथ सजाने संवारने का काम अंतिम चरण में है। सगमा प्रखंड के मलिया नदी तट पर स्थित सूर्यमंदिर में आस पास के गांव बीरबल घघरी मकरी झूनका दुसैया बेलिया सोनडीहा सहित पूरे प्रखंड के हजारों की संख्या में छठ व्रतियों द्वारा इस स्थल पर छठ व्रत करने आते हैं। जबकि पंचायत प्रतिनिधियों में जीप सदस्य प्रतिनिधि नंदगोपाल यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साव, बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा के द्वारा लगातार भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ स्वयम साफ सफाई में शामिल हो रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीराम सेवा समिति के संरक्षक रामजन्म गुप्ता ने बताया कि सूर्यमंदिर के साथ छठ स्थल को आकर्षक ढंग से सजया जा रहा है साथ ही पूरे छठ स्थल पर पंडाल लगाने का काम चल रहा है। इस अवसर पर छठ व्रत के दिन रविवार की रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा।

## सरिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटहेरिया पंचायत के गोसांग के पखनाहा टोला निवासी विमलेश चौधरी की 30 वर्षीय पत्नी सरिता कुंवर ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार की शाम तकरीबन साढ़े 3 बजे की है। घटना स्थल पर कांडी पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने बताया कि परिजन द्वारा थाना को कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जायेगी। मृतिका की शादी 13 वर्ष पूर्व मझिआंव थाना के गहिड़ी में हुई थी। तीन वर्ष पूर्व उसके पति की मृत्यु हो गयी थी। मृतिका के दो बच्चे हैं। एक पुत्र 12 वर्ष का रोहित चौधरी है। जो वर्ग 6 में पढ़ती है। एक आठ वर्ष की लड़की नंदनी कुमारी है जो वर्ग दो में पढ़ती है।

## मेराल थाना प्रभारी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने लोक आस्था व पवित्रता का चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर शुक्रवार को विभिन्न छठ घाटों को निरीक्षण किया। इस दौरान थाना मुख्यालय के सरस्वतीया नदी शिव मंदिर छठ घाट, स्टेशन रोड शिव मंदिर तालाब ुआ मोड छठ घाट, मुड़ल टोला युरिया नदी छठ घाट के अलावे अन्य कई छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति के लोगों से छठ घाटों पर पहुंचने वाले मार्गों पर लाइट साउंड आदि की जानकारी लेते हुए रात्रि में श्रद्धालुओं के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गयी। उन्होंने तालाब छठ घाट पर पानी की गहराई की जानकारी स्थानीय मुखिया पति मुन्ना राम से ली तथा एहतियात के लिए छठ पूजा समिति के लोगों को निगरानी करने की सलाह दी। थाना प्रभारी ने श्रद्धालुओं से गहरे पानी में न जाने की अपील की। वहीं मुड़ल टोला युरिया नदी छठ घाट पर आयोजित देवी जागरण कार्यक्रम को लेकर समिति के लोगों को मुकम्मल लाइट तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि पवित्रता के इस महापर्व में 18 से 20 नवंबर तक सभी मीट, मछली की दुकाने बंद रहेगी। प्रखंड मुख्यालय के कई छठ घाटों पर भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की जा रही है जहां श्रद्धालु पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ प्राप्त कर सकेंगे। छठ महापर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है, चारों तरफ छठ गीतों की ध्वनि से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। छठ घाटों के निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता संजय भगत, समाज सेवी अजय प्रसाद गुप्ता, विनोद प्रसाद (लाला जी) सत्यम कुमार मल्होत्रा, मनोज जायसवाल, चंदन जायसवाल, सतीश प्रसाद, हेमंत कालिया, दीपू, विशाल, विवेक, शशिकांत, सहित कई लोग थे।

## छठ महापर्व को देखते हुए नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण अभियान



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को देखते हुए नगर पंचायत के द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया। यहां अभियान बंशीधर मंदिर मुख्य मार्ग से शुरू होकर नगर उंटारी थाना तक जा कर समाप्त हुआ। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी के निर्देश पर नगर प्रबंधक रवि कुमार ने छठ महाकाल को देखते हुए गुरुवार को मेन रोड एनएच 75 से अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया । उन्होंने ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। मेन रोड एनएच 75 पर जो भी दुकानदार अपने दुकान के सामने बाहर में सामान निकाल कर रखते हैं वह नहीं निकालेंगे । ठेला-खुमचा लगाने वाले एनएच 75 से पिछे हटकर लगाएंगे और बीएसएनल एक्सचेंज से नगर उंटारी थाना तक कोई भी वाहन चालक अपनी टेंपो, चार पहिया वाहन बेवजह यहां वहां खड़ी नहीं करेंगे।

## मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किये जाने पर कार्यक्रम आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मझिआंव।** केंद्रीय नीति आयोग के द्वारा मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किये जाने को लेकर शुक्रवार को प्रखंड के खरसोता पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर पहुंचे भारतीय प्रशासनिक सेवा संयुक्त सचिव सह निदेशक जितेंद्र श्रीवास्तव स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय जन संवाद किया गया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रहे विभिन्न बुनियादी ढांचे की जानकारी ली और विकासात्मक कार्य को तेजी लाने को सख्त निर्देश दिया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा,पेयजल, पेंशन,



राशन, बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि, किसानों के लिए केसीसी लोन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्गत गोल्डन कार्ड, पीएम आवास, सहित सरकार की सभी तरह की महत्वाकांक्षी योजनाएं की बिंदुवार जानकारी ग्रामीणों से रूबरू होकर प्राप्त किया। इसके अलावे उन्होंने कई विभागों का जायजा लिया तथा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी जिला उपायुक्त शेखर जमुआर से प्राप्त किया। उन्होंने आकांक्षी कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए आगे की रन नीतियों के बारे में बताया और साथ ही गरीबी उन्मूलन, मानव विकास, सामाजिक विकास, आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर जिला उपयुक्त शेखर जमुआर, डीआरडीए के निदेशक दिनेश सुरीन, डीडीसी राजेश कुमार राय, पंचायत मुखिया रीता देवी, सीडीपीओ अवध बिहारी यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, सीएचसी केंद्र के स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ, बीईओ विद्यासागर मेहता, थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित सहित पीएचडी के कार्यपालक पदाधिकारी सहित सभी विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा से है झारखंड की पहचान: निदेशक

जीएन कांवेंट स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस पर बच्चों को दी गयी जानकारी। सबसे पहले कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्र. केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उप-प्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित और भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती और अपना राज्य झारखंड के पावन मौके पर आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं।



**निबंध प्रतियोगिता में**
ग्रुप अ में आर्या चौबे (वर्ग-5) प्रथम, नागेन्द्र कुमार (वर्ग-6) द्वितीय तथा रोशन दुबे (वर्ग-7) तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम- आदित्य प्रकाश (वर्ग- 9) द्वितीय - आर्या पांडेय (वर्ग-9) तृतीय -भाष्कर तिवारी (वर्ग-7)

**क्वीज प्रतियोगिता**
प्रथम- ग्रुप-3 (आयुष कश्यप, नेमत खान, आयुष कुमार, शशि विश्वकर्मा, द्वितीय- ग्रुप- 4 (शौर्य प्रकाश, अमित कुमार, भाष्कर तिवारी, प्रतीक तिवारी, तृतीय ग्रुप- 2 (आदित्य प्रकाश, अमृतेश राज, अनुपम कुमार, राजन कुमार)।

भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के अमर वीर शहीदों और आंदोलनकारियों में अग्रणी थे। उनके संघर्ष और शहादत को चिरकाल तक याद किया जाता रहेगा। उन्होंने आदिवासियों का अंग्रेजों द्वारा किये जा रहे शोषण के खिलाफ अपने जीवन को बलिदान कर दिया। उसी का परिणाम है कि वे आज भी एक निर्विवाद नेता के रूप में जाने जाते हैं। बेशक वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी कृतियां उन्हें अमरत्व प्रदान कराती है। बिरसा मुंडा इतना लोकप्रिय थे कि उनको सिर्फ झारखंड में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में सम्मान के साथ याद किया जाता है। अपने कुशल संचालन एवं नेतृत्व के बल पर भूमिगत आंदोलन चलाकर अत्याचारी अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए। इन्हीं उपलब्धियों के कारण उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी तथा झारखंड के मसीहा के रूप में याद किया जाता है। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्वीज और चित्र-कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। चयनित छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश कुमार भारती, बीरेंद्र गुप्ता, सुनिता कुमारी, सुषमा तिवारी, सरिग दूबे, रिजवाना शाहीन, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही।

## भारत सरकार के मिशन निदेशक दो दिवसीय दौरे पर गढ़वा पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भारत सरकार के संयुक्त सचिव और मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सह- जिला प्रभारी पदाधिकारी दो दिवसीय दौरे पर गढ़वा पहुंचे। परिसदन भवन गढ़वा आगमन पर उपायुक्त शेखर जमुआर और उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर गढ़वा जिला आगमन पर उनका स्वागत किया गया। जिसके पश्चात परिसदन भवन गढ़वा के सभागार में श्रीवास्तव द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग भारत सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं की अद्यतन प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से विकसित



भारत संकल्प यात्रा को लेकर जानकारी देते हुए श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि यह योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जो कई चरणों में संपादित होगी, जिसका शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा झारखंड के खूंटी जिले से 15 नवंबर को शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत IEC वैन जिले के सभी पंचायतों का दौरा करेगी। जहां जमीनी स्तर की गतिविधियां होंगी। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी द्वारा पीएम किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग के कई इंडिकेटर समेत अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए प्रभारी पदाधिकारी द्वारा जिले में किसानों की संख्या के एवज में अब तक दिए गए किसानों को उक्त योजना संबंधित जानकारी ली गयी।

## आस्था का महापर्व : साफ-सफाई पूरी, छठ के भक्तिगीतों से गूंज उठे क्षेत्र

# नहाय-खाय के साथ सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू

आजाद सिपाही टीम

**खूंटी/पिपरवार/बुंडू।** नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुरू हो गया। व्रतियों ने पूर्ण शुद्धता के साथ कद्दू भात का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही लोक आस्था के पर्व छठ को लेकर तैयारियों ने और जोर पकड़ लिया। जिला मुख्यालय के राजा तालाब, साहू तालाब और चौधरी के तालाब के अलावा अन्य छठ घाटों की साफ-सफाई लगभग पूरा हो चुका है। प्रशासन के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा छठ घाटों की सफाई की गयी। हर ओर छठ के गीत गुंजने लगे हैं। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। शनिवार को खरना और रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार को उदयाचल सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन होगा।



लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ हो चुका है।





पहले दिन कद्दू-भात का प्रसाद ग्रहण करती छठ व्रति महिलाएं।

### छठ महापर्व की भक्ति में डूबा पिपरवार कोयलांचल

पिपरवार कोयलांचल और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा शुक्रवार से नहाय खाय के साथ प्रारंभ हुआ। पूरा कोयलांचल क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। शुक्रवार को व्रतियों ने घर की सफाई करते हुए स्नान कर कद्दू-भात का प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को खरना है, जिसका बड़ा महत्व माना जाता है। इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा छठ व्रतियों के घर जाकर महाप्रसाद ग्रहण किया जाता है। दूसरी ओर, बचरा सपही नदी स्थित छठ घाट की साफ-सफाई कराई गई। स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के अलावे कई पंचायत प्रतिनिधि और समाजसेवी के द्वारा छठ घाट की साफ की गई। पिपरवार क्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार ने बचरा छठ घाट का निरीक्षण कर साफ-सफाई की जानकारी ली। बचरा छठ घाट में लाईटिंग सहित अन्य बातों को लेकर चर्चा की।

### छाता नदी घाट पर स्थापित होगी सूर्यदेव की प्रतिमा

तोरपा में सामूहिक रूप से छाता नदी स्थित घाट पर व्रती और श्रद्धालु भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करते हैं। छठ घाट पर श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी। फ्रेंड्स क्लब के बैनर तले स्थानीय युवा छठ घाट की साफ सफाई से लेकर रोशनी की व्यवस्था की गयी। क्लब के सदस्य दीपक तिग्गा, सावन महतो, प्रणय जायसवाल, विक्की, सोनू, भानू, ऋषभ साड़ंगी आदि ने बताया कि इस वर्ष भी छठ घाट पर सूर्यदेव की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। छठ घाट की सफाई, बिजली की समुचित व्यवस्था, घाट में महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, छठ घाट पहुंचने वाले मार्ग को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। वहीं, बुंडू प्रखंड में भी आस्था का महापर्व छठ का लौकी भात का प्रसाद ग्रहण करते के साथ शुरू हो गया। इस पर्व में स्वच्छता एवं पवित्रता का पूर्ण ध्यान रखा जाता है।

### खलारी में नहाय खाय के साथ शुरू हुआ महापर्व छठ



**खलारी (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। व्रतियों ने नहा धोकर स्वच्छता से शुद्ध चुल्हे पर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी बनाईं। भगवान सूर्य को भोग लगाने के बाद खुद ग्रहण किया। इसे प्रसाद स्वरूप परिजनों और आस पड़ोस के बीच बांटा गया। व्रतियों के घर और चौक-चौराहों पर छठ गीत बजने शुरू हो गए है। प्रसाद बनाने के लिए व्रतियों के परिजन आम की लकड़ी ढूंढते दिखे। महाअनुष्ठान के लिए पवित्रता से गेहूं धोकर सुखाया गया।

# भगवान बिरसा मुंडा जैसे महापुरुष सदियों में पैदा होते हैं: विकास मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** इंसान के रूप में भगवान का दर्जा भगवान बिरसा मुंडा को दिया गया है। ऐसे महापुरुष सदियों में पैदा होते हैं। इनके बारे में जितना कहा जाए कम है। उक्त बातें तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहीं। वे बुंडू प्रखंड के बारूहातु गांव स्थित तिरिलडीह बिरसा मोड मैदान पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपने इतिहास की जानकारी रखनी चाहिए। समारोह में जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल, डॉ वासवी किड़ो, झारखंड राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य बंधन तिग्गा, मांडर के धर्म गुरु रवि तिग्गा, राजी पड़हा प्रार्थना सभा के सचिव प्रेम बोध मुंडा, मुंडारी भाषा के लेखक नियरेन हेरेंज, जोरोंग समिति के संस्थापक पूर्वी सिंहभूम नारायण उरांव, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष शिव शंकर कांडयार, टाटा स्टील फाउंडेशन के फील्ड मैनेजर जयराम बांसमहली, अनगड़ा के पूर्व जिपा सदस्य रंजीत लोहरा, स्वास्थ्य विभाग की उपसचिव दुर्गावती ओड़ेया, समाजसेवी सतनारायण मुंडा, सुधीर किस्कू, जगदीश लोहरा, धूर्वा जगन्नाथपुर कॉलेज के प्रोफेसर हुब लाल बिरहोर, बुधराम बडाईक, रेखा देवी, मुखिया बारुहातू विमला देवी, उप मुखिया बारुहातू गुरुवा उरांव, और पंसस आदि शामिल थे। इस कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य दल आदिवासी कला मंच मुईसूडीह, आदिवासी कला संस्कृति मंच रूम्बुल पार्टी गितिलडीह और आदिवासी मूलवासी सांगोम गोट बारूहातु की ओर से नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखन सिंह मुंडा और संचालन कर्म सिंह मुंडा ने किया। मौके पर कुंवर सिंह मुंडा, एतवा मुंडा, विष्णु मुंडा, लागरा मुंडा, नंदकिशोर मुंडा, सुखराम मुंडा, कृष्णा उरांव, दुबराज पातर, राम पातर, बुधराम बडाईक, कालीचरण मुंडा, जादू मुंडा, बनमली मुंडा, डॉ घासीराम मुंडा, गुरुवा लोहरा, जंगल सिंह मुंडा. कुंजल पाहन, बुधू पाहन, सोमरा पाहन आदि उपस्थित थे।

### कल्याण गुरुकुल के छात्रों को दुबई में मिली नौकरी, डीसी ने दिया नियुक्ति पत्र

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी लोकेश मिश्र ने शुक्रवार को कल्याण गुरूकुल के अंतरराष्ट्रीय बैच के चयनित छात्रों के बीच रोजगार संबंधित नियुक्ति पत्र वितरण किया। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की एसपीवी के तौर पर कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित खूंटी कल्याण गुरुकुल में स्टील बार बेंडर ट्रेड में अंतरराष्ट्रीय स्तर के दो महीने के सफल प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों को डीसी द्वारा नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया। डीसी ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रेझा फाउंडेशन द्वारा बताया गया कि सभी छात्रों की नियुक्ति दुबई स्थित रेडीफिक्स मीडिल ईस्ट एलएलसी में हुआ है। सभी प्रशिक्षु 18 नवंबर को दुबई-अबूधाबी के लिए प्रस्थान करेंगे। बताया गया कि पैन आइआइटी एलुमनी फाउंडेशन, झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की एसपीवी के रूप में 28 कल्याण गुरुकुल, आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज व एक आइटीआइ कौशल कॉलेज संचालित है।

# वृद्ध की डंडे से पीट कर पत्थर से कूच कर हत्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के सायको थानांतर्गत कूड़ापूर्ति गांव निवासी मंगरा पहान (60) नामक वृद्ध की अज्ञात अपराधियों ने गुरुवार की देर रात उसके घर के समीप ही लाठियों से पीट कर और पत्थरों से कूच कर हत्या कर दी। इस बाबत मृतक की नतिनी सिन्नी कंडीर के बयान पर सायको थाने में शुक्रवार को अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच एवं हत्यारों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार मृतक का कोई बाटा नहीं है। वह अपने घर में अकेला रहता था। उसकी देखभाल तमाड़ क्षेत्र में रहनेवाली उसकी 19 वर्षीय नतिनी सिन्नी कंडीर किया करती थी। बताया गया कि शुक्रवार की सुबह उसकी नतिनी सिन्नी कंडीर जब नाना मंगरा पहान का हालचाल जानने उसके घर कूड़ापूर्ति आई, तो देखा कि नाना का घर खुला हुआ है और घर में कोई नहीं हैं। इस पर घर के बाहर जब उसने अपने नाना की खोजबीन की तो देखा कि घर से लगभग 20 मीटर की दूरी पर एक खेत में उसके नाना का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद अन्य ग्रामीणों सहित सायको थाना की पुलिस को घटना की जानकारी दी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई और पड़ताल के बाद शव को उठाकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया। सूत्रों के अनुसार मृतक झाड़ फूंक का काम किया करता था। समाचार भेजे जाने तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं चल सका है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर लिया जाएगा।

## बुंडू में माकपा के उलगुलान रैली में उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब, आंदोलन की भरी हुंकार

# झारखंड से शुरू होगा एक और उलगुलान: डॉ अशोक धावले








आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** मौसीबाड़ी में शुक्रवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की विशाल उलगुलान महारैली का आयोजन हुआ। पूरा इलाका लाल झंटे से पाट दिया गया था। इससे पहले हजारों लोग एसएसहाई स्कूल के निकट जुटें और रैली निकालकर लाल झंडा लेकर सभा स्थल पर पहुंचे। विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। वहीं, माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य और अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक धावले ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की धरती से ही हमारे राष्ट्रीय आंदोलन की शुरूआत हुई थी। 1855 में सिदो-कान्हो के नेतृत्व में आयोजित संताल हूल ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की आधारशिला रखी थी। लेकिन आज झारखंड की जमीन, जंगल और खनिज की लूट हो रही है। कार्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। इसलिए एक और उलगुलान की तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठ बोलते हैं। केंद्र में जुमलेबाजी की सरकार काबिज है। अब तक किसी के खाते में 15 लाख रुपये नहीं आए। जबकि नरेंद्र मोदी ने केंद्र की सत्ता में काबिज होने से पहले देश वासियों को बड़े-बड़े वादे किए और सपने दिखाए। मंहगाई चरम पर पहुंच गई है। पेट्रोल 40 रुपए से 105 रुपये पहुंच गया। रसोई गैस की कीमतें 400 रुपये से एक हजार रुपये तक पहुंच गयी। अब तक छह करोड़ लोगों की नौकरी चली गयी। उन्होंने महाराष्ट्र के किसान लांग मार्च की चर्चा करते हुए बताया कि 50 हजार किसानों ने नासिक से 200 किलोमीटर दूर मुंबई के लिए कूच किया जिससे महाराष्ट्र की भाजपा सरकार घबरा गई और किसानों की सभी मांगों को मान लिया। मोदी सरकार भी किसान आंदोलन से घबड़ा कर तीन कृषि कानूनों को वापस ले लिया। वहीं, पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि हेमंत सरकार को अपने घोषणाओं के अनुरूप प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना चाहिए, ताकि घोषणाओं को धरातल पर उतारा जा सके। राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा ने स्थानीय जनमुद्दों जिसमें अनुमंडल अस्पताल की व्यवस्था सुधारने, नगर पंचायत की अक्षमता और अन्य जनमुद्दों की चर्चा की। तमाड़ पूर्वी अलग प्रखंड व बीरबांकी अलग प्रखंड की मांग को लेकर एक और उलगुलान करने की बात कही गयी। कहा कि हक-अधिकार के लिए बुंडू और राजभवन मार्च किया जायेगा। अड़की प्रखंड में विभिन्न मांगों को लेकर घेराव करेंगें। तमाड़ विधानसभा में विकास के नाम पर लूट जारी है। इसके खिलाफ उलगुलान की शुरूआत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामधन मछुआ व संचालन दिवाकर मुंडा ने किया। इस मौके पर सुरेश मुंडा, माकपा राज्य कमेटी सदस्य एवं तमाड़ विधानसभा प्रभारी सुफल महतो, अध्यक्ष राज्य किसान सभा माकपा के सुखनाथ लोहरा, जिला सचिव समीर दास, सचिव प्रकाश विप्लव, गणेश मुंडा, अमल पांडे, विना लिंडा, रंगोंवती देवी, जहरू लाल मुंडा, रंजीत मोदक, मंगल मुंडा, उमेश महतो, भवन सिंह, प्रकाश टोप्पो, मधुवा कच्छप, यदुगोपाल सिंह मुंडा, परफुल लिंडा, वीरेंद्र सिंह, समीर दास, जहरू लाल मुंडा, मंगल मुंडा, नीलकात सिंह मुंडा, मधु कच्छप आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका ध्यान रखें: नीलकंठ



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने शुक्रवार को खूंटी और मुरहू के कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। मौके पर प्रखंड की प्रमुख एलिस ओड़ेया, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने खूंटी विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंड विकास पदाधिकारियों खूंट, कर्रा और मुरहू के अलावा खूंटी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया है कि महापर्व शुरू होने के पूर्व में ही सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त हो जानी चाहिए। इसके कुछ दिन पूर्व विधायक ने खुद जिला मुख्यालय के छठ घाटों का निरीक्षण किया था और छठ घाटों की सफाई करने का निर्देश दिया था। विधायक ने कहा कि छठ घाटों और घाट जानेवाले रास्तों में व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### सहायिका-सेविकाओं के रिक्त पदों को भरने की दिशा में कार्रवाई करें अधिकारी : उपायुक्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। इस दौरान समाज कल्याण के तहत जिले में संचालित विविन्न योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। डीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडीस बाड़ा को निर्देशित किया कि जिलें में आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका और सेविकाओं के रिक्त पदों को भरने की दिशा में यथाशीघ्र कार्रवाई करें। उन्होंने आदि आर्दश ग्राम योजना के तहत जिले में निर्माण किये जा रहे भवनों के निमार्ण स्थलों का दौरा कर निर्माण कार्य की गुणवता का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। डीसी ने निर्देश दिया कि कुपोषण उपचार केंद्रों में उपलब्ध बेड के अनुरुप भरा रहना चाहिए। कुपोषण के शिकार बच्चों के उपचार में कोताही हरगिज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अड़की प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को खूंटी सिविल सर्जन से संपर्क कर प्रखंड मुख्यालय में कुपोषण उपचार केंद्र को यथाशीघ्र चालू कराने की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया।

### फसल प्रदर्शन सह कटाई दिवस का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र निकटवर्ती बुंडू पंचायत के खपिया गांव में यूएस एग्रिसीड्स धान कंपनी की ओर से किसानों के बीच फसल प्रदर्शन सह कटाई दिवस का आयोजन किया गया। इसमें हजारीबाग के सेल्स ऑफिसर मनोज कुमार एवं क्षेत्रीय किसान सलाहकार बिनोद सिंह उपस्थित थे। मनोज कुमार ने किसानों के बीच यूएस एग्रिसीड्स के यूएस 362 को 25 वर्ग मीटर काटा गया और अन्य धान को भी 25 वर्ग मीटर को काटा। यूएस 362 का उत्पादन लगभग 27 क्वींटल प्रति एकड़ और अन्य धान का उत्पादन 18 क्वींटल प्रति एकड़ आया। दोनों धान के बीच यूएस 362 अन्य धान के अपेक्षा 9 क्वींटल प्रति एकड़ ज्यादा उत्पादन देखा गया। जिसे देख कर किसान बहुत उत्साहित हुए और आने वाले खरीफ सीजन में युएस 362 शंकर धान को लगाने को लेकर वादा लिया। मौके पर बुंडू पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो, किसान बोधन महतो, लखपति महतो, बिजल महतो, कुलदीप महतो, भरत महतो, गणेश महतो, मुकुंद महतो, चंदन महतो, रंजीत महतो, अशोक महतो, टेकलाल महतो, कृष्णा महतो, बिगन बेक आदि थे।

### बुंडू में दो बाइक की भिड़ंत, एक की मौत



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय के समीप शुक्रवार की शाम 4.30 बजे दो बाइक की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।उसकी पहचान दीपक मुंडा (35) के रूप में हुई है। वह राहे प्रखंड के इडिसेरेंग का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार इस दिन दीपक अपने घर से बाइक से बुंडू स्थित अपने मामा मानकी मुंडा के घर अपने बेटे के अन्नप्राशन की खबर देने जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे दीपक मुंडा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर बुंडू पुलिस पहुंच गयी। बाइक एवं घायलों को बुंडू हॉस्पिटल लाया गया, जहां दीपक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

### एसडीएम ने राहे में की अंचलकर्मियों के साथ बैठक

**राहे (आजाद सिपाही)।** बुंडू एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो ने शुक्रवार को राहे प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। एसडीएम ने वन पट्टा के प्रगति की जानकारी ली और भूमि विवाद को लेकर अंचल स्तर में समाधान करने को कहा। दाखिल खारिज को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। राहे अंचल में लेंड सिडिंग को लेकर काफी आवेदन लंबित है इसको लेकर आवश्यक निर्देश दिए। हाथी से फसल नुकसान से सबंधित आवेदन को तत्काल निष्पादित करने को कहा। इस दौरान जिला परिषद सदस्य और उप प्रमुख ने भी मुलाकात कर जमीन समस्या पर चर्चा की। कहा कि हमारा प्रयास आम जनता को सुलभ सेवा देने की है। भूमि विवाद में बेवजह लोग परेशान ना हो इसकी समीक्षा की गई। मौके पर सीआई, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### मुखिया संतोष महली के नेतृत्व में करायी गयी धमधमिया छठ घाट की साफ-सफाई

**खलारी (आजाद सिपाही)।** धमधमिया छठ घाट की सफाई की गई। मुखिया संतोष महली के नेतृत्व में युवकों ने छठ घाट की सफाई कराया। रोहिणी एवं पुरनाडीह परियोजना प्रबंधन से डोजर मशीन लाया गया और छठ घाट जाने वाले सड़क की मरम्मत की गई। वहां व्रतियों के लिए नदी में मशीन से पानी के लिए गढ्ढा भी बनाया गया। इस कार्य में पंसस सहदेव महली, शशि उरांव, रमेशर भोगता, गोपाल सिंह, उमेश लोहरा, गणेश मोदी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# नहाय-खाय का अनुष्ठान कर छठ महाव्रत का लिया संकल्प









आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सूर्य उपासना के चारदिवसीय छठ महापर्व की शुरूवात शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में नहाय खाय के साथ महाव्रत का अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। पहले दिन छठ व्रत करने वाले पुरुष व महिला परवैतिन ने अंतःकरण की शुद्धि के लिए जलाशयों में स्नान कर व्रत का संकल्प लिया। जहां परवैतिनों ने शुद्धता के साथ सेंधा नमक से बने चना दाल व कद्दू की सब्जी तथा अरवा चावल का प्रसाद बनाया। पूजा के पश्चात व्रतियों ने छठ व्रत का संकल्प लेकर खुद कद्दू भात का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों व स्वजनों के बीच कद्दू भात के प्रसाद का वितरण किया गया। वही नेम निष्ठा के महापर्व छठ व्रत को लेकर पूरा बेड़ो भक्तिमय हो गया है। वतीयों द्वारा गाए जा रहे छठ गीत से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। छठ घाट पर रोशनी की व्यवस्था किया जायेगा, छठ गीत कांच बांस के बहंगी लचकत जाए के गीत गुंजायमान हो रहे है। छठ व्रती महिला गेहूं चावल सूखा रही है। वही श्रद्धालु लोग दुकानों में घी, गुड़, चावल व अन्य सामानों की खरीददारी कर रहे है। छठ पूजा के दूसरे दिन खरना पूजा होगी। जिसमें वर्ती शाम में स्नान करने के बाद पूरे विधि-विधान से अरवा चावल, दूध और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद तैयार करेंगी। इसके बाद भगवान सूर्य की आराधना कर प्रसाद ग्रहण किया जाता है। छठ पूजा के तीसरे दिन वर्ती उपवास रखकर ठेकुआ बानाएंगी। और शाम में दैउरा ० सूप में ठेकुआ, फल व ईख समेत अन्य प्रसाद लेकर जलाशयों में पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य अर्पित करेंगे। पर्व के चौथे और अंतिम दिन वर्ती महिलाएं उदयीमान सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया जाता हैं। इसके बाद छठ की कथा सुनती है। और वर्ती घर लौटकर अन्न-जल ग्रहण कर पारण करती है। अपना व्रत तोड़ती है।

## नहाय खाय के साथ छठ अनुष्ठान आरंभ

**पिस्कानगड़ी।** नियम निष्ठा का महापर्व छठ को लेकर नगड़ी प्रखंड के सभी पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रो में काफी उत्साह है चार दिवसीय महापर्व का पहला दिन शुक्रवार को विधि विधान के साथ नहाय खाय का अनुष्ठान आरंभ हुआ नगड़ी, नारो, देवरी, साहेर, एड़चोरो, सपारोम, चिपरा, कुदलोंग, बलालोंग, उतरी दक्षिणी टुंण्डूल, लालगुटवा, और चेटे पंचायत के सैकड़ों छठवर्ती शुक्रवार को स्थानीय जलाशयों में स्नान ध्यान कर पूजा अनुष्ठान कर कद्दू भात बनाकर भगवान को भोग कराया तत्पश्चात लोगों के बीच कद्दू भात प्रसाद का वितरण किया। कल शनिवार को संध्या में छठवर्ती खरना पूजा कर भगवान भुवन सहित देवी देवताओं को वैदिक विधि विधान से भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जायेगा। इधर प्रखंड के कई तालाबों और नदी किनारे घाटों को लोगों ने साफ सफाई की नगड़ी के नया तालाब को सामाजिक संगठन हरि ओम छठ पूजा समिति के सदस्यों ने तालाबों के घाट और इसके किनारे को पूरी तरह सफाई कराया है नगड़ी नया तालाब में क्षेत्र के लगभग दो सौ छठवर्ती छठ पूजा का अनुष्ठान करते हैं इस वर्ष सामाजिक संगठन हरि ओम युवा छठ पूजा समिति के बैनर तले भव्य गंगा आरती का आयोजन किया है बनारस से पधारे कुल पांच आर्चाय गंगा आरती करेंगे। नगड़ी नया तालाब को साफ सफाई करने हरि ओम युवा छठ पूजा समिति के सदस्यो में आदित्य केसरी, मनीष केसरी उर्फ मंटू दीपक बैठा, आशीष केसरी, शंभू केसरी, रवि कुमार केसरी, राहुल चौधरी, अजित सोनी राहुल चौधरी कृष्णा शामिल हैं।









## लापुंग में चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के फतेहपुर में चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय खाए के साथ कदु भात का प्रसाद खाकर 36 घंटा का निर्जला उपवास शुरू होगा। आज गेंहू, आम लकड़ी और चावल को धोकर छठ व्रती सुखा ते देखा गया। आज छठ को लेकर सापुकेरा बाजार में फल व सब्जी की मांग काफी रही कद्दू पचास रुपए पीस तक बिका, मूली व गाजर के आलावे अन्य फल सब्जी महंगी रही। कल खरना का महा प्रसाद का पूजाकर प्रसाद का वितरण करेंगे करेंगे । साथ ठेकुवा बिना अधूरा रहेगा ठेकुवा का प्रसाद भी बनाया जायेगा । छठ का पर्व 19 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को लापुंग के फतेहपुर का कारो नदी, महुगाव लालगंज व लापुंग का भंगी नदी, मालगो व दोलैचा का बांध में, देवगांव व सहेदा में तालाब में अर्ध्य दिया जाएगा व 20 नवम्बर को उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर सुख शांति की कामना करेंगे सूर्य भगवान के छठ व्रती। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए लापुंग थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार सदल बल छठ घाट में मौजूद रहेंगे।

## नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ पूजा की जाती है। बिहार झारखंड व उत्तर प्रदेश में इस पूजा का काफी महत्व है। बिहार के लोग इस पर्व को खासा उल्लास के साथ मनाते है। शुक्रवार से चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। छठव्रती शनिवार की रात में खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास रखेंगी। छठव्रतियों ने साफ-सफाई कर गेहूं सुखाया। वहीं रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्ध्य और सोमवार को उदयीमान भगवान सूर्य को दूसरा अर्ध्य देने के साथ ही छठ पूजा संपन्न हो जायेगी। छठ पर्व शुरू होते ही बाजारों में शुक्रवार को खरना के लिये महाप्रसाद बनाने की सामग्री की खरीदारी छठव्रतियों और लोगों ने की। बाजारों में छठ पूजा को लेकर काफी चहल-पहल देखी गयी।

## छठ व्रतियों के बीच पीतल कड़ाही का किया गया वितरण

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व की शुरूआत हो चुकी है और इस पर्व से मन आस्था से भर जाता है। चार दिनों के इस पर्व के लिये महीनों पहले से तैयारियां कर लेते है। इस पर्व को लेकर उत्साह इतना होता है कि इस व्रत की कठिनाई महसूस ही नही होती है। इसी क्रम में नामकुम समाजसेवी सह राजद नेता बिनोद सिंह ने यशराज धर्मकांटा के समीप छठ व्रतियों के बीच पीतल के कड़ाही का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि छठ पर्व में पूजा सामग्री को खरीदने में जिन छठ व्रतियों को परेशानी होती है, वैसे लोगों के बीच पूजा सामग्री का वितरण करेंगे। मौके पर दर्जनों छठव्रती महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# सरकारी सहयोग नहीं मिला, तो निजी खर्च से जर्जर सड़क की करायी मरम्मत

**जर्जर सड़क के कारण बंद था बड़े वाहनों का आवागमन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** सरकारी सहयोग नहीं मिला तो जिप अध्यक्ष निर्मला भगत व आजसू नेता भरत कांशी ने लगभग आधा किलोमीटर जर्जर सड़क को अपने निजी खर्च से मरम्मत करा दिया। रातु प्रखंड मुख्यालय से एन एच 75 को जोड़ने वाली सड़क वर्षो से जर्जर थी। इस सड़क पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे बन गये थे की सड़क पर कई सालों से बड़े वाहनों का आवगमन बंद था। छोटे वाहन भी बड़ी मुश्किल से चल पा रहा था। इस रास्ते से होकर गुजरने वाले कई लोग दुर्घटना के शिकार भी हो चुके है। 10 वर्ष पहले सड़क का निर्माण किया गया था तब से आज तक मरम्मत का कार्य विभाग के द्वारा नहीं कराया गया है। सांसद व स्थानीय विधायक को कई बार इसकी जानकारी दी गयी थी। परन्तु इस रास्ते को बनाना जरूरी नही समझा। अंत में ग्रामीणों ने सड़क मरम्मती की गुहार जिप अध्यक्ष निर्मला भगत व आजसू के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांशी से की। इसके उपरांत छठ पूजा को देखते हुये शुक्रवार को ब्लॉक ब्लॉक चौक से लेकर एनएच 75 को जोड़ने वाली लकगभग आधा किलोमीटर सड़क का मरम्मती कार्य कराया। जिससे छठ व्रतियों को कोई परेशानी नही हो। व लोगों को प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय से आवागमन हो सके। सड़क मरम्मती के बाद ग्रामीणों में खुशी का लहर है। लोग इस सराहनीय कार्य की काफी तारीफ कर रहे है। सड़क मरम्मति में जिप अध्यक्ष निर्णला भगत,आजसू नेता भरत कांशी के अलावा आजसू के केंद्रीय सदस्य चिंटू मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य सलगी उरांव, सुशील घोष, योगेंद्र महली, धनेश महली, सनी सिंह, विजय, चेतन गोप, विशाल, राजेश शर्मा, बबलू सिंह, प्रदीप, रमेश तिवारी, संतोष, विवेक, रोहित, उज्ज्वल तिवारी, मुकेश सिंह एवं स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी को लेकर हुई बैठक

**दसवीं बार मुख्य संरक्षक के रूप में चुना गया कांके प्रमुख सोमनाथ मंडा**

**ऑपनिंग मैच 13 दिसंबर को एवं फाईनल मैच 30 दिसंबर को खेला जाऐगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** 10वीं सद्भावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी 2023 का बैठक शुक्रवार के दिन सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में पूर्व मुखिया राजेश पहान के अध्यक्षता में की गयी। बैठक का संचालन शिवधर रजवार के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ऑपनिंग मैंच 13 दिसंबर 2023 को और फाइनल मैच 30 दिसंबर को खेला जायेगा। मैच में प्रथम पुरस्कार-150000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार -100000 रुपये और सेमी फाइनलिस्ट को बीस बीस हजार रुपए दिया जायेगा। सद्भावना चैंम्पियन फुटबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन के लिए कमिटी का पूर्ण गठन किया गया। इस सद्भावना चैंम्पियन फुटबॉल ट्राफी में लगातार 10वीं बार मुख्य संरक्षक के रूप में कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा को सर्वसम्मति से चुना गया। कमेटी में, अध्यक्ष -राजेश पहान, सचिव -प्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष-फारुक खान, कार्यकारी अध्यक्ष-बलराम साहू, रथुवा मुंडा, उपाध्यक्ष-श्याम सुन्दर बेदिया, महावीर भोगता, चिंता साहू, जयनन्दन सिंह, प्रवक्ता-शिवधर रजवार, मीडिया प्रभारी-अजय भोगता, सहसचिव-मनोज पाहन, चरण बेदिया, गुलफाम आलम संरक्षक-पारसनाथ भोगता, जितेंद्र सिंह पटेल, मोहशीन खान, चमरू बेदिया, नंदलाल राम, सलखु महतो, संजय महतो, मनी मुंडा, प्रेम किशोर महतो, मदन महतो, राजेंद्र बेदिया, प्रकाश लकड़ा, मुंतजिर अहमत रजा, अनिल कुमार महतो, नीलमोहन पाहन, लक्ष्मण सैनी, सूरज प्रकाश, अजय महतो, साहेबराम भोगता, युगेश महतो, गुलाम रसूल, दिनेश महतो, अजगूत करमाली मैदान संरक्षक-भोला करमाली, अशोक रजवार, संजय करमाली, रवि करमाली, मणिनाथ भोगता, लाल मोहन भोगता, सलाहकार मंडली -फरीद खान, बलराम कुमार साहू ,बबलू अंसारी, रिजवान अंसारी, चिकित्सक डॉ गोपाल महतो, व्यस्थाक नसीम अंसारी ,मुकेश यादव, जगदीश रजवार, आदि का चयन किया गया। विशेष जानकारी के लिए कमेटी के सचिव प्रकाश यादव, सम्पर्क नंबर 8083771482 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 7 घंटे से बुढ़मू रांची वाया ठाकुरगांव मुख्यपथ जाम भूख से बिलखते नजर आये महिलाये और बच्चे



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** मुड़मा में हुए मूर्ति खंडित मामले पर बुढ़मू मे भी इसका जबरदस्त असर देखा गया, ग्रामीणों व बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने सुबह 7 बजे से ही बुढ़मू ब्लॉक चौक, ठाकुर गांव बैंक मोड़ तथा उमेडंडा दुगार्मंडप के समीप बुढ़मू रांची मुख्य पथ को जाम कर दिया। और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध भी नारेबाजी किया। लगातार 7 घंटे जाम मे फंसे सैकड़ो वाहनों का दोनों छोर पर कतार लग गया लोगो का आवागमन पुरी तरह से बाधित हो गया। वहीं जामकर्ताओ ने प्रखंड मुख्यालय बुढ़मू को भी नहीं छोड़ा वहां भी बैरिकेटिंग कर कर्मचारियों के प्रवेश वर्जित कर दिया। दुरी और जाम मे फंसे कई यात्री काफी परेशान दिखे जिसमे कई बच्चे व ज्यादातर महिलाये शामिल थी जो छठ व्रत करने के लिए अपने गणतंव्य स्थान की और जा रही थी। जाम मे फंसे कई महिलाये बच्चे भूख से बेहाल नजर आये लगातार सुबह 7 बजे से लेकर 2 बजे तक 7 घंटे जाम के दौरान जमकर्ताओ द्वारा नारेबाजी कर आसपास के सभी दुकानों को भी बंद करवा दिया इस दौरान प्रशासन मुकदर्शक बनी रही।

## बेड़ो में आये दिन हो रही चोरी से ग्रामीण परेशान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में आए दिन चोर किसी न किसी को निशाना बना रहे हैं। कभी घर में चोरी तो कभी किसानों के खेत में सिंचाई के लिए लगे समरसेबल की चोरी हो रही है। हालत यह है कि चोर मस्त, जनता त्रस्त और पुलिस पूरी तरह पस्त नजर आती दिख रही है। वहीं थाना क्षेत्र के बेड़ो छापर टोली में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने प्रदीप महतो पिता देवचरण महतो के घर में लगभग दो बजे रात में घर में घुसकर मोबाइल व पानी मशीन को चोर कर ले गए। वहीं चोरों ने सुरेश महतो पिता रामेश्वर महतो के घर में रखे पानी मशीन की चोरी कर ली। चोरों ने राजू महतो के घर के आंगन में रिक्सा में 10 किलोग्राम अदरक को भी चोरी किया और लेकर चंपत हो गए इधर चोरों ने मनोज महतो पिता रामेश्वर महतो के साइकिल को ले भाग रहे थे तभी जंगल की ओर आ रहे ग्रामीणों ने देखा चोरों को देखकर हल्ला किया तो चोरों ने साइकिल छोड़ कर भाग निकले। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व भी बेड़ो बस्ती से दो घरों से चोरों ने चावल व आटे की चोरी हुई थी।

## आदिवासी जल-जंगल और जमीन के लिए अपनी जान भी न्योछावर किये : बिरीश मिंज



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोदाग पंचायत में शुक्रवार को सोहराई जतरा मेले का आयोजन किया गया। जतरा मेला में पारंपरिक परिधानों के साथ मांदर नगाड़ा के साथ आये विभिन्न अखाड़ा के लोगों ने जतरा में जमकर नृत्य किया। महोत्सव में करम गीत से लेकर जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिरीश मिंज उपस्थित थे। उन्होंने महोत्सव को संबोधित करते हुये कहा कि आदिवासी निष्कलंक होते है। आदिवासी जल जंगल और जमीन के लिये अपनी जान भी न्यौछावर की है। कई वीर महापुरुष इस जाति में पैदा हुये। जतरा में नामकुम प्रखंड के विभिन्न गांवों से आये खोड़ा (नृत्य करने वाला ग्रुप) के कलाकारों ने नृत्य प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को सम्मानित भी किया गया।

## दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाये : गंगोत्री कुजूर



**रांची।** भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि हमारे मांडर विधानसभा (रांची जिला) के अन्तर्गत मुड़मा गांव में चार मंदिरों महावीर मंदिर, छोटा बजरंगबली मंदिर, बुड़ा महादेव मंदिर व मडाई देवी मंडप में असमाजिक तत्वों द्वारा मूर्तियों को विखण्डित किया गया। जिसकी जितनी भी निंदा की जाय कम है।

# जतरा और फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के खरसीदाग मैदान में शुक्रवार को बिरसा जंयती के अवसर पर 52 पड़हा जतरा सह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मैच चंदा घासी बनाम खरसीदाग के बीच खेला गया। जिसमें चंदाघासी की टीम 1 गोल से विजेता बनी। जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव एवं विशिष्ट अतिथि आजसू नेता प्रकाश लकड़ा के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही नृत्य मंडली को भी पुरस्कृत भी किया गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। मौके पर भाजपा नेता मुन्ना बड़ाईक, पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, महिला पड़हा अध्यक्ष शुशीला भूटकुमार, जिला परिषद सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, कुटियातू मुखिया निशा उरांव, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, डुगरी मुखिया जीता कच्छप, सुरेश नायक, मरियम लकड़ा, एतवा तिर्की, रवि टोप्पो, रवि सिंह, शक्ति सिंह, सुंदरी तिर्की, बच्चन बड़ाईक के साथ गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता खेलगांव में शुरू



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंर्तगत राज्य स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरूवार को राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जेएसएसपीएस के मुकुल टोपनो और सूरज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। रांची के खेल गांव के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में 16 और 17 नवंबर 2023 तक आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी 24 जिलों के बालक और बालिका प्रतिभागी भाग ले रहे है।

## छठ व्रतियों के स्वागत के लिए सज धज कर तैयार है ओरमांझी डोमा नदी का घाट



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चार दिनों तक चलने वाली सूर्योपासना का महापर्व छठ शुक्रवार से नहाए खाए के साथ ही शुरू हो गया शनिवार को छठ व्रती खरना पूजा करेंगे। भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के लिए नदी तालाबों को साफ कर सजाया जा रहा है। इस बार ओरमांझी के मुखिया दीपक बड़ाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी के पहल पर डोमा नदी छठ घाट में सीढ़ी का निर्माण कराकर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नव निर्मित सीढ़ी के साथ डोमा नदी छठ घाट छठ व्रतियों के स्वागत के लिए आतुर हो रहा है। रविवार को अस्ताचल गामी सुर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। सोमवार सुबह उदयागामी सुर्य को अर्घ्य के साथ ही सूर्योपासना का यह महापर्व संपन्न हो जायेगा। सीढ़ी निर्माण में चकला मुखिया शिवनाथ मुंडा ने भी अपना योगदान दिया है। छठ घाट के सीढ़ी निर्माण से लेकर साज सज्जा में संतोष कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, शशि मेहता, आनन्द महतो, दीन दयाल लोहरा के संग ग्रामीणों का योगदान रहा है।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और मानव चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने कमांडेंट एसडी शेरखाने के नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत कई जनकल्याणकारी योजनाएं वाहिनी मुख्यालय क्षेत्र में चलायी जा रही है। इस क्रम में स्थानीय ग्रामीणों के उत्थान और उन्हें मुख्य धारा में लाने हेतु शुक्रवार को चिलदाग गांव में एसएसबी और सदर अस्पताल रांची के संयुक्त तत्वावधान में मोतियाबिंद और मानव चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सिविल सर्जन डॉ प्रभात, नेत्र सहायक संदीप, सीएचसी अनगड़ा के डॉ शकुंतला, मनीषा और 26वीं वाहिनी के कमांडेंट (चिकित्सा) डॉ एएफ खान नें कुल 62 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिए। मौके पर कमांडेंट डॉ एएफ खान ने कहा कि एसएसबी द्वारा समय समय पर ग्रामीण इलाकों में जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करती है। जिससे काफी संख्या में लोग लाभान्वित होते हैं। आगे भी एसएसबी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने के प्रति तत्पर रहेगी। उन्होंने मौजूदा समय में कई तरह की फैलने वाली अज्ञात बिमारियों व महामारी से बचाव के लिए सामाजिक दूरी बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ एएफ खान नें चिकित्सा शिविर में आए लोगों के बीच आवश्यक दवाओं का वितरण किया।

## सुपुर्दे खाक हुए माउंट हेरा पब्लिक स्कूल के निदेशक



**ओरमान्झी (आजाद सिपाही)।** माउंट हेरा पब्लिक स्कूल के निदेशक बबलू उर्फ आफताब अंसारी लंबे समय तक बीमारी से जूझने के बाद गुरुवार दोपहर को दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनकर परिजन सहित पूरा प्रखंड मर्माहत है। मृदुल, हंसमुख व मिलनसार स्वभाव के कारण प्रखंड में उनकी अपनी एक अलग ही पहचान थी। शुक्रवार को असर के नमाज के बाद बब्लू उर्फ आफताब अंसारी को सुपुर्दे खाक किया गया। जनाजे में काफी संख्या लोग शामिल हुए। खिजरी विधायक राजेश कच्छ्प, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, सत्तार अंसारी, इंतियाज ओहदार, सफीउल्ला अंसारी शोक संतप्त परिवार को ढ़ांढ़स बंधाने पहुंचे ।

**महापर्व : छठ व्रतियों के बीच निःशुल्क पूजन सामग्री का वितरण**

# भगवान भास्कर परिवार और शहर पर कृपा बनाये रखें : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से नागरिक मंच के नेतृत्व में चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब प्रांगण छठ व्रत करने वाले हजारों श्रद्धालुओं के बीच छठ सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर मौजूद प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि श्रद्धा एवं आस्था से मनाय जाने वाला यह हिंदुओं का सबसे महान पर्व है। इसे शहर के सभी लोग मिलजुल कर मनाते हैं। हम सब सूर्य की आराधना कर अपने परिवार एवं समाज की सुख-शांति की कामना करते हैं। मैं भगवान भास्कर से कामना करती हूं कि हमारे परिवार एवं शहर पर अपनी कृपा बनाए रखें। इस अवसर पर चैनपुर नागरिक मंच के सदस्य काशी प्रसाद कमलापुरी, वीरेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सुरेश कुमार, अशोक दास, दिनेश कमलापुरी, पप्पू कुमार, चंदू कमलापुरी आदि उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से प्रथम महापौर को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश गुप्ता ने किया। जबकि कोयल रिवर फ्रंट में प्रसाद वितरण कार्यक्रम में झारखंड चेंबर के रीजनल उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद, विक्रम सिंघानिया, पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा, चेंबर उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद अग्रवाल, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, आलोक माथुर, रितेश कुमार, प्रदीप कुमार बाबूल, रिंकू दूबे, सुधांशु शेखर, सुनील गुप्ता, सुबोध गुप्ता, प्रेम जयसवाल, विक्रांत सिंघानिया, राजीव उपाध्याय, नीरज कुमार, अरविंद अग्रवाल, मनीष भिवानिया, सरदार भूपेंद्र सिंह, पुनीत कुमार, बद्री प्रसाद अग्रवाल, संजय भगत आदि सदस्यों ने संयुक्त रूप से प्रसाद वितरण किया। जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि सह चेंबर सदस्य विजय ओझा ने किया।


छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण करती प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

# योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का आवंटन करें: बीडीओ

- योजना का मुख्य उद्देश्य सरकार की विकास योजनाओं से ग्रामीणों को लाभावित करना : प्रखंड प्रमुख
- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रभारी बीडीओ रणबीर कुमार ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी व अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता भी मौजूद थे। बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का आवंटन करें। उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों से भी इस योजना का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को जागरूक करके योजना का लाभ दिलाने की अपील की। कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम हुसैनाबाद प्रखंड में 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजन किया जाना है। इसमें अलग-अलग स्टॉल लगा कर लोगों से आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। साथ ही लोगों की शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन भी किया जाएगा। वहीं, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं से ग्रामीणों को लाभावित करना योजना का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों से योजनाओं के चयन में पारदर्शिता बरतने की बात कही। इस मौके पर बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा, बड़ा बाबू मो शमीम, आवास कोऑर्डिनेटर बिपिन कुमार सिंह, प्रभारी एमओ मनोज कुमार, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, वशिष्ठ तिवारी, मनरेगा सहायक अभियंता अमित मेहता, कनीय अभियंता अभिषेक कुमार, नीरज गुप्ता, शिवनाथ राम, प्रखंड कोऑर्डिनेटर राजू रंजन आदि मौजूद थे।


बैठक में शामिल बीडीओ, सीओ , प्रखंड प्रमुख व अन्य।

# निवर्तमान नगर अध्यक्ष और कार्यपालक पदाधिकारी ने लिया छठ घाट का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नियम निष्ठा का महापर्व छठ पूजा को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में तैयारी अंतिम चरण में हैं। शुक्रवार को छठ व्रतियों ने महापर्व के प्रथम अनुष्ठान नहाय खाय की प्रक्रिया पूरी की। वहीं, छठ को लेकर पूजा सामग्री की बिक्री जोरों पर है। शहर के भगवान भास्कर छठ घाट, जमुहारी माई छठ घाट, पंच सरोवर समेत सभी छठ घाटों को विशेष रूप से सजाने को लेकर समिति के लोग सक्रिय हैं। भगवान भास्कर छठ घाट पर साफ-सफाई, रंग रोगन व रोशनी को लेकर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने स्थिती का अवलोकन किया। कार्यपालक बिपुल सन्नी ने बताया कि छठ व्रतियों के लिए हर सुविधा मुहैया कराई जा रही है। छठ व्रतियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर नपं कर्मी तत्पर हैं। वहीं, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि इस बार भी व्रतियों के लिए जरूरत की सामग्री उपलब्ध रहेगी। कहा कि छठ महापर्व को सफल बनाने में सबकी सहभागिता की जरूरी है। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, समाजसेवी मनोज शर्मा, राज अली, सुनील गुप्ता, संजीत कुमार, सुनील चौधरी आदि मौजूद थे।



# उत्तरी जिप सदस्य राजू मेहता ने किया छठ घाट का उद्घाटन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला परिषद के 15 वें वित्त आयोग मद से निर्मित हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द छठ का उद्घाटन उत्तरी जिप सदस्य राजू मेहता, पंसस अरविंद कुमार मेहता, मुखिया पति उपेंद्र मेहता आदि ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि इस छठ घाट से छठव्रतियों को पूजा-पाठ में काफी सुविधा मिलेगी। कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहा है। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर समाजसेवी सुरेश मेहता, रमेश मेहता, उदय यादव, अमित विश्वकर्मा, अजीत मेहता, धर्मेंद्र मेहता, दीपक चौधरी, श्याम किशोर चौधरी, आश्विनी पांडेय, पंकज मेहता, बसंत मेहता, मंटू शर्मा, प्रेमचंद गुप्ता, राजेंद्र चंद्रवंशी, चंदन गुप्ता, दिलीप विश्वकर्मा, सिद्धार्थ दूबे, रामसागर मेहता, उदय पासवान, माहेश्वरी मेहता, संजय विश्वकर्मा, औधेश पांडेय आदि थे।



# एसडीएम और एसडीपीओ ने हरिहरगंज नप क्षेत्र के छठ घाट का लिया जायजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर शुक्रवार को छतरपुर एसडीएम हीरा कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार, हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने हरिहरगंज नगर क्षेत्र के सियारभुका, कटैया छठ घाट का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि छठ पूजा लोक आस्था का महा पर्व है। चार दिनों तक चलने वाले महापर्व छठ के अवसर पर घर से लेकर छठ घाटों तक लोग साफ-सफाई का काफी ख्याल रखते हैं। उन्होंने बताया कि छठ घाट मे साफ सफाई, लाइटिंग,घाट तक पहुंचने के लिए रोड सहित विधि व्यवस्था को लेकर समिति के सदस्यों के साथ बातचीत किया गया। एसडीपीओ अजय कुमार ने शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने को लेकर पुलिस अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया है। उन्होंने समाज के हर प्रबुद्धजनों सहित युवा वर्गों से व्रतियों की सहूलियत के लिए अपील की है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह के सूचना मिलने पर प्रशासन को सीधे सूचना देने का काम समिति के सदस्य करेंगे। प्रशासन घाट पर पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी।

# जायसवाल टिंबर के नये स्थान से होगा लकड़ियों का वितरण: अमित

जायसवाल टिंबर में डीएफओ आज छठव्रतियों के बीच आम की लकड़ी का वितरण कर करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के रेडमा दो नंबर टाउन रोड स्थित जायसवाल टिंबर के नए स्थान परिसर में छठव्रतियों के बीच डीएफओ सौमित्र शुक्ला शनिवार की सुबह 11 बजे से सूखी आम की लकड़ियों का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने इसकी जानकारी दी। बताया कि अब उनका आरा मशीन (जायसवाल टिंबर) रेलवे की जमीन से हटाकर रेडमा-2 नंबर टाउन टीवीएस शोरूम के बगल में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दशक से जायसवाल टिंबर के सौजन्य से शहर के तिकोनिया गैरेज के निकट छठव्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ियों का वितरण किया जाता रहा है। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल एवं डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने संयुक्तरूप से बताया कि सामाजिक दायित्वों के तहत इस वर्ष छठ व्रतियों के बीच शनिवार को जायसवाल टिंबर के नए स्थान परिसर से सूखी आम की लकड़ियां वितरण करने का तिथि तय की गई है।

लोक आस्था एवं शुद्धता व पवित्रता का महान पर्व छठ व्रत पर जायसवाल टिंबर पिछले 30 वर्षों से व्रतियों के बीच सूखी हुई आम की लकड़ियां वितरित करते आ रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने बताया कि वितरण के समय व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसे ध्यान में रखते हुए वितरण की विशेष तैयारी व व्यवस्था कर ली गयी है। ताकि सभी व्रतियों को प्रसाद बनाने के लिए सुखी हुई आम की लकड़ियां उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने छठ व्रतियों से करबद्ध अनुरोध किया है कि उक्त निर्धारित समय पर पहुंचकर आम की लकड़ी प्राप्त कर उन्हें अनुगृहीत करें।




# छठ महापर्व को लेकर मांस- मंदिरा की बिक्री बंद करने की मांग

**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर राजीव कुमार रंजन ने छतरपुर थाना में सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र हजाम को ज्ञापन सौंपते हुए 17 से 19 नवंबर तक मांस, मछली और शराब पर पूर्णतया बंद रखने की अपील की है। पर्व के दौरान किसी भी असमाजिक तत्व पर विशेष ध्यान देने की भी मांग की गयी है। वहीं, सब इंस्पेक्टर ने आश्वस्त किया कि पर्व के दौरान महौल साफ-सुथरा रहेगा। प्रशासन मुस्तैद रहकर कार्य करेगी।

# रेल यूनियन और टीटीइ स्टाफ की ओर से छठ व्रतियों के बीच आम की लकड़ियों का वितरण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल यूनियन एवं टीटीई स्टाफ की ओर से छठ महापर्व को लेकर शुक्रवार को रेलवे कॉलोनी के नजदीक टीओपी 2 थाना के सामने माता कमला देवी चिल्ड्रन शेड में छठ व्रतधारियों के बीच 10 क्विंटल आम की लकड़ियों का वितरण किया गया। एडिशनल कलेक्टर सुजीत कुमार सिंह, टीटीई स्टाफ व रेल यूनियन के सभी पदाधिकारी संयुक्त रूप से आम की लकड़ी का वितरण किये। एडिशनल कलेक्टर सुजीत कुमार सिंह ने रेलवे यूनियन एवं टीटीई स्टाफ की ओर से पहल किए गए इस कार्य की सराहना की। कहा कि छठ महा पर्व है। व्रतियों के लिए आम की लकड़ी उपलब्ध कराना बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने खासतौर पर डीटीई इंस्पेक्टर बीएम पांडे को इस कार्य के लिए सराहना किया। वहीं, टीटीई धनबाद मंडल के उपाध्यक्ष सह रेल यूनियन के संयुक्त महासचिव इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने कहा कि छठव्रतियों को प्रसाद बनाने व हवन के लिये जितनी आम की लकड़ी की जरूरत वह उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी।

## स्पोर्ट्स



रांची के जेएससीए स्टेडियम में शनिवार से क्रिकेट के धुरंधरों का जमावड़ा होने जा रहा है। इस स्टेडियम में लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 आयोजित होने जा रहा है। जेएससीए स्टेडियम में पांच मैच होंगें, जिसका उद्घाटन इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा।

**पहल : लीजेंड्स लीग क्रिकेट रांची में पहला चरण शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार**

# मुनाफ पटेल, प्रवीण तांबे, हाशिम अमला, एंड्रयू लीपस व रमन रहेजा ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट की ट्रॉफी का किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** क्रिकेट की दुनिया एक भव्य पुनर्मिलन का गवाह बनने जा रही है, जहां दिग्गज क्रिकेटर मुनाफ पटेल, प्रवीण तांबे और हाशिम अमला के साथ एंड्रयू लीपस और रमन रहेजा बहुप्रतीक्षित सीजन की शुरूआत करने के लिए लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का शुक्रवार को रांची के जेएससीए स्टेडियम में पहुंचे। लीग में इरफान पठान की अगुवाई में भीलवाड़ा किंग्स और इंडिया कैपिटल्स एक दूसरे के खिलाफ भिड़ते हुए नजर आएंगे, जो प्रशंसकों को एक पुरानी यादों वाली यात्रा और क्रिकेट कौशल के शानदार प्रदर्शन का यादगार बनायेगा। टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को बोलते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर मुनाफ पटेल ने कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट देश की सबसे बड़ी लीग में से एक है। रांची में लीग शुरू करने के बारे में बात करते समय केवल एक ही नाम दिमाग में आता है, मेरे कप्तान एमएस धोनी। जिस स्टेडियम के पवेलियन पर भी उनका नाम है, वह निश्चित रूप से देश के सर्वश्रेष्ठ स्टेडियमों में से एक है। ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के मुकाबले के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम वास्तव में उत्साहित हैं और आईसीसी विश्व कप के फाइनल में भारत की जीत की उम्मीद कर रहे हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट, की छह-टीम टूर्नामेंट भारत के पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विजाग और सूरत में 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक खेला जाएगा। बहुप्रतीक्षित सीजन की शुरुआत शनिवार को भीलवाड़ा किंग्स और इंडिया कैपिटल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबले के साथ होगा। पिछले सीजन के फाइनल की पुनरावृत्ति हुई, जहां इंडिया कैपिटल्स प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतकर विजयी हुई। भीलवाड़ा किंग्स के पास एक शक्तिशाली टीम है जिसमें क्रिकेट के दिग्गज और उभरती प्रतिभाएं शामिल हैं। इरफान और युसूफ पठान की विस्फोटक बल्लेबाजी जोड़ी, शेन वॉटसन की रणनीतिक क्षमता के साथ मिलकर टीम को एक गतिशील बढ़त देती है। रयान साइडबॉटम और इकबाल अब्दुल्ला जैसे गेंदबाजों वाला आक्रमण विरोधियों को चौकन्ना रखने का वादा करता है। इंडिया कैपिटल्स अनुभवी प्रचारकों और उभरते सितारों का एक जबरदस्त संयोजन पेश करता है। प्रवीण तांबे, एशले नर्स और अनुभवी फिडेल एडवर्ड्स की उपस्थिति से टीम की गेंदबाजी मजबूत हुई है।

स्टार स्पिनर प्रवीण तांबे ने कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट क्रिकेट के प्रति आनंद और जुनून को फिर से जीने का एक मंच है। इंडिया कैपिटल्स प्रतिभा से भरी टीम है और मैं इस यात्रा का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वहीं, लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सीईओ और सह-संस्थापक रमन रहेजा ने कहा कि हम शनिवार से शुरू होने वाले एक रोमांचक और शानदार सीजन की उम्मीद कर रहे हैं। हम इस अवसर का उपयोग अपने प्रशंसकों को भारी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं और सभी मैच के लिए स्टेडियम पैक होने की उम्मीद कर रहे हैं।

22 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 19 मैच खेले जाएंगे जो कि बेहद रोमांचक होगा। रांची के बाद, 24 नवंबर को देहरादून में स्थानांतरित हो जाएगी, जहां भीलवाड़ा किंग्स का सामना गुजरात जायंट्स से होगा, जो सीजन का छठा मैच होगा।

छह टीमें : इंडिया कैपिटल्स, भीलवाड़ा किंग्स, गुजरात जाइंट्स, मणिपाल टाइगर्स, सदर्न सुपर स्टार्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।


ट्रॉफी का अनावरण करते क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी।

# ठाकुरबाड़ी में 22 जनवरी को विराजमान होंगे रामलला, राम-जानकी चौक का शिलान्यास




**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** कोटखास ठाकुरवाड़ी चौक का नामकरण श्रीराम जानकी चौक के रूप में विधिवत्त पूजा अर्चना के साथ शुक्रवार को किया गया। श्रीराम जानकी चौक के बोर्ड का अनावरण हनुमत लाल के ध्वजारोहण साथ पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आशा देवी, मुखिया जूली सिंह, कुराईन पतरा की मुखिया पूनम देवी, समाज सेविका सुबी जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि जिस दिन अयोध्या में रामलला विराजमान होंगे उसी तिथि (22 जनवरी 2024) को ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में नए सिरे से राम दरबार सजाकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा होगी। मौके पर सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, संरक्षक पंडित सतीश मिश्रा, बलकेश पासवान, मुनेंद्र नाथ दूबे, रिटायर्ड सूबेदार मेजर सुबा सिंह, ठाकुरवादी मंदिर के प्रबंधक ओमप्रकाश सोंडिक, संदीप कुमार, गौतम सिंह, शशि सिंह, पप्पू सिंह, अंजनी सिंह, मनोज मिश्रा, सुभाष मिश्रा, ज्ञानुराई संदीप विश्वकर्मा, वशिष्ठ पासवान, सुनील पासवान आदि मौजूद थे।

**आस्था का महापर्व :** छठ पर ट्रेन से यूपी-बिहार जानेवाले यात्रियों की उमड़ रही भीड़, बढ़ी परेशानी

# नहाय-खाय के साथ आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू

- ट्रेनों में सवार होने के लिए करनी पड़ रही कड़ी मशक्कत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नहाय खाय के साथ चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार से शुरू हो गया। व्रतियां सुबह सवेरे उठकर अपने नजदीकी तालाब और नदी में जाकर स्नान किया। उसके बाद कद्दू भात बनाने की प्रक्रिया में जुट गई। चारों ओर गूंजते छठ के गीतों ने पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। इसी के साथ छठ घाट सहित गली मोहल्ले की सड़कों की साफ-सफाई करने के साथ ही लाइट्स लगाकर रोशन करने का कार्य तेज हो गया है। वहीं धनबाद नगर निगम व जिला प्रशासन भी कमर कस कर पूरी तरह तैयार है।

## बढ़ी फलों की कीमतें, फिर भी बाजार गुलजार

महापर्व को लेकर बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। बरवाअड्डा स्थित कृषि बाजार से लेकर जिले के प्रमुख बाजारों में खरीदारों में भीड़ उमड़ रही है। थोक मंडी में दिन-रात दूसरे प्रदेशों से फलों से लदी गाड़ियों के आने का सिलसिला दीपावली से ही शुरू है जो अब तक जारी है।

## थोक मंडियों में इस वर्ष 15 फीसदी बढ़े फलों के दाम





कद्दू-भात का भोग लगाती छठ व्रती। कद्दू भात ग्रहण करती बोकारो विधायक बिरंची नारायण की पत्नी नीना नारायण।

### इस वर्ष धनबाद की थोक मंडी में बिकनेवाले फल के भाव

नारियल : 19-22 रु. प्रति पीस
केला : 200-500 रु प्रति काधी
घाघर नींबू: 390 से 420 रु. बोरा
अमेरिकन सेब : की छोटी पेटी 450 से 800 रुपये
अमेरिकन सेब की बड़ी पेटी 800 से 1200 रुपये प्रति पेटी
डिलक्सन सेब : की छोटी पेटी 400 से 500 रुपये
डिलक्सन सेब की बड़ी पेटी 800 से 1000 रुपये
संतरा : 700 से 1200 रुपये प्रति पेटी थोक मंडी में बिक रही।



फल व्यापारियों की मानें तो पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष फलों की कीमत 15 प्रतिशत बढ़ी है।

## स्नान को दामोदर में व्रतियों की भीड़

महापर्व छठ के पहले दिन शुक्रवार की सुबह दामोदर और बराकर नदी में स्नान के लिए व्रतियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने सुबह सवेरे ही नदी के तट पर जाकर स्नान कर भगवान भास्कर की उपासना कर इस महापर्व की शुरूआत की। झरिया के मोहलबनी स्थित दामोदर नदी तट, महुदा में दामोदर नदी तट, चिरकुंडा, मैथन और टुंडी के बराकर नदी तट में व्रतियों की भीड़ जुटी। वहीं, प्रशासन भी सतर्क दिखा।

## ट्रेन से बिहार जाने वाले यात्रियों को हो रही परेशानी, उमड़ रही भीड़



छठ को लेकर ट्रेन से बिहार अपने घर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हालात ऐसे हो गए हैं रेलवे की सारी तैयारी फीकी पड़ रही है। ज्यादातर ट्रेनों में जनरल बोगी कम होने की वजह से स्लीपर में भी भीड़ उमड़ रही है। ट्रेनों में सवार होने के लिए लोगों को जद्दोजेहद करते देखा जा रहा है। लोग आपातकालीन खिड़की का सहारा लेकर ट्रेन में घुस रहे हैं। खास कर बच्चे और महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर, सुरक्षा के लिहाज से जीआरपी और आरपीएफ पूरी तरह एलर्ट मोड पर है। ट्रेनों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# मैथन ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर शुक्रवार को मैथन ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें मैथन ओपी प्रभारी विकास यादव के साथ सर्किल इंस्पेक्टर नयन सुख दादेल, एग्यारकुंड सीओ कृष्णा मरांडी व एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार एवं छठ पूजा कमेटी-शांति समिति के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन हरेंद्र सैनी ने किया। वहीं, अध्यक्षता कर रहे बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने छठ पूजा कमेटियों से चर्चा करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से महापर्व मनाने की अपील की। कहा कि मैथन भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है। यहां के छठ घाटों में काफी भीड़ होती है। इसलिए छोटे-बड़े वाहनों को छठ घाटों तक ना ले जायें। घाट तक पैदल ही जाएं, ताकि छठ व्रतियों और अन्य लोगों को किसी प्रकार की सुविधा ना हो। वहीं, मैथन ओपी प्रभारी विकास यादव ने कहा कि असामाजिक तत्व पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

# सोशल मीडिया पर की किशोरी से दोस्ती, फिर बनाया शारीरिक संबंध

- पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी को भेजा जेल
- नाबालिग लड़की की मां की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय एक नाबालिग लड़की से बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। पीड़िता की मां ने चतरोचट्टी थाने में लिखित शिकायत की थी, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। इस संबंध में थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर पोक्सो एक्ट के तहत कांड संख्या 33/2023 दर्ज किया गया है। आरोपी गोमिया थाना क्षेत्र के तुलबुल ग्राम निवासी विक्की प्रजापति पर चतरोचट्टी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा कि सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) के जरीये विक्की प्रजापति का चतरोचट्टी क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की से दोस्ती हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे के साथ अपना मोबाइल नंबर शेयर किया। आरोप है कि पहली बार विक्की ने उस लड़की को उसके घर में अकेला पाकर बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाया। जब लड़की ने विरोध किया तो आरोपी ने किसी को इस बात की जानकारी देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त घटना के बाद विगत 14 नवंबर को विक्की ने पुनः लड़की को गोमिया बुलाया और रेलवे स्टेशन के समीप झाड़ी में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। विक्की जब लड़की को छोड़ने के लिए चतरोचट्टी क्षेत्र उसके घर गया तो शंका होने पर गांववालों ने उसका पीछा करते हुए जरकुंडा में जाकर पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर विक्की ने लड़की के साथ संबंध स्थापित होने की बात स्वीकार की।

## 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जीपीएस सेक्टर-5 में साइंस फॉर सोसाइटी की ओर से आयोजित 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की ओर से नए बाल वैज्ञानिकों की खोज एवं शिक्षा के अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर झारखंड राज्य के 18 प्रोजेक्ट 17 स्कूलों में से 13 स्कूल का चयन वरीय वर्ग में पांचवें स्तर के लिए एवं कनीय वर्ग में छठे स्तर के लिए किया गया। इस अवसर पर 13 स्कूलों में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो की कक्षा 9वीं की छात्रा अभिनेत्रा एवं सुश्री गायन का चयन हुआ। उनकी परियोजना, जिसका शीर्षक फसल से शिल्प तक-गन्ने की खोई से कागज का उत्पादन करना। सफल प्रतिभागी दिसंबग महीने में रांची के पुंदाग स्थित एसआर डीएवी स्कूल में आयोजित होने वाले एनसीएससी कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रोजेक्ट मार्गदर्शन शिक्षक के रूप में स्वरूप कुमार नाथ ने सहयोग किया। वहीं, प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं0–12/2023-24 (द्वितीय आमंत्रण) पी०आर०नं० Pr. No. 310020 & 310299 Drinking Water and Sanitation(22-23)-D प्रकाशित की गई थी, परन्तु सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग द्वारा निर्गत सरकार के सचिव का ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में Online Tender व्यवस्था में Tender Fee तथा Earnest Money Deposit का भुगतान Online पद्धति से सम्पन्न किया जाना है।

अतः तत्काल इस निविदा को स्थगित किया जाता है। शीघ्र ही पुर्ननिविदा प्रकाशित की जाएगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गोन्दा, राँची।

PR.NO.311527 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–32/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.11.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.11.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.11.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of Post Construction Anti Termite in Judicial Commissioner Residence at Kanke Road,Ranchi | 139950.00 | 2800.00 | 500.00 | One Months |
| 2 | Renovation of C type No.-195/33 at Hinoo, Ranchi | 558800.00 | 11200.00 | 1250.00 | Two Months |
| 3 | Renovation work of Gazetted Quarter No.-A7 Occupied by MD. Faheem Kirmani (Deputy Registrar Protocol ) at Doranda Bazar, Ranchi | 1303750.00 | 26100.00 | 2500.00 | Two Months |
| 4 | Construction of Septic Tank, Laying Sewerage Line, Paver Block Laying and Other Miscellaneous work in the Campus of Residence No.-1 at Booty Road, Ranchi | 1449500.00 | 29000.00 | 2500.00 | Two Months |
| 5 | Renovation of B type Quarter No.-B/15, Block No.-3 at High Court Colony, Behind Indira Palace, Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 320900.00 | 6500.00 | 750.00 | 45 Days |
| 6 | Renovation of B type Quarter No.-B/14, Block No.-3 at High Court Colony, Behind Indira Palace, Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 220250.00 | 4500.00 | 500.00 | One Months |
| 7 | Renovation of B type Quarter No.-B-3 and B-14 at High Court Colony, Behind Indira Palace, Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 371350.00 | 7500.00 | 750.00 | Two Months |
| 8 | Renovation of B type Quarter No.-B-13 at High Court Colony, Behind Indira Palace, Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 331860.00 | 6700.00 | 750.00 | Two Months |
| 9 | Renovation of D type Quarter No.-3, Block-1, Hinoo Ranchi (High Court Pool) | 1191500.00 | 23900.00 | 2500.00 | Two Months |
| 10 | Renovation of B type Quarter No-44 at Near Seth Sita Ram School, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 382800.00 | 7700.00 | 750.00 | Two Months |
| 11 | Renovation of A type 12 Set Quarter No.-1/12 at Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 217750.00 | 4400.00 | 500.00 | One Months |
| 12 | Renovation of A type 12 Set Quarter No.-4/12 at Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 199150.00 | 4000.00 | 500.00 | One Months |
| 13 | Renovation of Judge Bangalore No.-05 (Under the Occupation of Hon'ble of Mr. Justice Ananda Sen) with entire Painting, replacement of windows, Provision of Bamboo Structures & Shed, repairing of fractured chequared tiles in the campus with other miscellaneous work at Near A.G. More, Daranda Ranchi (High Court Pool) | 4887400.00 | 97800.00 | 5000.00 | Three Months |
| 14 | Renovation of B type Quarter No.-16/24 at New Police Line, Kanke Road Ranchi (Re-Tender) | 389379.00 | 7800.00 | 750.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR.NO.311533 Building(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–06/2023–.24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 24.11.2023 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 25.11..2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 25.11.2023 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary wall at UPG Middle School Kandthari , Block - Barkagoan Dist- Hazaribag | 998500/- | 20000/- | 1250/- | 03 माह |
| 2 | Construction of Boundary wall at UPG M. school MAHUGAIN KALAN Block- Barkagoan Dist- Hazaribag | 1101100/- | 23000/- | 2500/- | 03 माह |
| 3 | Construction of Boundary wall at UPGM. school Naya Tand Block-Barkagoan Dist- Hazaribag | 967400/- | 20000/- | 1250/- | 03 माह |
| 4 | Construction of Boundary wall at UPG M. school Sirma Block-Barkagoan Dist- Hazaribag | 1763100/- | 36000/- | 5000/- | 03 माह |
| 5 | Construction of Boundary wall at UPG High school Khairiyo Block-Barkatha Dist- Hazaribag | 3582700/ | 72000/- | 5000/- | 03 माह |
| 6 | Construction of Boundary wall at Primary school chak Block-Chouparn Dist- Hazaribag | 3337400/ | 67000/- | 5000/- | 03 माह |
| 7 | Construction of Boundary wall and Main Gate, Middle School in Campus Hesalong , Block- Dari at Hazaribag for the year 2023-24 | 1367938/- | 28000/- | 2500/- | 03 माह |
| 8 | Construction of Boundary wall and Main Gate, Middle School in Campus Alounja , Block- Ichak at Hazaribag for the year 2023-24 | 1561600/- | 32000/- | 5000/- | 03 माह |
| 9 | Construction of Boundary wall and Main Gate, Middle School in Campus kurha Block-Ichak at Hazaribag for the year 2023-24 | 1174300/- | 24000/- | 2500/-- | 03 माह |
| 10 | Construction of Boundary wall and Main Gate, Primary School in Campus Purnadih , Block- Ichak at Hazaribag for the year 2023-24 | 851485/- | 18000/- | 1250/- | 03 माह |
| 11 | Construction of Boundary wall of Govt. Primary School Jeruwadih, Tatijhariya, Block- Tatijhariya Dist- Hazaribag | 2790300/- | 56000/- | 5000/- | 03 माह |
| 12 | Construction of Aanganbadi Kendra, Gauriya, Panchayat- Gauria karma , Block- Barhi Dist- Hazaribag | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 माह |
| 13 | Construction of Aanganbadi Kendra ,Gauriya form, Panchayat- Gauria karma , Block- Barhi Dist- Hazaribag | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 माह |
| 14 | Construction of Aanganbadi Kendra ,Mini Painiya par, Panchayat- Kedarut , Block- Barhi Dist- Hazaribag | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 माह |
| 15 | Construction of Aanganbadi Kendra ,Kheroun, Panchayat- Kedarut, Block- Barhi Dist- Hazaribag | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 माह |
| 16 | Construction of Aanganbadi Kendra Hathganda, Panchayat- Bhandaro , Block- Barhi Dist- Hazaribag | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 माह |
| 17 | Construction of Aanganbadi Kendra, Mini purhara, Panchayat- Bhandaro, Block- Barhi Dist- Hazaribag | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 माह |
| 18 | Construction of Aanganbadi Kendra, Mini Tetriya Bhandaro, Panchayat- Bhandaro, Block- Barhi Dist- Hazaribag | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 माह |
| 19 | Raising of Boundary Wall of Principal District and Session Judge Hazaribag , | 2425100/- | 49000/- | 5000/- | 03 माह |
| 20 | Renovation of Building Sub -Division Office at Hazaribag | 1156100 | 24000/- | 2500/- | 03 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 311551 Building(23-24).D

**कार्यालय, हजारीबाग नगर निगम**

अति अल्पकालिन दर उद्धरण आमंत्रण सूचना संख्या– 30/2023–24

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत– Chair Bench with Hand rest With Installation हेतु मुहरबंद दर उद्धरण निर्माता, प्राधिकृत विक्रेता आपूर्तिकर्ता से आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नामः–प्रशासक, नगर निगम हजारीबाग।
2. दर उद्धरण प्राप्ति की तिथि स्थान एवं समय :– 05.12.2023 हजारीबाग नगर निगम प्रकोष्ट।(11:30 बजे पूर्वाहन से 2:00 बजे अपराहन तक)
3. दर उद्धरण खोलने का स्थान एवं समय :– हजारीबाग नगर निगम कार्यालय, दिनांक 05.12.2023 समय 3:00 बजे अपराहन

| क्रं० | विवरणी | मत्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | Chair Bench with Hand rest<br>Specification:- M-30 Grade of Concrete by Video Compaction process using accurately designed mould<br>Length- 1500mm<br>Width- 690mm<br>Height- 870mm | प्रति ईकाई | |

नोटः– उक्त दर उद्धरण को वेबसाइट http://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
नगर निगम हजारीबाग।

PR.NO.311557 Urban Development and Housing(23-24):D

**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा।**
Email Id- sportskoderma17@gmail.com

पत्रांक– दिनांक–

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1016 राँची, दिनांक 08.11.2023 के आलोक में जिला स्तरीय Thematic Competitions/ activities से संबंधित निम्नांकित प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28.11.2023 को बिरसा सांस्कृति भवन, कोडरमा में किया जाना है।

| Sr. No. | Component | Sr. No. | Activity |
|---|---|---|---|
| 1 | Culture | 1 | Group Folk Dance |
| | | 2 | Group Folk Song |
| | | 3 | Solo Folk Dance |
| | | 4 | Solo Folk Song |
| 2 | Life Skill | 5 | Story Writing |
| | | 6 | Poster Making |
| | | 7 | Declamation |
| | | 8 | Photography |
| 3 | Thematic | 9 | Thematic Competitions State Specific Theme |
| | | 10 | Any Government entry on given theme |
| 4 | Yuva Kriti | 11 | Handicraft |
| | | 12 | Textile |
| | | 13 | Agro Products |

उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक युवा दिनांक 25.11.2023 के अपराहन 2:00 बजे तक निम्नांकित प्रपत्र में भरकर अपना आवेदन कर्जन कोडरमा समाहरणालय अवस्थित जिला खेल कार्यालय, कोडरमा Email Id- sportskoderma17@gmail.com/नेहरू युवा केन्द्र, कोडरमा Email Id- nykkoderma@gmail.com@राष्ट्रीय सेवा योजना कोडरमा, में जमा कर सकतें है।

| Sr.No. | Name | Father's Name | Aadhar No. | Mobile No. | Address | Event Name | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, कोडरमा के मोबाईल नं0– 7992284418, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय, कोडरमा के मोबाईल नं0– 7985595871, नेहरू युवा केन्द्र, कोडरमा के मोबाईल नं0– 7717792905 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 311498 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 23-24 (D)

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## न्यूज रील्स

### श्रीमंदिर के नाट मंडप की मरम्मत का काम शुरू

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी श्रीमंदिर के नाट मंडप का मरम्मत कार्य आज से शुरू हो गया। बीम में दरार होने के कारण मरम्मत का कार्य एएसआइ द्वारा कराया जा रहा है। मरम्मत कार्य सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक किया जायेगा। मरम्मत से पहले लोहे की मचान लगाने का काम जारी। हाईकोर्ट ने नाट मंडप की मरम्मत का काम 120 दिनों के अंदर पूरा करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट की निर्देश के बाद गुरुवार की दोपहर मंदिर के नाट मंडप की मरम्मत के लिए श्रीमंदिर कार्यालय में आपात बैठक हुई। मरम्मत कार्य के लिए एएसआई को एनओसी जारी कर दी गयी है। इसके चलते एएसआई शुक्रवार से नाट मंडप की मरम्मत के लिए मचान बांधने का काम करेगी। बीम के नीचे की दरार को ठीक करने के लिए वे शुक्रवार से मचान बांधने का काम करेगी। एएसआइ को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक काम करने की इजाजत है। कार्तिक माह के लिए विशेष नीतियों और भक्तों की भीड़ के कारण प्रतिदिन 6 घंटे काम करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए वे समस्या को देखकर काम करेंगे। कार्तिक नीति पूरी होने के बाद वे काम में तेजी लाएंगे।

# आदिवासी भूमि हस्तांतरण का फैसला टला, मंत्रिमंडल के फैसले पर रोक

- इस फैसले के बाद कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने कड़ा विरोध किया था।

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** आदिवासी भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया पर प्रतिबंध। राजस्व मंत्री सुदाम मरांडी ने ट्वीट कर जानकारी दी। 14 नवंबर को कैबिनेट ने जमीन हस्तांतरित करने का निर्णय लिया। हालांकि कैबिनेट फैसले पर रोक लगा दी। राजस्व मंत्री सुदाम मरांडी ने बताया कि आदिवासियों भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया पर मंत्रिमंडल के फैसले को रोक दिया गया है। पिछले 14 नवंबर को आदिवासियों की जमीन के हस्तांतरण को लेकर कैबिनेट में फैसला लिया गया था। जिसका विपक्ष ने विरोध किया। कैबिनेट के फैसले के मुताबिक आदिवासियों की जमीन के हस्तांतरण के कानून में संशोधन किया गया। ताकि अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग कृषि, आवासीय मकान निर्माण, बच्चों की उच्च शिक्षा, व्यवसाय या लघु उद्योग स्थापित करने के लिए अपनी जमीन गिरवी रखकर ऋण ले सकें।

साथ ही, गैर-अनुसूचित जनजाति किसी व्यक्ति को संपत्ति हस्तांतरित कर सकती है।

इस मामले पर कैबिनेट के फैसले के बाद इस पर राजनीति गरमा गयी थी। इस फैसले के बाद कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने कड़ा विरोध किया था।

# क्रिप्टो कैपिटल घोटाला: 'यश वर्ल्ड' क्रिप्टो टोकन प्रमुख संदीप चौधरी गिरफ्तार, ओड़िशा सहित 8 राज्यों में धोखाधड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्रिप्टो कैपिटल स्कैम मामले में एक और गिरफ्तार। ईओडब्ल्यू ने यश वर्ल्ड क्रिप्टो टोकन मुख्य को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया। आरोपी संदीप चौधरी को आर्थिक अपराध शाखा ने जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया था। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन ने ईओडब्ल्यू के अनुरोध पर संदीप चौधरी के नाम पर लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। वह 15 तारीख को दुबई भागने की फिराक में था। इस बीच, ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन ने संदीप चौधरी को जयपुर एयरपोर्ट से हिरासत में ले लिया था। ओड़िशा की ईओडब्ल्यू टीम उन्हें जयपुर से गिरफ्तार कर 5 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर ला रही है। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में यश वर्ल्ड ओड़िशा के दो सदस्यों बसंत कुमार प्रधान और मनोज कुमार पटनायक को गिरफ्तार किया था। यश वर्ल्ड ने ओड़िशा में 200 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी की है, इस संस्था से ओड़िशा के 8 हजार से ज्यादा लोगों ने निवेश किए थे। यह संस्था भुवनेश्वर, खुर्दा, भद्रक, केंद्रापड़ा, जगतसिंहपुर, नयागड में काम कर रही थी। यश वर्ल्ड ने ओड़िशा समेत 8 राज्यों में धोखाधड़ी की है। देश में ढाई लाख से ज्यादा लोग इसकी धोखाधड़ी का शिकार हो चुके हैं कपुरी के स्वागत नाइक ने ईओडब्ल्यू में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। गिरफ्तार संदीप, बसंत, मनोज और संस्था ने ईओडब्ल्यू में अन्य लोगों द्वारा 85,000 रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत की थी।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित है आम जनता : लक्ष्मण सिंह



ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह।

- पूर्व आइजी ने बदडीहा में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, ग्रामीणों में हर्ष का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के डुमरडीहा पंचायत के बदडीहा ग्राम में शुक्रवार को पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह द्वारा ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। बता दें की पिछले तीन माह से ट्रांसफार्मर जल जाने से बदडीहा ग्राम के लोग अंधेरे में जीने को मजबूर थे। इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया संतोष साव तथा स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पूर्व आइजी सह भाजपा नेता को अपनी समस्याओं से अवगत करते हुए बताया कि पिछले तीन माह से अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। उक्त समस्याओं को सुनते ही भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने अविलंब ट्रांसफार्मर को बदलने का निर्देश दिया। इसके उपरांत महज 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। इसका उद्घाटन करते हुए पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड में समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। उद्घाटन के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस दौरान अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश साहा, ओपी सांसद प्रतिनिधि संजय यादव, मुखिया संतोष साव, महेश स्वर्णकार, परमानंद यादव, चिंतामणि कुशवाहा, अनवर अली, बिनोद ठाकुर, बिपिन चौधरी आदि उपस्थित थे।

# ट्रेनों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ट्रेनों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, एच.एस.बाजवा ने खोरधा रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का औचक निरीक्षण किया। पटाखे, गैस सिलेंडर, एसिड, पेट्रोल, मिट्टी का तेल आदि जैसी ज्वलनशील सामग्री ले जाने से रोकने के लिए यात्रियों के पार्सल और सामान की सरसरी तौर से जांच की गयी। पेंट्री कार स्टाफ द्वारा आग से बचाव के उपायों के पालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए ट्रेनों की पेंट्री कारों की भी जांच की गयी। अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गयी। निरीक्षण के दौरान, एच.एस.बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोडने यात्रियों से ट्रेनों में यात्रा करते समय सावधान रहने और कोई भी ज्वलनशील या विस्फोटक वस्तु न ले जाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि ज्वलनशील वस्तुएं ले जाने से आग लगने की घटनाएं हो सकती हैं और इससे यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रेनों के माध्यम से ज्वलनशील सामग्री ले जाने पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। आग की घटनाओं को रोकने के लिए मंडल, सभी रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में रेलवे सुरक्षा बल और वाणिज्यिक कर्मचारियों को शामिल करते हुए, लगातार निरीक्षण अभियान चला रहा है। आग से बचाव के लिए जिंगल बजाकर भी यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है।

# संबलपुर मंडल ने ट्रेन से ज्वलनशील पदार्थ ले जाने के खिलाफ अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** ट्रेन यात्रा के दौरान यात्री गाड़ियों में पटाखे, गैस सिलेंडर, एसिड, पेट्रोल, मिट्टी का तेल आदि जैसी ज्वलनशील और विस्फोटक वस्तुएं ले जाना रेलवे अधिनियम, 1989 के तहत दंडनीय अपराध है और अपराधी को 3 साल तक की कैद हो सकती है। रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह ने एक प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से यात्रियों से सावधान रहने और यात्री ट्रेनों में यात्रा करते समय अपने सह-यात्रियों को ज्वलनशील या विस्फोटक वस्तुएं न ले जाने देने का आग्रह किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अनूप गोरिंका भी उपस्थित थे। पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल ने यात्रियों को ले जाने वाली ट्रेनों में पटाखे ले जाने से रोकने के लिए अपनी तैयारी कर ली है। ट्रेन यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुओं को ले जाना सख्त मना है। पूर्व तट रेलवे ने संबंधित अधिकारियों को ट्रेन में यात्रा के दौरान यात्रियों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवानों वाली सुरक्षा शाखा को अलर्ट कर दिया गया है। इसके अलावा टीटीई, कोच अटेंडेंट, ट्रेन के गार्ड, स्टेशन मैनेजर और अन्य ऑनबोर्ड स्टाफ को भी सलाह दी गयी है कि वे ट्रेन यात्रियों को खतरे से बचाने के लिए अपराधियों पर नजर रखें। सह-यात्रियों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि यदि वे किसी यात्री को ज्वलनशील वस्तुओं के साथ देखते हैं, तो वे ऊपर उल्लिखित ऑन-ड्यूटी रेलवे स्टाफ को सूचित करें।

यात्री हेल्प लाइन नंबर 139 पर भी कॉल कर सकते हैं और ट्रेन में ज्वलनशील पदार्थ ले जाने से संबंधित किसी भी घटना की सूचना दे सकते हैं। रेल यात्रियों और रेल उपयोगकर्ताओं को ऐसी वस्तुओं को ले जाने के खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए कदम उठाए गये हैं। इसके अलावा, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल ने स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को सतर्क करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के समन्वय से रेलवे कर्मचारियों को तैनात करके औचक और औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं और पार्सल वैन में पार्सल या सामान लोडिंग की जांच करने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
BU Adding value since 2009
Distributors :
bathsense ESSESS Flowkem Glocera m-seal ASTRAL Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
(Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust )
GARHWA, JHARKHAND, 822114
Session 2023-24
Approved By PCI
Admission Going On
Limited Seats are vacant
Hurry Up
B.Pharm.
D.Pharm.
NEET Qualified only
BHMS
B.D.S. / M.D.S.
All Seven speciality
AIAPGET Qualified Only
M.D in Homoeopathy
1. Materia medica, 2.Organon of Medicine & Homoeopathic philosophy, 3. Homoeopathic Pharmacy, 4.Homoeopathic Repertory, 5. Practice of Medicine, 6. Pediatric, 7. Psychiatry.
Eligibility
10+2 or equivalent with PCB/PCM & Student must have attained age of 17 Years
Admission also open for B.Ed, D.El.Ed, B.Sc MLT, Paramedical
https://www.vananchaltrust.org/ vewt_garhwa@rediffmail.com
96614 62506 / 62062 97213 / 87895 54090

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी , दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबहः 07.00-10.00 से दोपहरः 03.00-8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पताः- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है। संपर्क करें। अपने बिजनेस को बढ़ाएंया नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है। आसान किस्तों पर उपलब्ध।
PERFECT AQUA
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163, 8340320390
Perfect Service
H.B ROAD KOKAR RANCHI, JHARKHAND

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**